सुप्रभात

रांची, रविवार

05.03.2023

नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 231




12 श्रद्धा कपूर ने एयरपोर्ट पर लगाये ठुमके


B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR

RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS

APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY

ESTD : 2007 BACET

Flagship Courses : B.Tech, BBA, BCA

Seat Booking Open for 2023

WHY CHOOSE US?

•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.

Contact us for Seat Booking on: 9955339035, 7982054031, 0657-2442553

www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in

City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001


## न्यूज डायरी

### अनूप बिरथरे बने रांची रेंज के डीआइजी

**रांची।** राज्य सरकार ने आठ आइपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इस संबंध में गृह विभाग ने शनिवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

**शुभ्रांशु बने रांची के सिटी एसपी**

जमशेदपुर के एसपी शुभ्रांशु जैन को रांची का सिटी एसपी बनाया गया है। वहीं, रांची रेंज के डीआइजी अनूप बिरथरे को बनाया गया है। लंबे समय से राजधानी रांची की ट्रैफिक एसपी के खाली चल रहे पद पर हरीश बिन जमी को तैनात किया गया है। रांची रेंज के आइजी पंकज कंबोज को एसीबी में तैनात किया गया है। प्रतीक्षारत रहे मनोज कौशिक को मुख्यालय आइजी बनाया गया है।

### भारतीय स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में राज्य के पांच खिलाड़ी

**रांची।** काठमांडू में इंटरनेशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 10 मार्च से 13 मार्च तक हो रहा है। तीन दिवसीय प्रतियोगिता काठमांडू के दशरथ इनडोर स्टेडियम में होगी, जिसमें भारत समेत कई देशों के खिलाड़ी होंगे। इंटरनेशनल स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में प्रतियोगिता के लिए झारखंड के पांच खिलाड़ी चुने गये हैं, जिसमें हेमा कुमारी, हिमा तिर्की, अशोक गुप्ता, रत्नेश कुमार एवं शुभम साहू शामिल हैं। इन खिलाड़ियों को 10 को काठमांडू में रिपोर्ट करना है।

### झारखंड की तीन महिलाएं राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली के विज्ञान भवन में शनिवार को रांची जिले के कांके प्रखंड की पिठोरिया पंचायत की मुखिया मुन्नी देवी को सम्मानित किया। उन्हें अपने पंचायत में पेयजल एवं स्वच्छता के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मनित किया गया है। इधर, जल शक्ति अभियान के तहत 'कैच द रैन' में कोडरमा प्रखंड की जरगा पंचायत के कंझाटांड़ की पार्वती देवी, सिंगल यूज प्लास्टिकमुक्त ग्राम में मरकच्चो के अरकोसा की पूजा देवी को सम्मान प्राप्त हुआ है।

### सिसोदिया की जमानत पर सुनवाई 10 मार्च को

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति में कथित अनियमितता के आरोप में गिरफ्तार पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत शनिवार को दो दिन बढ़ा दी। अब जमानत पर सुनवाई 10 मार्च को होगी।



**होली है...** झारखंड विधानसभा में शनिवार को सदन की कार्यवाही खत्म होने के बाद विधानसभा परिसर होलियाना माहौल में झूम उठा। सीएम हेमंत सोरेन भी इस होली मिलन समारोह में शामिल हुए। पारंपरिक होली गीतों के बीच उन्होंने झाल भी बजायी और लोगों को होली की शुभकामनाएं दी।

# होली से पहले राज्य के कई जिलों में होगी हल्की बारिश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में 8 मार्च को होली का त्योहार मनाया जायेगा। मौसम विभाग के अनुसार, होली पर्व के दौरान राज्य के एक दर्जन जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। 7 और 8 मार्च को राजधानी रांची, पलामू, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला समेत कम से कम 12 जिलों में कहीं-कहीं मेघ गर्जन के साथ हल्के दर्जे की वर्षा की होने की संभावना है। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के पास स्थित मौसम केंद्र ने मौसम का जो पूर्वानुमान जारी किया है, उसमें बताया है कि 8 मार्च को झारखंड के पूर्वी, दक्षिण-पश्चिमी तथा उससे सटे मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के दर्जे की वर्षा हो सकती है। इससे पहले, 6 मार्च को झारखंड के दक्षिणी, पश्चिमी और उससे सटे मध्य भागों में कहीं-कहीं आंशिक बादल छाये रहेंगे। उत्तरी-पूर्वी भागों में आसमान साफ रहेगा। साथ ही, इस हिस्से में यानी देवघर, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़ और साहिबगंज जिले में 6 मार्च तक मौसम शुष्क रहेगा। (शेष पेज 11 पर)

## लोबिन हेंब्रम ने सरकार को घेरा, कहा- सत्र में कैबिनेट मंजूरी अवमानना

# नियोजन नीति पर हंगामा

**झारखंड विधानसभा का बजट सत्र**

- भाजपा ने सीएम से वक्तव्य की मांग की, प्रश्नकाल किया बाधित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बजट सत्र के छठे दिन शनिवार को सदन में विपक्ष ने नियोजन नीति को लेकर जमकर हंगामा किया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा कि बजट सत्र के दौरान कैबिनेट में नियोजन नीति को पारित किया जाना अनुचित है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट से मंजूरी के बाद सदन में घोषणा नहीं करना अवमाननावाद का मामला बनता है। उन्होंने पूरे प्रकरण में सरकार से वक्तव्य की मांग की। इस दौरान प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने शेम-शेम कहा।

इसके बाद विपक्ष के हंगामे के कारण प्रश्नकाल पूरी तरह बाधित रहा। स्थिति यह रही कि स्पीकर को प्रथम पाली में दो बार सदन की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के कारण सदन में एक भी अल्पसूचित, तारांकित और ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा नहीं की गयी। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 12 बजे दिन तक के लिए स्थगित कर दी।

दोबारा सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने सरकार से नियोजन नीति पर जवाब देने की मांग की। भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि नियोजन नीति पर सीएम लगातार भ्रम फैला रहे हैं। पहले उन्होंने कहा था कि 1932 आधारित स्थानीय और नियोजन नीति पर कानूनी अड़चन आ सकती है। इसके छह महीने बाद विशेष सत्र बुलाकर 1932 आधारित स्थानीय और नियोजन नीति को सर्वसम्मति से सदन से पारित कराया। अब एक बार फिर कैबिनेट से नयी नियोजन नीति के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। कहा कि क्या सरकार सदन से ऊपर है। जो विषय सदन से पारित हुआ हो, उसपर संशोधन का अधिकार सदन को ही है। सरकार यहां के युवक-युवतियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। यही स्थिति रही, तो 2024 पार हो जायेगा और यहां के नौजवानों को कुछ नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि जबतक सरकार सदन में इस विषय पर जवाब नहीं देती है, तबतक विरोध जारी रहेगा। (शेष पेज 11 पर)

### ...और विपक्ष के बर्ताव से नाराज हो गये स्पीकर



द्वितीय पाली में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष वेल में पहुंच गया। इसके बाद भाजपा विधायक रिपोर्टिंग मेज को थपथपाने और वेल में आकर जोर-जोर से नारेबाजी करने लगे। विपक्षी विधायक सीएम हेमंत सोरेन इस्तीफा दो, युवाओं को ठगना बंद करो... के नारे लगा रहे थे। इस बीच, कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी और उमाशंकर अकेला ने वेल में आकर विपक्षी विधायकों का विरोध किया। विपक्षी विधायकों के इस आचरण पर स्पीकर रबींद्र नाथ महतो काफी नाराज हो गये। उन्होंने बार-बार विधायकों से मेज नहीं थपथपाने की अपील की। लेकिन, उनकी अपील को विधायक नजरअंदाज करते रहे। विपक्ष के आचरण से नाराज स्पीकर ने कड़ी टिप्पणी की। कहा कि आप लोग रिपोर्टिंग टेबल से हटकर हंगामा करें, नहीं तो बहुत कुछ हो सकता है। विपक्ष के हंगामे के बीच बजट पर चर्चा भी जारी रही। भाजपा के विधायकों ने चर्चा में भाग नहीं लिया। इधर, नियोजन नीति पर विपक्ष सदन में जोरदार हंगामा कर रहा था और दूसरी तरफ कृषि मंत्री बादल पत्रलेख और झामुमो विधायक दीपक बिरुआ सदन में सो रहे थे। विधानसभा के संतरी ने जाकर मंत्री बादल पत्रलेख को जगाया, तो विधायक मथुरा महतो ने विधायक दीपक बिरुआ को जगाया।

### भाजपा ने सदन के अंदर और बाहर किया विरोध

नियोजन नीति में किये गये संशोधन को विपक्ष हेमंत सरकार की विफलता मान रही है। इन मुद्दे को लेकर विपक्ष ने हेमंत सरकार पर लगातार निशाना साधा। भाजपा विधायकों ने विधानसभा के गेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा, सदन के भीतर भी भाजपा विधायकों ने सदन के भीतर नारेबाजी की। इसका नेतृत्व बिरंची नारायण, अनंत ओझा, भानुप्रताप शाही, रणधीर सिंह कर रहे थे।

# धनकुबेर वीरेंद्र राम पर दिल्ली में प्राथमिकी

- 100 करोड़ से अधिक मनी लांड्रिंग का है आरोप
- सचिन गुप्ता के नाम से बना था फर्जी पैन कार्ड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम और उनके सीए (चार्टर्ड अकाउंटेंट) मुकेश मित्तल समेत अज्ञात पर दिल्ली में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा में फर्जी पैन कार्ड के सहारे कंपनी बनाने और 100 करोड़ से अधिक की मनी लांड्रिंग के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की जांच में यह पता चला था कि श्री खाटू श्याम ट्रेडर्स, अनिल कुमार गोविंद राम ट्रेडर्स और ओम ट्रेडर्स नाम की कंपनियों के सहारे गेंदा राम के खाते में 4.30 करोड़ रुपये ट्रांसफर हुए थे। वीरेंद्र राम ने अपने पिता गेंदा राम के खाते में ट्रांसफर किये गये पैसों से दिल्ली में जमीन खरीदी थी। वहीं, सचिन गुप्ता के नाम से बनाये गये फर्जी पैन के सहारे ही इन तीनों कंपनियों को खोला गया था। मामले की जांच के बाद इडी ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को पत्र लिखकर वीरेंद्र राम और सीए मुकेश मित्तल समेत कई अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया था।

गौरतलब हो कि इडी की जांच में यह भी बात सामने आयी है कि काली कमाई को सफेद करने के लिए वीरेंद्र राम ने फर्जी नाम से कई पैन कार्ड बनवाया था। इन पैन कार्ड के जरिये वीरेंद्र राम ने श्री खाटू श्याम ट्रेडर्स, गोविंद राम ट्रेडर्स, ओम ट्रेडर्स नाम की फर्जी कंपनियां बनवाई। साल 2021 में 18 करोड़, साल 2022 में 43 करोड़, साल 2023 में 23 करोड़ खाते में जमा करवाये गये। मुख्य अभियंता वीरेंद्र कुमार राम पर आधिकारिक पद का दुरुपयोग करते हुए मनी लांड्रिंग में शामिल रहने का आरोप है।

### 2.45 करोड़ की बरामदगी में आरोपी ने वीरेंद्र राम का लिया था नाम

15 नवंबर 2019 को सरायकेला के ग्रामीण विकास विभाग के जेई सुरेश प्रसाद वर्मा के डिमना चौक स्थित आनंद विहार कॉलोनी स्थित घर से एसीबी की टीम ने 2.45 करोड़ रुपये जब्त किया था। इसके अलावे, आभूषण और निवेश से संबंधित कागजाता भी मिले थे। चार बैग में बंद 2.45 करोड़ रुपये की करीब 9 घंटे तक गिनती चली थी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने ठेकेदार विकास कुमार शर्मा से 10 हजार रुपये घूस लेते पकड़ा था। विकास कुमार शर्मा भुगतान को लेकर दस्तावेज तैयार करने के लिए सुरेश प्रसाद वर्मा ने घूस की मांग की थी। इस मामले में इडी ने वर्ष 2020 में सुरेश प्रसाद वर्मा और आलोक रंजन पर केस दर्ज किया था। एसीबी ने सुरेश प्रसाद और आलोक रंजन के खिलाफ चार्जशीट दायर किया था और इसी आधार पर इडी ने मनी लांड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया था।



फाइल फोटो

**इडी की अबतक की कार्रवाई**

- 21 फरवरी, 2023 : ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के 24 ठिकानों पर छापा
- 22 फरवरी, 2023 : 1.5 करोड़ के जेवरात, 1.25 करोड़ बरामद
- 23 फरवरी, 2023 : वीरेंद्र राम को इडी ने किया गिरफ्तार
- 24 फरवरी, 2023 : इडी की ओर से पूछताछ, अदालत में पेश, नौ दिनों की रिमांड मिली
- 26 फरवरी, 2023 : दिल्ली में बेनामी संपत्ति हुई उजागर, 30 करोड़ रुपये का फ्लैट का पता चला, निलंबित
- 27 फरवरी, 2023 : छापेमारी में लाल डायरी व पेन ड्राइव बरामद
- 01 मार्च : जूनियर इंजीनियर रामपुकार के यहां छापा

### और तीन दिनों तक इडी रिमांड पर रहेंगे वीरेंद्र

मनी लांड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को नौ दिन की प्रवर्तन निदेशालय (इडी) को रिमांड के बाद शनिवार को इडी कोर्ट के न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में पेश किया गया। इस दौरान इडी की ओर से आवेदन देकर फिर से वीरेंद्र राम को पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने का आग्रह किया गया। इडी को वीरेंद्र राम से पूछताछ के लिए तीन दिनों का रिमांड मिला है। 23 फरवरी को कोर्ट ने पांच दिनों की रिमांड पर वीरेंद्र राम को इडी को सौंपा था। इसके बाद 28 फरवरी को फिर से चार दिनों की पुलिस रिमांड पर इडी को सौंपा गया था। इडी ने 22 फरवरी को वीरेंद्र राम के अशोक नगर स्थित आवास पर छापेमारी के दौरान उन्हें उनके आवास से गिरफ्तार किया था।

## कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने दिया भरोसा

# बर्ड फ्लू से मरी मुर्गियों के लिए मिलेगा मुआवजा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने बोकारो में बर्ड फ्लू से मुर्गियों की हुई मौत पर कुक्कुट पालकों को मुआवजा देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में बोकारो जिला से मुर्गियों के मरने की सूचना आयी थी। विभाग ने मृत मुर्गियों के नमूनों को जांच के लिए भारत सरकार द्वारा चिह्नित कोलकाता एवं भोपाल की प्रयोगशाला में भेजा था। वहां से मुगियों की मौत बर्ड फ्लू से होने की पुष्टि की गयी है।



उन्होंने कहा कि बर्ड फ्लू मुर्गियों एवं घरेलू पक्षियों में होने वाली एक घातक, संक्रामक विषाणुजनित रोग है और मनुष्यों में भी इसके संक्रमण का खतरा रहता है। लेकिन, मनुष्यों में संक्रमण का अभी तक कोई भी केस राज्य में नहीं आया है। बोकारो जिले में इस रोग के नियंत्रण के लिए विभाग ने बीमारी फैलने के स्थान से एक किलोमीटर के दायरे में सभी मुर्गियों का वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण कर दिया गया है। जिन मुर्गी पालकों के मुर्गियों का निस्तारण किया गया है, उन्हें इसका मुआवजा देने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। बोकारो में अभी स्थिति पूर्णतः नियंत्रण में है और कोई नया मामला प्रकाश में नहीं आया है। इस बीमारी से वहां किसी भी व्यक्ति को अबतक संक्रमण नहीं हुआ है। कृषि मंत्री ने कहा कि रांची में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। सूचना मिलने के साथ ही निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई हो रही है। अतः इससे नागरिकों को घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार अपने स्तर पर रोग को नियंत्रित करने के लिए हर प्रयास कर रही है।

## भारत की प्रगति पर माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स बोले

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुझे पहले से अधिक आशावादी बना दिया है...

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत ने उन्हें स्वास्थ्य, विकास और जलवायु में भारत की प्रगति के बारे में पहले से कहीं अधिक आशावादी बना दिया है। बिल गेट्स ने शुक्रवार को नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में 'अभिनव कार्य' पर विस्तार से चर्चा की थी।



गेट्स की एक ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, बिल गेट्स से मिलकर प्रसन्नता हुई और प्रमुख मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। एक बेहतर और साथ ही अधिक टिकाऊ ग्रह बनाने की उनकी विनम्रता और जुनून स्पष्ट रूप से दिखायी देता है। अपने आधिकारिक ब्लॉग के लिए लिखते हुए, बिल गेट्स ने शनिवार को कहा, मैं इस सप्ताह भारत में रहा हूं, स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में यहां चल रहे अभिनव कार्यों के बारे में सीख रहा हूं। ऐसे समय में जब दुनिया के सामने इतनी सारी चुनौतियां हैं, भारत जैसी गतिशील और रचनात्मक जगह की यात्रा करना प्रेरणादायक है। (शेष पेज 11 पर)

**मुलाकात की खास बातें :** प्रधानमंत्री के साथ अपनी मुलाकात को अपनी यात्रा का मुख्य आकर्षण बताते हुए गेट्स ने कहा, कोविड-19 टीका विकसित करने और भारत की स्वास्थ्य प्रणालियों में निवेश करने के बारे में विशेष रूप से प्रधानमंत्री मोदी और मैं संपर्क में रहा हूं। भारत के पास बहुत सारे सुरक्षित, प्रभावी और सस्ते टीकों के निर्माण की अद्भुत क्षमता है, जिनमें से कुछ गेट्स फाउंडेशन द्वारा समर्थित हैं। भारत में उत्पादित टीकों ने महामारी के दौरान लाखों लोगों की जान बचायी है और दुनिया भर में अन्य बीमारियों को रोका है।

### बच्ची को एसिड पिलाने के मामले में हाइकोर्ट गंभीर

**रांची (खबर मन्त्र)।** हजारीबाग में दिसंबर 2019 में एक नाबालिग को उसके परिचित द्वारा एसिड पिलाये जाने के मामले में झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने एमिकस क्यूरी अपराजिता भारद्वाज से पूछा कि पीड़ित बच्ची को मुआवजा मिला है या नहीं। इस संबंध में उन्हें शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया गया है। कोर्ट ने कहा कि शपथ पत्र के बाद अदालत मुआवजा के संबंध में आदेश पारित करेगी। मामले की सुनवाई हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। बता दें कि हाइकोर्ट स्वतः संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई कर रही है। दरअसल, वर्ष 2019 में हजारीबाग में एक 13 साल की बच्ची जब वह स्कूल से लौट रही थी, तो उसके परिचित ने जबरदस्ती उसे एसिड पिला दिया था। इससे उसकी हालत काफी बिगड़ गयी थी।

# भाकपा माओवादी का कंपनी कमांडर रामाशीष यादव चतरा से गिरफ्तार

- गिरफ्तार नक्सली पर जिले के विभिन्न थानों में करीब एक दर्जन मामले हैं दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** पुलिस ने 25 लाख के इनामी गौतम पासवान और 15 लाख के इनामी मनोहर गंझू दस्ते के माओवादी रामाशीष यादव उर्फ चलितर यादव उर्फ अंगद को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार नक्सली के विरुद्ध जिले के विभिन्न थानों में करीब एक दर्जन मामले दर्ज है। पुलिस को लंबे समय से अंगद की तलाश थी।

सदर एसडीपीओ अविनाश कुमार ने शनिवार को बताया कि चतरा एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम हंटरगंज थाना क्षेत्र स्थित कोल्हुआ इलाके से नक्सली रामाशीष यादव को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार नक्सली भाकपा माओवादी का कंपनी कमांडर है। पुलिस के अनुसार, इसकी गिरफ्तारी से भाकपा माओवादी को तगड़ा झटका लगा है। बताया गया कि जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र के केंदुआ निवासी रामाशीष जुलाई 2022 में हंटरगंज थाना क्षेत्र के लूटाफाटा इलाके में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में भी शामिल था।



एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार नक्सली के खिलाफ दस मामले दर्ज हैं। इनमें आर्म्स एक्ट हत्या पुलिस के साथ मुठभेड़ सहित अन्य मामले शामिल हैं। गिरफ्तार नक्सली से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में माओवादियों की कई गतिविधियों का राज खुलने की संभावना है।

## कार्यालय नगर पंचायत डोमचाँच।

अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 06/2022–23 दिनांक 03.03.2023

| क्र0सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 | Const. Of P.C.Croad gurad wall and drain paver block from dr. Rajendra Prasad path domchanch high school bajrangbali temple to old house of arjun Mehta. | 12657747.00 | 253500.00 | 10000.00 | 04 Month |
| A | Date of Publication of Tender on website | | 13-03-2023 | | | |
| B | Last Date / Time for receipt bid on online | | 20-03-2023 | | | |
| C | Date of Hard copy receiving | | 21-03-2023 | | | |
| D | Date of opening Tender | | 22-03-2023 | | | |
| E | Name & Address of office inviting tender | | Executive Officer Nagar Panchayat Domchanch | | | |
| F | Helpline No. | | 9430497772 | | | |

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत डोमचाँच।

PR 291928 (Urban Development) 22-23 (D)



## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

44वीं औपबंधिक सूची
जिला–रामगढ़

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरणः–माण्डू थाना काण्ड संख्या–79/93 में चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री शनिचर मांझी द्वारा इस काण्ड के पुलिस कागजात में उल्लेखित अन्य अज्ञात की संख्या (15–20) पर दी गयी अनुशंसा सूची में आवेदक का नाम के आधार पर। | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–665<br>2. आवेदक का नाम–चरकु तुरी, पिता का नाम–स्व0 जुगल तुरी<br>3. ग्राम–सेवटा, पोस्ट–मरार, थाना–माण्डू, प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–51 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–655<br>2. आवेदक का नाम–काशी राम, पिता का नाम–स्व0 बैजनाथ राम<br>3. ग्राम–दिगवार, पोस्ट–दिगवार, थाना–माण्डू, प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–70 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना कान के पास तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–96<br>2. आवेदक का नाम–दिनेश बेदिया, पिता का नाम–स्व0 रामेश्वर बेदिया<br>3. ग्राम–मनुवा, पोस्ट–हेसला, थाना–माण्डू, प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–29<br>2. आवेदक का नाम–धनेश्वर ठाकुर, पिता का नाम–स्व0 हरखु ठाकुर<br>3. ग्राम–सोसोकला, पोस्ट–सोसोकला, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–72 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–30<br>2. आवेदक का नाम–प्रदीप ठाकुर, पिता का नाम–स्व0 मनेश हजाम<br>3. ग्राम–कुसुमडीह, पोस्ट–चाड़ी, थाना–गोला, प्रखण्ड–गोला<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नही। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची FIR में अज्ञात व्यक्तियों की संख्या के आधार पर औपबंधिक रूप से प्रकाशित की गई है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं। आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।
4. इस सूची के शेष आवेदकों को अगले चरण में प्रकाशित किया जायेगा।

(कार्तिक सोनार)
आदेशानुसार उपरोक्त का टंकण एवं मिलान मेरे द्वारा किया गया है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 291892 (Home) 22-23 (D)



## Office of The Executive Engineer
### Building Construction Department Building Division, Garhwa.
VERY SHORT NOTICE INVITING RE-TENDER

Sealed Tenders are invited for **Renovation work of Circuit House at Garhwa under Garhwa Distt. For the year 2022-23.**by the Executive Engineer. Building Construction Department, Building Division, Garhwa from the Registered contractor in the Office of the undersigned & in the office of S.E. B.C.D. Circle No-02. Ranchi on **14-03-2023** up to 3.00 pm and will be opened on **14-03 2023** at 3.30 pm in respective offices By Executive Engineer or his authorized representative in the presence of tenderes or their authorized representative. Who so ever desire may remain present at the time of opening Detail list of work, specification, quantity etc. may be obtained from the aforesaid offices in working day on **13-03-2023** from 10.00 am to 1.00 pm which cost of Bid Rs. **5000/-** in shape of Demand Draft (non-refundable) on any State Bank Payable at SBI, Main Branch, Garhwa in favour of The Executive Engineer, Building Division, Garhwa.

The tenderer should be accomplished with the initial security deposit which will be 2% of the tender amount(Refundable) in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue) fixed deposit of the Scheduled Bank duly pledge in favor of Executive Engineer, Building Division, Garhwa.

**Executive Engineer,**
Building Division, Garhwa.

PR 291878 Building(22-23)D



## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT
## NAGAR PANCHAYAT HUSSAINABAD

E-PROCUREMENT NOTICE (SHORT-TERM NOTICE), Reference No. NPH/11/2022-23

| Sl. | Ward no. | Reference no. | Scheme name | Estimated cost | Earnest money (2% of est. Cost) | Tender fee | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | नगरिक सुविधा मद | | | | |
| 1 | 15 | UDD/NPH/11/22-23/01 | Construction of RCC Drain from house of Alfaz to house of Guddu | 679839.00 | 13600.00 | 5000 | 2 Month |
| 2 | 01 | UDD/NPH/11/22-23/02 | Construction of RCC Drain from house of Vijay Yadav to Raju House. | 966277.00 | 19400.00 | 5000 | 2 Month |
| 3 | 09 | UDD/NPH/11/22-23/03 | Construction of RCC Drain from house of Sanjay Agrawal to Main Road. | 278865.00 | 5600.00 | 1000 | 1 Month |
| 4 | 13 | UDD/NPH/11/22-23/04 | Construction of Hume Pipe Culvert & Earth filling at ward building. | 298089.00 | 6000.00 | 1000 | 1 Month |
| 5 | 01,04 &14 | UDD/NPH/11/22-23/05 | Construction of 3 no,s of Chabutra at 1. near Church ward no 01 2. Rajendra Hotel nadipar, ward no 14 3. Gamhariya ward no. 4 | 476721.00 | 9600.00 | 1000 | 2 Month |
| 6 | 08 | UDD/NPH/11/22-23/06 | Construction of RCC Drain at Ambedkar Chowk | 215620.00 | 4400.00 | 1000 | 1 Month |
| 7 | 04 | UDD/NPH/11/22-23/07 | Construction of Chhath Ghat at Gamhariya | 421861.00 | 8500.00 | 1000 | 1 Month |
| 8 | 02 | UDD/NPH/11/22-23/08 | Construction of PCC Road on Kacha Road from the house of Saleem Khan to Saidabad Station Road. | 351246.00 | 7100.00 | 1000 | 1 Month |
| 9 | 12 | UDD/NPH/11/22-23/09 | Construction of Brick drain as well as repair of Existing drain with slab in SarswatiMuhalla near harhar chowk deori road. | 426582.00 | 8600.00 | 1000 | 1 Month |
| 10 | 07 | UDD/NPH/11/22-23/10 | Construction of RCC Drain from Islam Ansari to Khalid Ansari house. | 582400.00 | 11900.00 | 5000 | 2 Month |
| 11 | Date of publication of tender on website | | | 03.03.2023, 02:00 pm | | | |
| 12 | Date starts of submission of bids | | | 03.03.2023, 08:00 pm | | | |
| 13 | Last date/time of submission of bids | | | 18.03.2023, 05:00 pm | | | |
| 14 | Last date/time of submission at office cost of BOQ, earnest money and tender document | | | 20.03.2023,up to 02:00 pm at Hussainabad Police Station. | | | |
| 15 | Date of bid opening | | | 21.03.2023, 01:00 pm | | | |
| 16 | Name & address of office inviting tender | | | NAGAR PANCHAYAT HUSSAINABAD | | | |
| 17 | Contact no. Of procurement officer | | | 7091335901 | | | |
| 18 | Helpline number of e- procurement cell | | | 7070832962 | | | |

Note: - Only E- Tender will be accepted. Further details can be seen of website Http://jharkhandtenders.gov.in and Notice Board office of theNagar Panchayat Hussainabad.

कार्यपालक पदाधिकारी
नगरपंचायत हुसैनाबाद

PR 291770District(22-23)#D



## झारखण्ड सरकार (जल संसाधन विभाग),
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, सुवर्णरेखा नहर प्रमण्डल, घाटशिला
*e-mail* id-eescdghatshila@gmail.com

सुवर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना ई–प्रोक्यूरमेंट सूचना

1. विभाग का नाम :– जल संसाधन विभाग, झारखण्ड सरकार
2. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :–13.03.2023 अपराहन् 5:00 बजे।
3. वेबसाइट से निविदा डाउनलोड करने :–13.03.2023 अपराहन् 5:00 बजे से 25.03.2023 की तिथि एवं समय अपराहन् 5:00 बजे तक।
4. वेबसाइट पर निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय :–25.03.2023 अपराहन् 5:00 बजे तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मुल्य जमा करने की तिथि एवं स्थान :–27.03.2023 अपराहन् 5:00 बजे तक। कार्यपालक अभियंता, सुवर्णरेखा नहर प्रमण्डल, घाटशिला
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :–ई0 अजय प्रजापति, कार्यपालक अभियंता, सुवर्णरेखा नहर प्रमण्डल, घाटशिला।
7. निविदा खोलने की तिथि :–29.03.2023 अपराहन् 3:00 बजे।
8. ई–प्रोक्यूरमेंट पदाधिकारी का टेलीफोन संख्या :–7250564246
9. निविदा विवरणी :–

| क्र0 सं0 | निविदा प्रसंग | कार्य का नाम | निविदा राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू0 सौ के गुणक में) | टेन्डर फी (रू0 में) अप्रत्यार्पणीय | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | WRD/SCD/GTS/F2-04/2022-23 | Patch Repair and Maintenance of WBM Road Between Km-29.350 to 56.000 of Galudih Left Main Canal. | 99,31,228.00 (निन्यानबे लाख इकतीस हजार दो सौ अठाईस रुपये) मात्र | निविदा राशि का दो (2) प्रतिशत | 10,000.00 | 270 दिन |

नोट :–केवल ई–निविदा ही स्वीकार की जाएगी। प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य केवल बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से ही स्वीकार किया जायेगा, जो **कार्यपालक अभियंता, सुवर्णरेखा नहर प्रमण्डल, घाटशिला के नाम से स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, मौभंडार भाखा** पर देय होगा। विस्तृत जानकारी वेबसाईट https:\\jharkhandtenders.gov.in पर उपलब्ध है।

(ई. अजय प्रजापति)
कार्यपालक अभियंता,
सुवर्णरेखा नहर प्रमण्डल,घाटशिला

PR 291757 (Water Resource)22-23*D


### कोर्ट के फैसले पर बोले इरफान, हमारी छवि खराब करने की रची गयी थी साजिश

# हाइकोर्ट ने अरगोड़ा थाने में दर्ज जीरो एफआइआर को किया रद्द

**विधायक कैश कांड**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** कैशकांड में फंसे कांग्रेस के तीनों विधायकों के खिलाफ रांची के अरगोड़ा थाना में दर्ज जीरो एफआईआर को कोलकाता ट्रांसफर किया गया था। जिसके खिलाफ दाखिल याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट का बड़ा आदेश आया है। इस आदेश के तहत 2022 में दर्ज इस एफआईआर को सेकंड एफआईआर मानते हुए कोर्ट ने इसे निरस्त कर दिया है। गौरतलब है कि 46 लाख कैश के साथ कोलकाता में पकड़े गए कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन बिक्सल कोंगाड़ी के खिलाफ रांची के अरगोड़ा थाना में कांग्रेस विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह ने एफआईआर दर्ज करायीथी।



**बिना नाम लिये साधा निशाना** : इरफान अंसारी ने नाम लिये बगैर विधायक जयमंगल सिंह पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता के बीच छवि खराब करने का जो प्रयास किया गया, उसका क्या होगा। कोर्ट का जो जजमेंट आया है, उससे हमारा हौसला और मजबूत हुआ है। जनता यह जानती है कि इरफान अंसारी कभी गलत नहीं कर सकता, उसी का परिणाम है कि मैं निर्दोष साबित हुआ हूं। इधर झारखंड हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए विधायक इरफान अंसारी ने कहा है कि हम तीनों विधायक के लिए यह नए जीवन की शुरूआत है। जिस तरह से हम तीनों विधायकों पर फर्जी केस किया गया था। कोर्ट ने हमें बाइज्जत बरी कर दिया है। अब मैं पूछना चाहता हूं, उन लोगों से जिन्होंने हम तीनों पर आरोप लगाए थे, कहां चला गया वह आरोप हम लोग बेकसूर थे, निराधार आरोप था और कोर्ट ने हमें बाइज्जत बेदाग निकालने का काम किया है। मैं कोर्ट का आभार व्यक्त करता हूं। इस तरह की प्रवृत्ति जो विधायक रखते हैं, उनको कम से कम विधायकों पर इस तरह का आरोप नहीं लगाना चाहिए। झूठे आरोप के कारण लगभग 3 महीने हमें मेंटल टॉर्चर किया गया, उसका क्या होगा।

## इरफान-अनूप सिंह मिले गले होली में दूर हुए गिले-शिकवे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** विधानसभा परिसर में आयोजित होली मिलन के दौरान नजरा कुछ बदला सा बदला था। कहते हैं कि होली में दुश्मन भी एक दूसरे से गले मिलने में परहेज नहीं करते। कुछ ऐसा ही नजारा विधानसभा परिसर में तब दिखा, जब कांग्रेस विधायक अनूप सिंह और डॉ इरफान अंसारी ने एक दूसरे को गले लगाया और मिठाई खिलाई। दरअसल, कैश कांड में डॉ इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाडी के खिलाफ विधायक अनूप सिंह ने अरगोड़ा थाने में जीरो एफआईआर दर्ज कराया था। जिसके बाद से लगातार दोनों विधायकों के बीच दूरियां बन गई थी। हालांकि कैश कांड में फंसे तीनों विधायकों को हाईकोर्ट से राहत मिल चुकी है। जिसके बाद विधानसभा परिसर में होली मिलन समारोह के दौरान दोनों विधायकों ने पुरानी नाराजगी को छोड़ कर एक-दूसरे को गले लगाया। इस मौके पर अनुप सिंह ने इरफान अंसारी को बड़ा भाई तो इरफान ने अनूप सिंह को छोटा भाई कहा। इरफान ने कहा कि होली है, इसलिए गिले-शिकवे दूर हुए। इरफान ने कहा कि आज से पुराना चैप्टर क्लोज गया है।

## मार्च में 15 % से अधिक राशि की निकासी की मिली छूट, बंधेज हटा

### वित्त सचिव ने सभी विभागों को जारी किया पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वित्त विभाग ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में मार्च माह में विभागों के बजट के 15 प्रतिशत से अधिक राशि की निकासी की छूट प्रदान कर दी है। कोषागारों से राशि निकासी की अधीसीमा 15 प्रतिशत तक ही सीमित रखने के बंधेज को हटा दिया गया है। इस संबंध में वित्त सचिव अजय कुमार सिंह ने पत्र जारी कर सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, सभी विभागाध्यक्ष, प्रमंडलीय आयुक्त सभी उपायुक्त सभी कोषागार, उप कोषागार पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिया है। मार्च माह में बजट की पूरी राशि खर्च करने के लिए विभागीय सचिवों को सक्षम बनाया गया है और वे इस संबंध में स्पष्ट आदेश भी निर्गत करेंगे।

बताते चलें कि चालू वित्त वर्ष में 1 लाख करोड़ का बजट है, जिसमें 56 फीसदी से अधिक राशि ही खर्च हुई है। शेष दिनों में बाकी राशि खर्च करनी होगी।

### क्या है मामला

वित्त वर्ष 2021-22 में विभिन्न विभागों और कार्यालयों से प्राप्त प्रस्तावों के आलोक में वित्त विभाग ने मार्च में राशि की निकासी के लिए 15% की अधिसीमा से विमुक्ति संबंधी दिशा निर्देश दिया था परंतु 2022-23 में निकासी की सीमा 15% तक ही सीमित रखी गई थी। इस बंधेज को खत्म करते हुए सरकार ने निर्णय लिया है कि अब विभागीय अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव इस बंधेज को खत्म करने के लिए सक्षम होंगे।

## गोमिया और पलिहारी के लिए नयी जलापूर्ति योजना दे सरकार : लंबोदर

### सदन में शून्यकाल में उठाया मामला

**20 हजार से अधिक लोग पेयजल से वंचित**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** विधान सभा के बजट सत्र के छठे दिन शुक्रवार को आजसू विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्य सरकार से गोमिया और पलिहारी के लिए कोनार नदी से पानी लेकर नया इंटेकवेल और डब्ल्यूटीपी पाईप लाईन बिछाते हुए नयी जलापूर्ति योजना की प्रशासनिक स्वीकृति देने की मांग की है। उन्होंने यह मांग शून्यकाल में की। उन्होंने सदन में कहा कि बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत गोमिया एवं पलिहारी में नई जलापूर्ति योजना के इंटेकवेल की गहराई कम होने के कारण अब तक शुद्ध, स्वच्छ एवं पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। पुरानी जलापूर्ति योजना के जर्जर होने के कारण जलापूर्ति पूरी तरह बंद है। इस वजह से 20 हजार से ज्यादा लोग पेयजल से वंचित हैं।

## छह मार्च को पहली समीक्षा बैठक करेंगे डीजीपी अजय कुमार सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के डीजीपी अजय कुमार छह मार्च को पहली समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था को लेकर होगी। डीजीपी अजय कुमार सिंह वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में सभी रेंज के डीआईजी, जिले के एसएसपी और एसपी उपस्थित रहेंगे। झारखंड पुलिस मुख्यालय से सभी को पत्र जारी किया गया है। जारी किये गये पत्र में रांची रेंज, कोल्हान रेंज, पलामू रेंज, उत्तरी छोटानागपुर रेंज और संताल रेंज के डीआईजी को पुलिस मुख्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। जिले के एसपी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक में शामिल होने का आदेश दिया गया है।

### इन मुख्य बिंदुओं पर की जायेगी समीक्षा



समीक्षा बैठक के दौरान कई मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की जायेगी। इसमें पिछले पांच सालों के कांडों का आंकड़ा, अपराध नियंत्रण और संगठित आपराधिक गिरोह के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई, प्रतिवेदित और निष्पादित कांडों की सूची, कांड लंबित रहने का कारण और मानव तस्करी के ऐसे मामले जिसमें विक्टिम अभी तक मिसिंग है शामिल हैं। इसके अलावा डीजीपी वारंट, कुर्की निष्पादन की स्थिति, कोर्ट परिसर, जज और उनके आवासीय परिसर की सुरक्षा के संबंध में कृत कार्रवाई की समीक्षा करेंगे। नक्सल के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से संबंधित मामले और सभी जिलों में थाना और अन्य प्रतिष्ठानों की मरम्मती के संबंध में झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड को भेजे गये प्रतिवेदन में प्राथमिकता के आधार पर जिन भवनों की मरम्मत करवानी है, उनकी सूची के साथ बैठक में भाग लेंगे और ब्रीफ करेंगे।

## खबर एक नजर में

### हटिया-खड़गपुर के खुलने का समय बदला

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल पर विकास कार्यों के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इसके मद्देनजर रांची रेल मंडल से चलने वाली ट्रेन संख्या 18036 हटिया–खड़गपुर एक्सप्रेस के प्रस्थान समय में बदलाव किया गया है। यात्रा प्रारंभ 4 मार्च, यात्रा प्रारंभ 11 मार्च एवं यात्रा प्रारंभ 1 अप्रैल, 2023 को अपने निर्धारित समय 9.20 बजे के स्थान पर 11.35 बजे हटिया से खुलेगी। यात्रा प्रारंभ 14 मार्च, यात्रा प्रारंभ 17 मार्च, यात्रा प्रारंभ 20 मार्च, यात्रा प्रारंभ 23 मार्च, यात्रा प्रारंभ 26 मार्च, यात्रा प्रारंभ 29 मार्च, यात्रा प्रारंभ 4 अप्रैल, और यात्रा प्रारंभ 7 अप्रैल को 12 बजे हटिया से खुलेगी।

### मंत्री सत्यानंद भोक्ता के मामले में सुनवाई हुई

**बीज घोटाला**

**रांची।** राज्य के श्रम नियोजन व प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता से जुड़े 13 साल पुराने 46.10 करोड़ रुपये के बीज घोटाले में आरोप तय किया जाना है लेकिन, आरोप गठन के बिन्दु पर सुनवाई से पूर्व उनकी ओर से मामले में डिस्चार्ज याचिका दाखिल की गई है। जिस पर एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत में सुनवाई होनी थी लेकिन, सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने बहस करने के लिए समय की मांग की। जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए 25 मार्च की तारीख निर्धारित की है। 2003–05 में राज्य के कृषि मंत्री रहते हुए बीज व उपकरण खरीद घोटाले के आरोप में साल 2009 में निगरानी थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जिसमें पूर्व मंत्री नलिन सोरेन, कृषि सचिव वी जयराम व निस्तार मिंजए आपूर्तिकर्ता दिलीप गड़ोदिया समेत अन्य को आरोपी बनाया गया है।

## निकला नियोजन नीति का जिन्न, सदन में दलों का झकझूमर

**नये सिरे से नियोजन नीति बनाने की सरकारी कवायद का विपक्ष ने किया विरोध**
**सत्ता पक्ष ने कहा कि विपक्ष असफल लोगों की जमात**
**कैबिनेट ने सरकारी नौकरी में झारखंड से 10वीं, 12वीं पास की अनिवार्यता हटायी**

**उदय चौहान**



**रांची।** फिर एक बार नियोजन नीति का जिन्न उपर आ गया है। इससे झारखंड की सियासत गर्मा गयी है। दरअसल, बीते गुरूवार को झारखंड कैबिनेट ने 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति में संशोधन को मंजूरी दी गयी थी। इसे लेकर शनिवार को झामुमो के ही विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाया और कहा कि यह सदन का अवमानना बनता है। झामुमो विधायक के इस बयान को विपक्ष ने लपक लिया, सदन को गर्म किया और सदन की कार्यवाही नहीं चलने दी। विपक्ष यहीं नहीं रूका बल्कि विधानसभा की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह का भी बहिष्कार कर दिया। दरअसल, विपक्ष ने संशोधित नियोजन नीति का विरोध कर राज्य के युवाओं के बीच सकारात्क राजनीतिक संदेश देना चाहता है। वहीं, हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली सरकार के लिए नियोजन नीति को लेकर आगे कुआं, पीछे खायी वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। ऐसा इसलिए कि छह माह पूर्व खुद सीएम ने 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति को कोर्ट में नहीं टिकने की बात कही थी। सदन में सीएम की इस घोषणा को विपक्ष अब याद दिला रहा है। यह भी कह रहा है कि अब कौन सी परिस्थिति में कैबिनेट ने झारखंड से दसवीं और 12 वीं पास होने की शर्त्त को शिथिल कर दिया है। दोनों पक्षों ने नयी नियोजन नीति को लेकर झकझूमर शुरू कर दिया है। दोनों पक्ष अपने-अपने तरीके से नियोजन नीति की व्याख्या कर रहे हैं। दरअसल, सदन में नियोजन नीति बड़ा मुद्दा है।

भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही एवं अमर बाउरी का मानना है कि इस सरकार ने गलत नियोजन नीति बना कर नौजवानों का भविष्य अंधकार में कर दिया है। राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से फेल है। सत्ता शीर्ष से लेकर नीचे तक भ्रष्टाचार है। सदन के अंदर व बाहर नियोजन नीति को अविलम्ब स्पष्ट करने की मांग की जा रही है।

वहीं, सत्ता पक्ष के प्रदीप यादव व सुदिव्य सोनू का कहना है कि विपक्ष राजनीतिक ढोंग कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब विपक्ष को मौका मिला, तो झारखंडियों के हक में कुछ नहीं कर पाये। सरकार ने स्थानीय नीति से लेकर नियोजन नीति बनायी है। इसमें संशोधन कर अधिक लाभकारी व स्वीकार्य बनाया जायेगा।

**हाईकोर्ट ने रद्द की थी नियोजन नीति, गरमायी सियासत** : मालूम हो कि 16 दिसंबर को हाईकोर्ट ने जैसी ही हेमंत सोरेन सरकार की नियोजन नीति को रद्द किया। प्रदेश के युवा भड़क उठे। दरअसल, नियोजन नीति रद्द किये जाने से झारखंड के विभिन्न विभागों में अलग–अलग 13,968 पदों पर निकाली गई वेकैंसी रद्द कर दी गई। 19 दिसंबर से शुरू हुये विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विपक्ष ने इसे मुद्दा बनाया है। बेरोजगार युवाओं ने विधानसभा भवन का घेराव भी किया था। विपक्ष के विरोध और युवाओं के आक्रोश के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा था कि सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार की नयी नियोजन नीति का प्रस्ताव वर्ष 2016 के पूर्व लागू नियोजन नीति के आधार पर तैयार किया जा रहा है। यह नीति सरकार ने सीएम को मिले युवाओं के फीडबैक के आधार पर तैयार कराया गया है। इसके पहले मुख्यमंत्री के नेतृत्व में खतियान आधारित नियोजन नीति पर अंतिम निर्णय लेते हुए विधानसभा से इस संबंध में विधेयक पारित करते हुये आगे के निर्णय के लिये राज्यपाल के पास भेजा था। राज्य सरकार का इस संदर्भ में स्पष्ट मानना था कि 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति एवं पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के विषय को संविधान की नौवीं अनुसूची का संरक्षण मिल जाने के बाद ही बहाल किया जाये। लेकिन, तत्कालीन राज्यपाल ने इस विधेयक को संशोधन के लिये वापस कर दिया था। उस वक्त भी नियोजन नीति को लेकर राज्य में सियासत गर्म हो गयी थी।

## स्पीड न्यूज

### युवा जागृति केंद्र और वाईजेकेएसएफ का संघर्ष हुआ सफल : प्रिंस सिंह



**मेदिनीनगर।** वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने हिंदी को झारखंड की राज्यस्तरीय परीक्षाओं में पुनः शामिल करने पर जुलूस निकालकर खुशी का इजहार किया। मौके पर फेडरेशन के प्रमंडलीय अध्यक्ष प्रिंस सिंह ने कहा कि युवा जागृति केंद्र और वाईजेके स्टूडेंट्स फेडरेशन ने जो लंबा संघर्ष किया था उसका परिणाम अब देखने को मिल रहा है। राज्य सरकार ने हिंदी के साथ साथ संस्कृत और अंग्रेजी को भी राज्य स्तरीय परीक्षा में शामिल कर लिया है। उन्होंने इसके लिए फेडरेशन के कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

### पूर्व सैनिकों का होली मिलन समारोह



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड स्थित किसान ब्रिगेड के आवासीय कार्यालय पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद् हुसैनाबाद इकाई द्वारा शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्रखंड के आसपास से पहुंचे पूर्व सैनिकों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया। एक-दूसरे के गले मिलकर होली की बधाई दी। भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह पूर्व सैनिक सेवा परिषद् हुसैनाबाद के संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा होली आपसी सद्भावना व प्रेम का पर्व है। संघ के अध्यक्ष दुखन सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि पूर्व सैनिकों तथा आम जनों जिनके परिवार का लंबित पेंशन विसंगति, वन रैंक वन पेंशन, आर्मी मोबाइल कैंटीन, एक्स सर्विस मैन, हेल्प स्कीम आदि समस्याओं को हमारी संघ ने निदान करने का काम किया है। मौके पर लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, सुधीर कुमार सिंह, दिलीप मेहता सत्येंद्र ठाकुर, प्रसाद सिंह, अशर्फी पाल, सतेन्द्र शर्मा, लल्लू पासवान, विजय राम समेत कई लोग उपस्थित थे।

### रामगढ़ उप चुनाव का परिणाम सरकार के खिलाफ जनादेश : एन के तिवारी



**बिश्रामपुर (पलामू)।** आजसू के वरीय नेता एन के तिवारी ने कहा कि रामगढ़ का उप चुनाव राज्य के हेमंत सरकार के खिलाफ जनादेश है। सरकार को जनादेश का सम्मान करते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता ने राज्य सरकार के क्रिया कलाप को नकार दिया है।

### हुसैनाबाद : शांति समिति की बैठक



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद के देवरी ओपी थाना परिसर में थाना प्रभारी इंद्रदेव राम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में होली व सबेबारात पर्व शांति से मनाने को लेकर चर्चा हुई। इस मौके पर पंसस अजित कुमार सिंह, समाजसेवी उपेंद्र मेहता, देवरी कला मुखिया मनोज भारती, उर्मिला देवी,शांति समिति के सदस्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### अखंड कीर्तन का हुआ समापन



**सतबरवा पलामू।** सतबरवा मेला टांड़ स्थित काली मंदिर में मां काली की प्रतिमा स्थापना के तिसरे वर्षगांठ पर राम नाम के जप के अखंड कीर्तन का समापन हो गया। उसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा भंडारा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में काफी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने शामिल होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष नागा मेघराज प्रसाद, रंजीत मिश्रा, श्रवण कुमार, बलराम विश्वकर्मा, सुनील विश्वकर्मा, निर्दोष कुमार, संजय प्रसाद, मंदिर के पुजारी सुनील कुमार पाठक समेत कई भक्तों ने भंडारा में सहयोग किया।

### भाजपाइयों ने अवधेश के जन्मदिन पर दी बधाई




**सतबरवा पलामू।** भारतीय जनता पार्टी सतबरवा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक के नेतृत्व में शुक्रवार को ठेमा गांव स्थित आवास पर भाजपा एस टी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सिंह चेरो के जन्मदिन पर शॉल ओढ़ाकर और मिठाई खिलाकर सतबरवा मंडल भाजपा परिवार की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं दी गयी। मौके पर रवि प्रसाद, मनीष कुमार, संदीप कुमार, मुकेश, विकास पाठक, पप्पु सिंह, मनोज सिंह, रविन्द्र सिंह,अनुज चन्द्रवंशी, सहित कई कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक को विदाई



**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड 19 के हरहेपा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्राचार्य फहीम अहमद मंगलवार को सेवानिवृत हो गए। सेवानिवृति के बाद उन्हें स्कूल परिवार द्वारा सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। अध्यक्षता शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद यादव व संचालन संजय कुमार साव ने किया। समारोह में फहीम अहमद को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वरीय राजद नेता नईमुद्दीन अंसारी ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नही होते। मौके पर निवर्तमान वार्ड पार्षद देवनाथ यादव, गयासुदिन सिद्दकी, रफीक अहमद, बदरूदीन खलीफा, विनय कुमार, रवि रंजन यादव, दिनेश कुमार, संतोष सिंह, संजय कुमार, कौशर इकबाल, परवेज अहमद खान, कृष्णा कुमार, शरवर अंसारी, सीताराम सहित कई लोग मौजूद थे।

### लिलिपुट प्ले स्कूल में होली मिलन



मेदिनीनगर। नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में होली का त्यौहार उत्साह के साथ मनाया गया। सभी बच्चों का स्वागत शिक्षिकाओं ने अबीर गुलाल का टीका लगाकर किया। सभी बच्चों ने होली के गानों पर डांस किया। बच्चों ने खूब मस्ती किया। स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं, बच्चों और उनके अभिभावकों को भी होली की बधाई दिया। स्कूल के निदेशक राजीव गोयल ने होली पर संदेश दिया कि होली आपसी सद्भाव और भाईचारे का पर्व है। कार्यक्रम को सफल बनाने में रश्मि हिम्मतरामका, मन्नत सिंह बग्गा, अमित सिंह, श्याम तिवारी, फलक, अनन्या, गणेश, सृष्टि, राजनन्दिनी, मेघा, सानिया अरीबा, पलक, नाजिया, अदिति, अनामिका, ईशा, नगमा, सोनाक्षी, लक्ष्मी, वंशिका, अतिका, आशी, निशा, इंदिरा, नमिता, रानू, रानी सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं सक्रिय थे।

### फरार अभियुक्तों के घर साटा इश्तेहार

**हुसैनाबा पलामू।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुर्मिपुर में माननीय न्यायालय के आदेशानुसार हुसैनाबाद पुलिस ने फरार अभियुक्तो के घर पर ढोल बजाकर उनके घर पर इश्तेहार चिपकाया। इस सबन्ध में एस आई सौरभ कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के सुमन्त सिंह पिता बिंदेश्वरी सिंह एवं पिंटू सिंह पिता राजेन्द्र सिंह दोनो ग्राम कुर्मिपुर निवासी है जो विभिन्न धाराओं के अभियुक्त हैं। जो पुलिस व न्यायालय से फरार चल रहे है। इनके घर पर जाकर विधिवत ढोल बजाकर एवं दो गवाहों के समक्ष उनके घर पर तथा सार्वजनिक स्थलों पर इस्तेहार चिपकाया गया।

### अभाविप ने किया नूतन छात्र अभिनंदन सह होली मिलन समारोह आयोजित

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पलामू जिला अंतर्गत मेदिनीनगर के जनता शिवरात्रि महाविद्यालय इकाई के द्वारा नूतन छात्र अभिनंदन सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक अभय और संचालन एसएसडी संयोजक सुमित पाठक ने किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति दीप नारायण यादव, जनता शिवरात्रि महाविद्यालय के प्रधानाचार्य राणा प्रताप सिंह, पूर्व परीक्षा नियंत्रक सह कॉमर्स विभागा अध्यक्ष सुरेंद्र पांडे एवं युवा साहित्यकार ज्ञान सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जो सनातन की बात करेगा वही झारखंड में राज करेगा पहले हम हिंदू हैं उसके बाद कोई जाति : डॉ शशि भूषण

खबर मन्त्र संवाददाता





**नीलांबर पीतांबरपुर।** पहले हम हिंदू है उसके बाद कोई जाति उस बात पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने हाई स्कूल रोड़ में एआईडी भवन परिसर में ऊं सनातन धर्म सभा की ओर से सम्मान समारोह आयोजित कार्यक्रम में बोले मौके पर विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता को हिंदुत्व के हित की बात को झारखंड विधान सभा में खुल कर रखने के लिए तथा सनातन धर्म के प्रति समर्पण, समर्थन तथा सहयोग की भावना से निरंतर प्रेरित करने पर ऊं सनातन धर्म सभा की ओर विधायक डॉ मेहता को अंग वस्त्र तथा फुल माला और मोमेंटो देकर गर्मजोशी से स्वागत और सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजित तिवारी ने किया। समारोह का संचालन जितेन्द्र तिवारी ने किया। समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए शशिभूषण मेहता ने सबसे अपने संबोधन में कहा कि पहले हम हिंदू हैं उसके बाद हम कोई जाति है। हम अपने धर्म का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं विधायक ने कहा कि हिंदुओं के त्यौहार को खराब कर समुदाय विशेष के लोग हिंदुओं के भावना के साथ खिलवाड़ करते हैं जो अब पाकी विधानसभा क्षेत्र में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने कहा कि उन्हें कोई परवाह नहीं है कि ऐसा करने से उन्हें चुनाव में जीत मिलेगी या हार चुनाव अपने जगह पर है। मौके पर 50 से अधिक सनातन धर्म प्रेमियों के बीच सभा के द्वारा भगवा गमछे वितरण किया गया इस दौरान सभा के केंद्रीय उपाध्यक्ष राम प्रकाश तिवारी सचिव राजू राय कोषाध्यक्ष विजेंद्र प्रसाद संरक्षक पंकज मिश्रा विधायक प्रतिनिधि प्रकाश मेहता मुखिया मंदीप मेहता लाला प्रसाद यादव प्रकाश मेहता विगन महतो बच्चन ठाकुर समेत कई लोग विधायक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## तमिलनाडु में फंसे हुए मजदूरों की सकुशल वापसी के लिए केंद्र व राज्य सरकार से वार्ता करेंगे: मेहता

- पांकी विधानसभा क्षेत्र के कई मजदूर तमिलनाडु में फंसे हुए हैं
- मजदूरों के परिजनों ने विधायक से वापस कराने को लगायी गुहार

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** तमिलनाडु में भारत के विभिन्न राज्य के लोग रहते हैं। इसमें बिहार झारखंड के भी कई लोग रोजगार के अभाव में रोजगार के लिए गए हैं। तमिलनाडु में बाहरी आदमियों को चिन्हित कर हत्या की जा रही है। विशेषकर झारखंड के कई मजदूरों को तमिलनाडु वासियों ने हत्या कर दिया है। इस खबर से झारखंड के प्रवह सभी जिले के लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। विशेषकर जिस घर के परिवार तमिलनाडु में जाकर रोजगार कर रहे हैं। वैसे परिजनों को समाचार सुनने के बाद दिन रात की चैन हराम हो गया है। तमिलनाडु में पांकी विधानसभा क्षेत्र के दर्जन से अधिक मजदूर फंसे हुए हैं। उनके परिजनों ने विधायक डॉ शशि भूषण मेहता से सुरक्षित वापस कराने की मांग कर रहे हैं। इस पर विधायक मेहता ने लोगों को आश्वासन दिया की चिंता करने की जरूरत नहीं है। इस पर गंभीरता पूर्वक केंद्र सरकार एवं झारखंड सरकार से अभिलंब बात कर मजदूरों को सुरक्षित वापस कराया जाएगा। इसके प्रति त्वरित कार्रवाई की जाएगी। विधायक ने कहा कि तमिलनाडु की घटना पर केंद्र सरकार नजर रखी हुई है। उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के एक भी मजदूरों का कोई भी नुकसान नहीं होने देंगे। पांकी विधानसभा क्षेत्र के तरहसी प्रखंड निवासी रविंद्र प्रसाद के पुत्र सुगंध कुमार, इमामुद्दीन अंसारी के पुत्र महताब अंसारी, राजेश राम के पुत्र अक्षय कुमार, बैजनाथ सिंह के पुत्र रोहित कुमार, दशरथ ठाकुर के पुत्र कमलेश कुमार, अजीत कुमार, विकास कुमार समेत कई मजदूर तमिलनाडु में फंसे हुए हैं। जिनके परिजनों का हाल बेहाल हो चुका है।

# क्षेत्र में अमन और शांति के लिए यज्ञ अत्यंत जरूरी : विकास दुबे

खबर मन्त्र संवाददाता





**बिश्रामपुर पलामू।** क्षेत्र में अमन व शांति के लिए वातावरण की खुशबू के लिए आसपास के जगहों में हरियाली के लिए यज्ञ जैसे पुनीत कार्य कराना हर्षपूर्ण बातें हैं। यज्ञ जीवन की अमूल्य धरोहर है। उक्त बातें विश्रामपुर विधानसभा के भावी विधायक प्रत्याशी विकास दुबे ने कहा। दुबे शनिवार को लालगढ़ में चल रहे शिव प्राण प्रतिष्ठा के यज्ञ में सम्मिलित होकर कथावाचक को चंदन का टीका लगाकर सम्मानित किया। विकास दुबे ने बताया यज्ञ से बड़ा पुनीत कार्य विश्व में कुछ नहीं वैसे माता-पिता को मैं बारंबार प्रणाम करता हूं जो धर्म की रक्षा के लिए अपने जीवन को वैदिक अनुष्ठान में समर्पित कर हवन पूजन में दान पुण्य में अलौकिक संसार से मोह के बंधन को छोड़कर ऐसे शुभ कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता हो। विकास दुबे ने बताया आने वाला विश्रामपुर विधानसभा का चुनाव 2024 कई मायने में महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि इस बार इतिहास को बदलने की क्षमता रखने वाले विकास दुबे चुनावी महासमर में है। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता को विनोद सिंह के समय से ही सताया जा रहा है। आने वाले सभी जनप्रतिनिधियों ने जनता का जितना मजाक उड़ाया अब बर्दाश्त से बाहर है। विकास की गंगा बहाने का भरपूर समर्थन किया तथा विश्रामपुर पांडू नवा बाजार उंटारी रोड मझियां बरडीहा कांडी सभी प्रखंडों में उच्च शिक्षा बहाल करने के लिए राज्य स्तरीय स्कूल खुलवाने की पहल करने की बात कही। मौके पर ऊंटारी जिला पार्षद अरविंद सिंह, भाजपा के वरीय नेता अलख पांडे सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## हरिहरगंज : जनता प्रशासन होली मिलन समारोह में अबीर गुलाल से सराबोर हुए लोग

खबर मन्त्र संवाददाता



**हरिहरगंज पलामू।** शहर के अररुआ खुर्द मिडिल स्कूल के मैदान पर शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जनता प्रशासन की ओर से आयोजित इस होली मिलन समारोह में शामिल लोग अबीर गुलाल से सराबोर हुए। कार्यक्रम के संयोजक राजद नेता कमलेश कुमार यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों को माला पहनाकर व पगड़ी बांधकर स्वागत किया। वहीं लोगों ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी। इसके पहले हरिहरगंज थाना के एएसआई संजय सिंह,वैश्य जागृति मंच के अध्यक्ष भोला गुप्ता, जिला पार्षद प्रतिनिधि राजेश राम, संयोजक कमलेश यादव, नाई समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, राजकुमार गौतम, राजकुमार पासवान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का उदघाटन किया। मौके पर कमलेश कुमार यादव ने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम व भाईचारे का पैगाम देता है। उन्होंने सभी को आपसी मतभेद भुलाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील की। इस समारोह में शाम तक छपरा जिला के गायक रामशंकर सिंह एवं धनबाद के शिवशंकर यादव के मधुर होली गीतों तथा नृत्यांगनाओं के नृत्य का लोगों ने लुत्फ उठाया। इस अवसर पर पिपरा विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान, श्यामउदित पासवान, अनिल शौंडिक, अमरेश यादव उर्फ रवि, राजद प्रदेश उपाध्यक्ष सनी अहमद, पूर्व जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद मेहता, प्रदेश महासचिव दीपक चंद्रवंशी, लाडले हसन, मुखिया संघ अध्यक्ष संदीप यादव, राजकुमार गौतम, सनोज गुप्ता, वसंत यादव, अखिलेश यादव, रामवृक्ष मस्ताना, उमेश यादव, गोपाल यादव, जदूनी यादव, सत्येंद्र भुईयां, अर्जुन सिंह, रामप्रवेश यादव, रामेश्वर, ओमप्रकाश, सत्येंद्र, काजू कुमार, छोटू कुमार, शंकर, मृत्युंजय सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## उंटारी रोड थाना परिसर में होली व शब ए बारात को लेकर शांति समिति की बैठक

>> उंटारी रोड : असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की रहेगी पैनी नजर : थाना प्रभारी



**उंटारी रोड पलामू।** उंटारी रोड थाना परिसर में शनिवार को होली व शब ए बारात को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में दोनो समुदाय के लोग मौजूद थे।बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो व संचालन जिला पार्षद अरबिंद सिंह ने किया। मौके पर बीडीओ ललित राम ने कहा कि होली व शब ए बारात आपसी भाईचारे का पर्व है इसे शांति पूर्वक मनाया जाना चाहिए। थाना प्रभारी अशोक कुमार महतो ने कहा कि जाने पहचाने व्यक्ति को ही रंग लगाए, शराब का सेवन नही करने तथा डीजे पर अश्लील गाने को नही बजाने की सलाह दिए। वही आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना को रोकथाम हेतु सड़क सुरक्षा के बारे में भी जानकारी सांझा किए। उन्होने कहा की आसामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर बनी रहेगी। वही जिप सदस्य अरविंद सिंह ने कहा की होली व शब ए बारात बुराई पर अच्छाई का प्रतीक का पर्व है। उन्होंने लोगों को मिलजुल कर त्योहार मानने की बात कही साथ ही त्योहार के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना होने पर तुरंत थाना प्रभारी व बीडीओ को सूचित करने की बात कही। मौके पर एएसआई राजकुमार शर्मा, पूर्व प्रमुख रामसेवक पासवान, समाजसेवी रामकृष्ण पाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुशील ठाकुर, बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता, डा योगी सिंह, मुरमा खुर्द मुखिया रामबचन राम, बसंत ठाकुर, उपप्रमुख खोखन राम, अरुण कुमार, बजरंगी साह, सदर खाताबुद्दीन अंसारी, मुस्तकीन अंसारी, रामपरिखा मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

## होली के रंग में रंगे पोलपोल वासी



**मेदिनीनगर।** पोलपोल में पहली बार बुनियादी विद्यालय के मैदान में होली मिलन समारोह का आयोजन पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष व समाजसेवी संजय कुमार सिंह के द्वारा कराया गया। होली मिलन समारोह का उदघाटन पूर्ब जिला परिषद उपाध्यक्ष संजय सिंह, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टूटू सिंह, पूर्ब जिप अध्यक्ष प्रभा देवी, पूर्ब जिप उपाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह, पूर्व नगर निगम उपाध्यक्ष मनोज सिंह, बरवाडीह जिप सदस्य संतोषी शेखर, दया सिंह, ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। वही लोगों ने एक दूसरे की अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। भोजपुरी सम्राट चंदन यादव व भोजपुरी गायिका अदिति राज ने एक से बढ़कर एक होली गीत गाकर महफिल का शमा बांधे रखा। इस मौके पर पूर्व जिप उपाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि होली एक ऐसा त्यौहार है जिसमे लोग उच्च नीच, अमीर गरीब का भेद भुलाकर सभी आनंद के साथ होली में झूमते नजर आते हैं।

### पूर्वडीहा में बाबा पतिधर के प्रतिमा का आज होगा अनावरण



**चैनपुर पलामू।** प्रखंड के पूर्वडीहा पंचायत में पूर्वडीहा विकास समिति के तत्वाधान में बाबा पतिधर की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम पांच मार्च को आयोजित किया गया है। ट्रस्ट के सचिव उमाकांत दुबे ने कहा कि पूर्वडीहा में पूर्वजों का प्रतिमा स्थापित होना गौरव की बात है। मौके पर सुनील दुबे पिता स्वर्गीय सीता राम दुबे जी के द्वारा इस पावन मेला का प्रसाद वितरण का व्यवस्था किया गया है। दुबे ने सभी ग्रामीणों को कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है। अखंड कीर्तन स्थानीय कलाकार ललित व्यास के द्वारा किया जायेगा। पांच मार्च को बाबा की प्रतिमा को गांव का भ्रमण कराया जाएगा। साथ ही 11:00 बजे प्रतिमा का अनावरण एवं पूजा का कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है। बैठक में विकास समिति के अध्यक्ष शिशिर दुबे, संरक्षक सह मुखिया संतोष दुबे उर्फ पपलू दुबे, मुख्य संरक्षक अरुण दुबे, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार दुबे, जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे, समाजसेवी ओम प्रकाश दुबे, प्रवीण दुबे, डॉक्टर कृष्ण मणि दुबे, हरि किशोर दुबे, विकास समिति के सचिव उमाकांत दुबे शामिल थे।

### नौडीहा बाजार : शांति समिति की बैठक



नौडीहा बाजार (पलामू)। नौडीहा बाजार थाना परिसर मे होली और शब व बारात को लेकर शनिवार को शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल ने किया और सफल संचालन तिलक कुमार सिंह ने किया। बैठक के सम्बोधित करते हुए जीप सदस्य सुदामा प्रसाद और प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि होली और शबे व बारात आपसी भाईचारा का त्यौहार है, दोनों समुदाय के लोगों को मिलजुल कर मनाने की जरूरत है। वहीं थाना प्रभारी अमन कुमार ने कहा कि होली मे पूर्ण रूप से शराब बंद रहेगा। उक्त मौके पर राजद के जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा ने कहा कि त्यौहार के दौरान दोनों समुदाय के आपसी भाइचारा एवम सतर्कता बनाये रखने की जरूरत है। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि अमरेश कुमार श्रीवास्तव, पूर्व प्रमुख फुलवा देवी, मुखिया जितेंद्र पासवान, गौतम कुमार, मुखिया प्रतिनिध धन्नजय प्रसाद, विंदा साव, बीपीओ चन्द्र शेखर कुमार, पंचायत समिति सदस्य विजय कुमार सिंह, शत्रुध्न साव, डगरा मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, बसंत चन्द्र वंशी, मुन्ना कुमार सिंह समेत दोनों समुदाय के लोग मौजूद थे।

### प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर नगर भ्रमण



**पड़वा पलामू।** पड़वा प्रखण्ड के गोल्हना में आयोजित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर नगर भ्रमण किया गया। पंडित सुधांशु मिश्रा जी के नेतृत्व में नगर भ्रमण गोल्हना शिव मंदिर से शुरू होकर गांव के विभिन्न टोला का भ्रमण करते हुए मंदिर परिसर में पहुंच कर संपन्न हुआ। आयोजन समिति के सदस्य राजकमल तिवारी ने बताया कि रविवार को सुबह 11 बजे भंडारा होगा। मौके पर राजकमल तिवारी, तिवारी, लव तिवारी, रामकठिन तिवारी, शशिकांत तिवारी,संतोष तिवारी, बालकेश आदि मौजूद थे।

### कर्नाटक में पर्यावरणविद व सचिव ने पौधरोपण कर वृक्षों पर बांधे रक्षासूत्र



**वृक्षों पर रक्षाबंधन करते हैं कौशल, पुनम**

**मेदिनीनगर। टीपू सुल्तान के जन्म भूमि कर्नाटक के मैसूर जिले के श्रीरंगापटनम और कर्मभूमि बेंगलुरु जिले के लालबाग समेत कई स्थानों पर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्राणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल, बिपिएसए संस्था के सचिव अरविंद कुमार और प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल, कर्नाटक के नवमनोनित प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण हेगड़े एवं सचिव अंजू बंसल के साथ पौधा रोपण कर वृक्षों पर रक्षाबंधन किया।**

## कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी ने होली मिलन का किया आयोजन

होली अंहकार पर करुणा प्रेम के जीत का प्रतीक है : विकास माली

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी संस्था के द्वारा छेत्रीय कार्यालय तिनकोनिया गैरज के पास होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन संस्था के सचिव विकास कुमार माली व कोषाध्यक्ष उषा कुमारी ने संस्था के पदाधिकारी व सदस्यों को अबीर गुलाल लगाकर किया। इसके बाद संस्था के सदस्यो ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दिया। इस मौके पर विकास कुमार माली ने कहा कि जिस प्रकार के होली के रंग वातावरण को उल्लास और उत्साह से भरने के साथ खुशियां फैलाते हैं। होली अंहकार पर करुणा प्रेम के जीत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में गढ़वा में भी गरीब असहाय बहनों का शादी कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी कराने का काम करेगा। कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के रहते किसी भी बहनों को किसी भी गरीब को पैसे के अभाव में शादी विवाह कार्य नहीं रुकेगा।

## ज्ञान मंदिर पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह



**बाईपास रोड, मेदिनीनगर। शनिवार को विद्यालय के सभागार में विद्यालय परिवार के बीच त्योहार की प्रासंगिता के विषय पर एक संगोष्ठी तथा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। निदेशक विनोद कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह का संचालन शार्दुल सिंह ने किया। अपने संबोधन में निदेशक ने जीवन में सरसता हेतु त्योहार की आवश्यकता, त्योहार के मनाने की रूप रेखा पर चर्चा करते हुए विद्यालय परिवार को होली की मंगल शुभकामनाएं देते हुए नए सत्र के लिए भी कुछ आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में शिक्षक नरेंद्र तिवारी, मुकेश सिंह, अभिषेक पाण्डेय, अरुण कुमार मिश्र, राजा कुमार, राकेश वर्मा तथा शिक्षिका सीमा सिन्हा, सीमा पाण्डेय, अमृता, चंदा, सुरभि, लवली, माही, प्रीति ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अबीर लगाकर उनके बीच टॉफियां बांटी।**

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह

### बुराई पर अच्छाई के विजय का प्रतीक है होली पर्व : प्राचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, न्यू टाउनशीप, शाहपुर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह के द्वारा समारोह में उपस्थित छात्रों एवं शिक्षकों को गुलाल से तिलक लगाकर होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। उन्होंने कहा कि होली हिंदुओं के प्राचीन त्योहारों में से एक है। होलिका का नाश बुराई के नष्ट होने का प्रतीक है, बाद में भगवान विष्णु ने हिरण्यकश्यप का वध किया। इसके चलते भारत के कई राज्यों में होली से एक दिन पूर्व बुराई के अन्त के प्रतीक के तौर पर होली जलाई जाती है। होलिका पर्व हमारे हृदय की मलिनता को दूर कर, सौहार्दपूर्ण तरीके से रंगों की खुशियों को जीवन में समाहित करता है। उन्होंने कहा कि विनयशील, अनुशासित, गुणवान एवं संस्कारवान नागरिक गढ़ना ही विद्यालय का प्राथमिक लक्ष्य है। विद्यालय के निदेशक ऑक्सफोर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन एवं झारखण्ड विधानसभा (पांकी) के विधायक डॉ एस बी पी मेहता ने भी सभी को होली मिलन की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक तथा शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## अफवाह से बचें, शांतिपूर्ण ढंग से मनायें पर्व: जेके मिश्रा

>> पर्व में शांति भंग करनेवालों से सख्ती से निपटेगी पुलिस : कमलेश

>> होली और सब ए बारात पर्व को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सदर थाना परिसर में होली और शब ए बारात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने की और संचालन प्रेम प्रकाश ठाकुर ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि सदर अंचल अधिकारी जेके मिश्र, पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह, बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर, चियांकी मुखिया बिनको उरांव समेत दोनों समुदाय के लोग शामिल थे। बैठक में दोनों समुदायों ने अपने-अपने समस्या व सुझाव को रखा। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि दोनों समुदाय पर्व को शांति व सादगी के साथ मनायेंगे। मौके पर अंचल अधिकारी जेके मिश्र ने कहा कि कोई भी पर्व खुशियां लेकर आता है। पर्व के दौरान किसी तरह के अफवाह से बचें। ऐसे में सब एक साथ मिलकर शांतिपूर्ण तरीके से होली और शबे बरात को हिंदू मुस्लिम मिलकर मनाए।

मौके पर सदर थाना प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि पर्व दोनों समुदाय मिलजुल कर मनायें। पर्व के दौरान किसी भी तरह के हुड़दंग मचाया गया तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान शांति भंग करनेवाले व नशा करनेवालों को पुलिस नहीं बख्सेगी। कहा कि चौक चौराहे पर पुलिस प्रशासन की व्यवस्था की जाएगी। पर्व के दौरान पुलिस गश्त भी होता रहेगा। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि होली पर्व में लोग काफी शराब का सेवन करते हैं। शराब का सेवन करते पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने हिंदू-मुस्लिम को सादगी से मिलकर त्योहार मनाने के बात कही। कहा कि पर्व में उत्पात मचाने वालों की जानकारी फोन से दें कार्रवाई की जायेगी। मौके पर सुआ कौड़िया रामनवमी कमिटी के जनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार, अनिल विश्वकर्मा, मुकेश पांडे, सुबोध कुमार विश्वकर्मा, एएसआई शहंशाह सिद्दीकी, अबुल अंसारी, संतोष साव, सुआ मुखिया पति उपाध्याय सिंह, कौड़िया उप मुखिया प्रमोद राम, सुरेंद्र तिवारी, सुलेमान अंसारी, बसंत मेहता, सुदर्शन ठाकुर, जायरून निसा समेत कई लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### हर्ल को मिले नये एमडी एसपी मोहंती



सिंदरी। हर्ल के तीनों खाद कारखानों के लिए स्थायी प्रबंध निदेशक (एमडी) की खोज कई दिनों से जारी थी। हर्ल के नये एमडी एस पी मोहंती की घोषणा होने के बाद इस पर फिलहाल विराम लगता दिख रहा है। हालांकि इस रेस में हर्ल के कई वरीय पदाधिकारी शामिल थे। इसकी पुष्टि हर्ल सिन्दरी प्रबंधन ने भी की है। हर्ल के नये एमडी ने शनिवार को ही पदभार ग्रहण कर लिया है। एसपी मोहंती ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कारपोरेशन लिमिटेड के मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) हैं और उन्हें हर्ल के एमडी के तौर पर अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### ताला तोड़ नकद और जेवरात की चोरी

झरिया। सुदामडीह थाना अंतर्गत सुदामडीह रिभर साइड निवासी कोल कर्मी सुमन कुमार के आवास का ताला तोड़कर 40 हजार नगद एवं 70 हजार किमत की जेवरात की चोरी कर ली ।बताया जाता है कि सुमन के बड़े भाई राज कुमार के पुत्र बीमार है ।जिसे देखने के लिए सुमन अपने परिवार के साथ आवास में ताला लगाकर 28 फरवरी को बंगाल के वर्णपुर अस्पताल गए हुए थे। तभी चोरो ने घटना का अंजाम दिया है। सुमन का ससुराल भौरा में सुमन की सास ने घटना की सूचना सुदामडीह पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जाच पडताल कर रही है।

### शिक्षक से 50 हजार की लूट, एक धराया

गोमो । शुक्रवार की रात हरिहरपुर थाना अंतर्गत चैता गांव निवासी शिक्षक सीताराम महतो से 4 की संख्या में हथियार बंद लुटेरों ने पिस्टल का भय दिखाकर 50 हजार नगद समेत जरूरी दस्तावेजो से भरा बैग लूटकर भाग गए। भागने के क्रम में एक लुटेरे को चैता गाव के ग्रामीणों ने पकड़ लिया जबकि तीन लुटेरे भागने में सफल रहे। पकड़ा गया लुटेरा स्थानीय थाना क्षेत्र के शुकुडीह गाव का ही रहने वाला बताया जा रहा है।

### रेड क्रॉस ने किया रक्तदान शिविर का उद्घाटन



बोकारो। वेदांता ईएसएल सीएसआर और एचएसई टीम ने इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी और सिटीजन्स फाउंडेशन के सहयोग से ओएचसीए 16 खाता में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विजय सिंधु और डॉ यू मोहंती ;प्रमुख . इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटीए बोकारोद्ध द्वारा आशीष रंजन ;प्रमुख . सीइसआरए ईआर और पीआरए ईइसएलद्ध की उपस्थिति में किया गया। इस रक्तदान शिविर में ईएसएल के लगभग कर्मचारियोंए बिजनेस पार्टनर्सए वेंडर्स आदि ने भाग लिया। आयोजन टीम द्वारा रक्तदाताओं को उनके इस नेक योगदान के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# बजट में सर्वजन सुखाय, सर्वजन हिताय की भावना समाहित : पूर्णिमा

खबर मन्त्र संवाददाता

झरिया। झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव द्वारा पेश किए गए बजट को सर्वजन सुखाय, सर्वजन हिताय की भावना को चरितार्थ करनेवाला बजट करार दिया है। कहा कि कोरोना की विकराल कालखंड के बाद जिस तरह से हेमन्त सरकार ने दृढ़ इक्षाशक्ति के साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को न सिर्फ पटरी पर लाया है बल्कि विकास दर में ऊंची छलांग लगाई है आज अपने आप मे बेस्ट वित्तीय प्रबंधन को दशार्ता है। बजट में स्थापना मद की राशि को कम और योजना मद की राशि को बढ़ाकर वित्त मंत्री ने विकास की धारा को आगे बढ़ने का निश्चय दिखाया है। कहा कि योजना मद में राशि के बढ़ने से रोजगार के भी द्वार खुलेंगे। उन्होनें कहा कि बजट झारखंड की जनता के भावनाओं के अनुकूल है। महिला एवं बाल विकास विभाग में 60 प्रतिशत राशि बढ़ाई गई है। इसी तरह सरकार ने आधारभूत संरचना को विकसित करने के लिए बजट राशि मे प्राथमिकता थी है। जिस तरह से वित्त मंत्री ने कहा था कि यह वर्ष क्रियान्वयन का वर्ष होगा वह बजट में साफ दिख रहा है।



### भ्रम फैलाना विपक्ष का काम

एक सवाल के जवाब में उन्होनें कहा कि विपक्ष का काम सिर्फ भ्रम फैलाना है। विपक्ष को जनता का विकास रास नहीं आता है। वित्त मंत्री ने बजट आकर को 15 प्रतिशत बढ़ाया है। योजना मद की राशि 70 हजार करोड़ से ज्यादा है। विपक्ष को यह समझना चाहिये कि जब योजना मद की राशि बढ़ती है तो रोजगार सहित कई क्षेत्र के द्वार खुलते हैं।

### झारखंड के लिए विकासोन्मुख है यह बजट : योगेंद्र



बोकारो/कसमार। गोमिया के पूर्व विधायक सह झारखंड राज्य समनव्य समिति सदस्य सह दर्जा प्राप्त मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो जी ने झारखंड सरकार के वित्तीय वर्ष 2023.24 के लिए पेश बजट की भूरी भूरी प्रशंसा की है। सीएम हेमंत सोरेन ने गरीब, मजदूर, किसान, युवा और महिलाओं के उत्थान एवं विकास को प्राथमिकता देकर अपनी मजबूत प्रतिबद्धता दिखाई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य और ऊर्जा, उद्योग के लिए बेहतर बजट है।

## खेल महोत्सव का सांसद ने लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

झरिया। बीसीसीएल जेलगोड़ा जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में दो दिवसीय होने वाले सांसद खेल महोत्सव की तैयारी का जायजा लेने धनबाद के भाजपा सांसद पीएन सिंह स्टेडियम पहुँचे और पानी शौच आदि का व्यवस्था को देखा, इस अवसर पर कार्यकताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के कई मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि 18 व 19 मार्च को दो दिन धनबाद के पांचों विधानसभा से कई खिलाड़ी भाग लेंगे। खोले में मैराथन दौड़, कुश्ती , साइकिल रेस,लॉन्ग जम्प, हाई जम्प, योगा आदि है ।निरक्षण करने वालों में नितिन भट्ट, दिनेश यादव, भागा मंडल अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, उमेश यादब, राजकुमार अग्रवाल, राज किशोर जेना, अखिलेश सिंह,राहुल सिंह, वीरेंद्र वर्मा आदि थे।



### हमीद फाउंडेशन समर्थकों की बैठक

झरिया ।झरिय व डिगवाडीह में शनिवार को शहीद वीर हमीद फाउंडेशन समर्थकों कि हुई बैठक में लोगों ने शिक्षा में बढ़ती अपराधीकरण पराकाष्ठा पर जिला शिक्षा अधिकारी से रोक लगाने कि मांग कि गयी। फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष कैशर सहाब कि अध्यक्षता में बैठक हुई।

### उत्पाद विभाग ने अवैध शराब किया जब्त

धनबाद। रंगों का त्योहार होली को मद्देनजर देखते हुए उत्पाद विभाग द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर रंगाटांड बस्ती, तोपचांची थाना के अंतर्गत मंटू गोस्वामी उर्फ ठाकुर गोस्वामी के नवनिर्मित मकान में पचासी कार्टून अवैध शराब जप्त कि गई। जिसमें 65 पेटी नाईट गर्ल्स एवं ब्लैक हॉर्स, एट.पीएम 3 पेटी, स्पेलिंग बी निव 2 पेटी हाफ 1 पेटी, आई.बी निव 1पेटी,मेगडोल हाफ 3 पेटी निव 8 पेटी, एमसीडी 3 पेटीअवैध शराब जप्त कि गई है। इसकी कीमत 5 लाख रुपए बताई जा रही है। उत्पाद विभाग की ओर से कुंदन कुमार, भुनेश्वर नायक, मणिकांत कुमार, सनी विवेक तिर्की शामिल थे।

## डीडीसी ने जागरूकता रथ को किया रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। उप विकास आयुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने आज समाहरणालय परिसर से जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रथ को रवाना करने के बाद उन्होंने कहा कि जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंड एवं पंचायतों का भ्रमण करेगा। इस दौरान महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की योजनाओं के संबंध में लोगों को जागरूक करेगा। इसका उद्देश्य हर योग्य व्यक्ति को योजना का लाभ प्रदान करना है। मौके पर उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग कुमार बंधु कच्छप, कार्यपालक पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के रंजीत कुमार शर्मा, कृष्ण कुमार दान, प्रोमिला मालटो, मोहम्मद कादिर अंसारी, टिंकू चन्द्र दास, रंजीत तुरी व अन्य कर्मी मौजूद थे।




### वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

धनबाद। महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड, महिला विकास समिति के द्वारा प्राप्त निदेर्शानुसार 1 मार्च से लेकर 8 मार्च तक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करना है। इसी कड़ी में आज रेड क्रॉस सोसाइटी भवन में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर रंगोली प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया।

## होली मिलन समारोह में गूंजे फगुआ के गीत

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। शनिवार को कला भवन के सामने विवाह भवन में धनबाद जिला परिषद संवेदक संघ का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें धनबाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों से सभी संवेदको ने भाग लिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता आकाश रवानी ने की और संचालन रसाद खान ने किया उक्त कार्यक्रम में विशेष कलाकारों द्वारा फगुआ गीत के साथ गाने-बजाने का भी आयोजन किया गया साथ ही सभी संवेदको के लिए पुआ पकवान एवं मछली भात का व्यवस्था किया गया। वहीं संघ के अध्यक्ष आकाश रवानी ने कहा कि होली भाईचारे का त्यौहार है और आज विभिन्न समुदाय के लोगों ने यहां पर आकर के होली मिलन समारोह को सफल बनाया यह भी एक बहुत बड़ा उदाहरण है कि हमें होली में हर गिला शिकवा भुला करके एक हो जाना चाहिए मैं सभी से अपील करता हूं कि इस बार होली शांतिपूर्वक, सावधानीपूर्वक एवं हंसी खुशी के साथ मनाएं।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व अध्यक्ष राजेश सिंह संरक्षक पप्पू चौरसिया वरीय संवेदक काशीनाथ प्रसाद संवेदक मनोज रवानी, महबूब आलम, संदीप मंडल,बबलू तिवारी,सुमित घोष,समीर रवानी ,मोहम्मद असलम,गोपीनाथ महतो , मुकेश सिंह, अजय गुप्ता, रंजन सिंह , मोहम्मद साहबउद्दीन, पंकज सिंह , गुड्डू चौधरी, धनेश्वर सिंह समेत सैकड़ों संवेदक उपस्थित थे।

### नगर परिषद फुसरो में होली की धूम

बेरमो। नगर परिषद फुसरो मे शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गायक चांदी पाठक एवं इंद्रदेव दुबेए हारमोनियम पर मोण्असलम और ढोलक पर रोहित चौधरी आदि ने होली के गीतों से समारोह को आनंदमय बना दिया। मौके पर नगर परिषद फुसरो के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंहए उपाध्यक्ष छेदी नोनिया के अलावा कांग्रेस नेता गिरजा शंकर पांडेयए हरेन्द्र सिंहए शिवनंदन चौहानए परवेज अख्तरए उत्तम सिंहए प्रमोद सिंहए संजीव सिंहए राकेश सिंहए भोजपुरी सम्राट लाखन सिंहए ललन सिंहए वार्ड पार्षद श्रीकांत मिश्राए भरत वर्माए आनंद रामए अनिल साव आदि उपस्थित थे।

### दुकान का दिलाया गया मालिकाना हक

कुमारधुबी। शनिवार सुबह निरसा थाना क्षेत्र अंतर्गत भल जोड़ियां रोड स्थित सड़क किनारे की दुकान भारत स्टोर को झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश के बाद पहुंचे मजिस्ट्रेट ने विगत कई वर्षों से चल रहे ।भारत स्टोर दुकान और दुकान के मकान मालिक निरसा निवासी रहमान को दखल दिलवा दिया। मकान मालिक रहमान ने बताया कि विगत कई वर्षों पूर्व ही उन्होंने यह दुकान खरीदी थी और इसमें भारत स्टोर की दुकान दार भाड़े पर इसे चला रहे थे पर कई बार दुकान को खाली करवाने की बात कहने पर भी दुकान खाली नहीं की जा रही थी। इसके बाद उन्होंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और एक लंबी लड़ाई के बाद न्यायालय ने दुकान उनके हित में दखल दिलाने का फैसला किया।

## हनुमान मंदिर के भूमि पूजन में शामिल हुए दीप नारायण सिंह

पश्चिमी टुंडी। शनिवार को मनियाडीह हनुमान मंदिर का भूमि पूजन हुआ। जिसमें जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए। हनुमान मंदिर भूमि पूजन के क्रम में दीप नारायण सिंह ने श्रम दान किया। बताते चलें कि गांव के युवाओं ने हनुमान मंदिर का निर्माण मनियाडीह बजार में करने का निर्णय लिया है । इसी कड़ी में आज हनुमान मंदिर का भूमिपूजन हो रहा है। इस अवसर पर दीप नारायण सिंह ने कहा कि मनियाडीह बजार में हनुमान मंदिर का निर्माण होना गर्व का विषय है। इस प्रकार के धार्मिक आयोजन में शामिल होने से मन को शांति मिलती है और मन में सकारात्मक ऊर्जा के साथ समाजिक कार्य करने की शक्ति प्राप्त होती है। ऐसे धार्मिक कार्यों में सभी को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। मौके पर कनक गुप्ता, साधन दा,मंजित रक्षित,हीरा लाल दा, लाल तुरी, उमेश कुमार महतो, गोतम कुमार पाण्डेय, राजन मोदी, राजेंद्र दा, निवास कुमार दा मौजूद थे।

## युवाओं के स्वरोजगार के लिए बोकारो में खुलेगा दीक्षा केंद्र

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट और डालमिया भारत सीमेंट ने नाबार्ड के सहयोग से बोकारो में सीएसआर तथा आस.पास के परिक्षेत्र में रहने वाले युवाओं के बीच स्वरोजगार विकसित करने के उद्देश्य से दीक्षा केन्द्र की शुरूआत की है। बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर.1 सी स्थित बोकारो इस्पात विद्यालय में स्थापित इस केन्द्र में युवाओं और महिलाओं को प्रशिक्षित कर हुनरमंद बनाया जाएगाए ताकि वे स्वरोजगार की दिशा में उन्मुख हो सकें। सेलध्बीएसएलए डालमिया भारत फाउंडेशन तथा नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में संचालित इस साझा दीक्षा केन्द्र में भारत सरकार के एनएसडीसी द्वारा मान्यता प्राप्त पांच ट्रेड का प्रशिक्षण दिया जायेगाए जिसमें असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियनए सोलर टेक्निशियनए जेनरल ड्यूटी असिस्टेंटए कस्टमर रिलेशन मैनेजर एवं सिलाई मशीन ऑपरेटर के प्रशिक्षण शामिल हैं। प्रशिक्षणार्थियों को डिजिटल लिटरेसी ट्रेनिंग भी दी जाएगी यह प्रशिक्षण अगले माह से शुरू होने जा रहा है।

# मां श्यामा काली मंदिर की वर्षगांठ पर झंडा यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। न्यू स्टेशन रेलवे कॉलोनी से माँ श्यामा काली मंदिर का तृतीय वर्षगाठ के शुभ अवसर पर माता का झण्डायात्रा न्यू स्टेशन से पुराना बाजार होते हुए शक्ति मंदिर तक गया ।पुनः वहीं से वापस माँ श्यामा काली मंदिर आया ।फिर पूजा पाठ का कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। रविवार 5 मार्च को दोपहर 12 बजे से पांच बजे तक भव्य भंडारा का आयोजन किया गया है। एवं रात्रि आठ बजे से माता का जागरण का आयोजन किया गया हैं ।इस जागरण का मुख्य गायक राजू सिंह अनुरागी की टीम रहेगी ।माँ श्यामा काली की झण्डा यात्रा में आपसी सौहार्द्र और भाईचारे का अनूठा संगम देखने को मिला ।यात्रा में हिन्दू मुस्लिम समुदाय के गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाये में मुख्य सदस्य कमिटी की अध्यक्ष गौरी शंकर पाण्डेय, चेयरमैन मुन्ना सिंह,युवा संघर्ष मोर्चा जनवादी के संयोजक सह समाजसेवी दिलीप सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रविंद्र वर्मा,अफजल खान, पुराना बाजार चैंबर के पूर्व अध्यक्ष सोहराब खान, रत्नेश सिंह, इमरान अली, अफरोज खान, मो.सलाउद्दीन, मो. तनवीररोबिन चटर्जी, बिस्वजीत पॉल, आशीष, अंशु, राजेश, तमन्ना, नितेश, अंकुर, अंकित, गोलू, आशीष, बिनोद, दिनेश, कफील, मुकेश, राजू एवं गणेश सिंह आदि उपस्थित थे।



### श्री श्याम फागुन महोत्सव में ज्योति पाठ



कतरास। दो दिवसीय श्री श्याम फागुन महोत्सव कतरास राजस्थानी भवन हटिया में बड़े धूमधाम से मनाया गया। जय श्री श्याम फागुन महोत्सव का शनिवार को दूसरा दिन श्याम जी श्याम ज्योति पाठ कराया गया। 108 महिलाओं ने मिलकर श्याम ज्योति पाठ किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आनंद खंडेलवाल महेश अग्रवाल विष्णु ननोर्ली राजन खंडेलवाल शशि राजगढ़िया शुभम राजगढ़िया लाली शर्मा नितिन खंडेलवाल सुमित खंडेलवाल जगदीश राजगढ़िया जगदीश रावत विकास अग्रवाल कैलाश खंडेलवाल बंटी खंडेलवाल रघुनाथ दंगायच केवल कौन था गुड्डू कन्हैया राजगढ़िया सुभाष अग्रवाल सरवन खेतान दीपक अग्रवाल दीपक खंडेलवाल की मुख्य भूमिका रही।


**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA**

**VERY SHORT TENDER e-Procurement Notice**

**Tender Reference No. DWSD/CTR/SP/49/2022-23 (1st Call) DT: 04.03.2023**

| Sl. No. | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Supply of Spare Parts of Deep Well Hand Pump India Mark-II Conforming to IS:9301-1990 with latest amendment (may be read along with 1st amendment IS:15500(Part II) 2004 with latest amendment for spares of India Mark-II respectively) under D.W & S. Division, CHATRA for the year 2022-23 |
| 2 | Estimated Cost (In Lakh) | 20.55471 Lakh |
| 3 | B.O.Q Cost (In Rs.) | 5000.00 |
| 4 | Earnest Money (In Rs.) | 41500.00 |
| 5 | Time of Completion | 01 Month |
| 6 | Date of publication of Tender on Website. | 06.03.2023 at 5:00 PM |
| 7 | Last Date / Time for receipt of Bid. | 11.03.2023 upto 5:00 PM |
| 8 | Last Date submission cost of BOQ and EMD (In Hard Copy) | 13.03.2023 upto 12:30 PM In the Office of - Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra |
| 9 | Date of Opening of Tender | 13.03.2023 at 02:00 PM |
| 10 | Name & Address of office inviting tender. | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) |
| 11 | Contact No. of e-Procurement Office | +91-7544099310, +91-9931972161 or 06541-253273 |
| 12 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 |

- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.
- Jharkhand S.S.I Units registered with District Industrial Central/Industrial Area Development authority as well as with NSIC, shall be given B.O.Q free of cost and exempted from deposit of Earnest Money along with tender paper as per Government of Jharkhand Industrial Purchases Police 2014 vide issued Jharkhand Gazette, No. 2963 Dated 20th October 2014.

**Executive Engineer**
**D.W.&S. Division, CHATRA**

PR 291898 Drinking Water and Sanitation(22-23).D



**नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखण्ड**
**बड़की सरैया नगर पंचायत,गिरिडीह**

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–UDD/BSNP/ 06 / 2022-23 / 2nd Call
दिनांक–04.03.2023

| क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्यपूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 4 | 5 |
| i | Rejuvenation of Manager Talab in ward no.10 Under Badki Saraiya Nagar Panchayat. | 2,30,21,829.00 | 4,60,500.00 | 25000.00 | 09 माह |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर निविदा अपलोड करने की तिथि | दिनांक–09.03.2023(पूर्वाहन 11:00 बजे से) |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि | दिनांक–16.03.2023 (अपराहन 3:00 बजे तक ) |
| 3. | परिमाण विपत्र का मूल्य एव अग्रधन की राशि आदि कागजात कार्यालय बड़की सरैया नगर पंचायत में जमा करने की अंतिम तिथि | दिनांक–17.03.2023 (अपराहन 3:00 बजे तक) |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक–17.03.2023 (अपराह्न 4:00 बजे तक) |
| 5. | निविदा आमंत्रण करने वाले पदाधिकारी का नाम | कार्यपालक पदाधिकारी, बड़की सरैया नगर पंचायत |
| 6. | निविदा से संबंधित जानकारी हेतु मोबाईल नंम्बर | 7004041161, 8789049342, 7254054544 |
| 7. | ई–प्रोक्यूरमेंटसेल का हेल्प लाइन नम्बर | 0651 -2491232 |

नोट:–केवल ई–निविदा स्वीकृत होगा। प्राक्कलित राशि घट / बढ सकती है। अन्य सूचनाऐ एवं निविदा की आवश्यक शर्तें से संबंधित जानकारी वेबसाईट http:www.Jharkhandtenders.gov.in/ बड़की सरैया नगर पंचायत के सूचनापट् पर देखा जा सकता है।

ह०/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
बड़की सरैया, नगर पंचायत

PR 291899 Urban Development(22-23).D



**कार्यालय गुमला नगर परिषद्, गुमला**
**वित्तीय वर्ष 2023–24**

**सैरात बन्दोबस्ती सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 (माह 01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 तक) के लिए गुमला नगर परिषद् द्वारा निम्नांकित सैरातों की वार्षिक बन्दोबस्ती हेतु खुला डाक दिनांक 20.03.2023 दिन सोमवार को अपराह्न 03:00 बजे से गुमला नगर परिषद् के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी।

| क्र० सं० | सैरात का नाम | न्यूनतम डाक की राशि (रू० में) | जमानत की राशि (रू० में) | आवेदन प्रपत्र शुल्क (रू० में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ललित उराँव बस पड़ाव वाहन शुल्क वसूली की बन्दोबस्ती। | 49,11,731/- | 4,91,173/- | 10,000/- |
| 2 | गुमला बाजार टॉड अन्तर्गत अस्थायी फुटपाथ दुकान, मार्केट, ठेला पर बेचने वाले फल दुकान, सब्जी दुकान, गुमटी एवं अन्य छोटे दुकान की बन्दोबस्ती। | 20,00,000/- | 2,00,000/- | 5,000/- |
| 3 | गुमला नगर परिषद् क्षेत्रान्तर्गत अस्थायी फुटपाथ दुकान, टंगरा मार्केट, ठेला पर बेचने वाले फल दुकान, सब्जी दुकान, गुमटी एवं अन्य छोटे दुकान की बन्दोबस्ती। | 9,83,686/- | 98,369/- | 5,000/- |
| 4 | पालकोट रोड स्थित टेम्पू पड़ाव की बन्दोबस्ती। | 4,59,993/- | 45,999/- | 2,000/- |
| 5 | सिसई रोड स्थित टेम्पू पड़ाव की बन्दोबस्ती। | 4,28,550/- | 42,855/- | 2,000/- |
| 6 | गुमला नगर परिषद् क्षेत्रान्तर्गत विज्ञापन की बन्दोबस्ती। | 4,00,000/- | 40,000/- | 2,000/- |

बैठक में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति आवेदन की राशि नगर परिषद्, गुमला में जमा करते हुए आवेदन प्राप्त कर आवेदन के साथ जमानत की राशि एवं अन्य कागजात दिनांक 18.03.2023 तक कार्यालय अवधि में जमा करेंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात किसी भी परिस्थिति में आवेदन स्वीकार्य नहीं किये जायेंगे। आवेदन प्रपत्र एवं जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। आवेदन के साथ जमानत की राशि जमा नहीं करने वाले व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग नहीं लेंगे। नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी नगर परिषद् कार्यालय के सूचना पट्ट एवं संबंधित कर्मी से प्राप्त की जा सकती है। आवेदन शुल्क Non Refundable होगा। आवेदन प्रपत्र कार्यालय अवधि में दिनांक 16.03.2023 से 17.03.2023 तक निर्धारित आवेदन प्रपत्र शुल्क जमा करते हुए प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
गुमला नगर परिषद्, गुमला।

PR 291900 (District) 22-23 (D)



**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,**
**Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement very Short Notice1st Call**

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/49/22-23 Dated **03.03.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy Services for preparation of Inception cum Feasibility Report for DAV Hehal to Pandra in Ranchi District. from Consultant's empanelled in Category- I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no- 3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 3.17 Km, |
| 3 | Work completion time | 15 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 06.03.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 15.03.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 16.03.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Field Survey Division,A.P**
**Road Construction Department,Ranchi .**

PR291915 (Road)22-23*D

## समय संवाद

ब्रज की विशेष मस्ती भरी होली होने का कारण यह है कि इसे कृष्ण और राधा के प्रेम से जोड़ कर देखा जाता है। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन नंदगाँव के ग्वाल- बाल विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना के पश्चात होली खेलने बरसाना गांव में आते हैं और बरसाना गांव के लोग नंदगांव में जाते हैं। इन पुरूषों को हुरियारे (होरियारे) कहा जाता है। बरसाना की लट्ठमार होली के बाद अगले दिन यानी फाल्गुन शुक्ल दशमी के दिन बरसाना के हुरियार नंदगांव की हुरियारिनों से होली खेलने उनके यहां पहुंचते हैं। तब नंदभवन में होली की खूब धूम मचती है।अर्थात- श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य, और आत्मनिवेदनम। भक्ति मार्ग के इस चरम सोपान को प्राप्त कर लेने के बाद प्राणी परमात्मा को प्राप्त कर लेता है।

# जागरण और सौहार्द्र का त्योहार होली





**रविरंजन**

**पौराणिक** मान्यताओं के अनुसार फाल्गुन शुक्लपक्ष अष्टमी होलाष्टक तिथि का आरम्भ है। इस तिथि से पूर्णिमा तक के आठों दिनों को होलाष्टक कहा गया है। शुभ कार्यों के लिए वर्जित इन आठों दिनों के बारे में अनेकों पौराणिक घटनाओं का वर्णन मिलता है।

**होलाष्टक कथा**

प्रहलाद जन्म से ही ब्रह्मज्ञानी थे और हरपल भगवत भक्ति में लीन रहते थे, उन्हें सभी नौ प्रकार की भक्ति प्राप्त थी जिनका उन्होंने इस तरह वर्णन भी किया है - श्रवणं कीर्तनं विष्णोः स्मरणं पाद सेवनम। अर्चनं वन्दनं दास्यंसख्यमात्म निवेदनम। अर्थात- श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य, और आत्मनिवेदनम। भक्ति मार्ग के इस चरम सोपान को प्राप्त कर लेने के बाद प्राणी परमात्मा को प्राप्त कर लेता है। प्रहलाद भी इसी चरम पर पहुंच गये थे जिसका उनके पिता हिरन्यकश्यपु अति विरोध करते थे किंतु, जब प्रहलाद को नारायण भक्ति से विमुख करने के उनके सभी उपाय निष्फल होने लगे तो, उन्होंने प्रह्लाद को इसी तिथि फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी को बंदी बना लिया और मृत्यु हेतु तरह तरह की यातनायें देने लगे, किन्तु प्रहलाद विचलित नहीं हुए। इसदिन से प्रतिदिन प्रहलाद को मृत्यु देने के अनेकों उपाय किये जाने लगे किन्तु भगवत भक्ति में लीन होने के कारण प्रहलाद हमेशा जीवित बच जाते।

इसी प्रकार सात दिन बीत गये आठवें दिन अपने भाई हिरण्यकश्यपु की परेशानी देख उनकी बहन होलिका (जिसे ब्रह्मा द्वारा अग्नि से न जलने का वरदान था) ने प्रहलाद को अपनी गोद में लेकर अग्नि में भस्म करने का प्रस्ताव रखा जिसे हिरण्यकश्यपु ने स्वीकार कर लिया। परिणाम स्वरुप होलिका जैसे ही अपने भतीजे प्रहलाद को गोद में लेकर जलती आग में बैठी तो, वह स्वयं जलने लगी और प्रहलाद पुनः जीवित बच गए क्योंकि उनके लिए अग्निदेव शीतल हो गए थे। तभी से भक्ति पर आघात हो रहे इन आठ दिनों को होलाष्टक के रूप में मनाया जाता है।

भक्ति पर जिस-जिस तिथि-वार को आघात होता उस दिन और तिथियों के स्वामी भी हिरण्यकश्यपु से क्रोधित हो उग्र हो जाते थे, इसीलिए इन आठ दिनों में क्रमशः अष्टमी को चंद्रमा, नवमी को सूर्य, दशमी को शनि, एकादशी को शुक्र, द्वादशी को गुरु, त्रयोदशी को बुध एवं चतुर्दशी को मंगल तथा पूर्णिमा को राहु उग्र रूप लिए माने जाते हैं तभी से इन दिनों में गभार्धान, विवाह, पुंसवन, नामकरण, चूड़ाकरन, विद्यारम्भ, गृह प्रवेश व निर्माण सकाम अनुष्ठान आदि अशुभ माने गये हैं। तभी से फाल्गुन शुक्ल अष्टमी के दिन से ही होलिकादहन स्थान का चुनाव किया जाता है, इस दिन से होलिका दहन के दिन तक इसमें प्रतिदिन कुछ लकड़ियां डाली जाती है, पूर्णिमा तक यह लकड़ियों का बडा ढ़ेर बन जाता है।

पूर्णिमा के दिन शायंकाल शुभ मुहूर्त में अग्निदेव की शीतलता एवं स्वयं की रक्षा के लिए उनकी पूजा करके होलिकादहन किया जाता है। इन्हीं दिनों को होलाष्टक कहा गया है।

### धैर्य का प्रतीक होली

महिलाएँ पुरुषों को लट्ठ मारती हैं, लेकिन गोपों को किसी भी तरह का प्रतिरोध करने की इजाजत नहीं होती है। उन्हें सिर्फ गुलाल छिड़क कर बरसाना की महिलाओं को चकमा देना होता है। पकड़े जाने पर नंदगांव के पुरुषों जमकर पिटाई होती है अथवा महिलाओं के कपड़े पहनाकर, श्रृंगार इत्यादि करके उन्हें नचाया जाता है। मान्यता है कि द्वापर युग में श्रीकृष्ण को बरसाना की गोपियों ने नचाया था।

दो सप्ताह तक चलने वाली इस मस्ती भरी होली में सिर्फ प्राकृतिक रंग- गुलालों का ही प्रयोग किया जाता है, जिससे वातावरण बहुत ही सुगन्धित, आनन्दित व उत्साहित रहता है। अगले दिन यही प्रक्रिया पुनः दोहराई जाती है, लेकिन इस बार बरसाना नहीं बल्कि नंदगांव में, जहाँ नंदगांव की गोपियाँ, बरसाना के गोपों की रंग - अबीर और लट्ठों से जमकर धुलाई करती है।

# भक्ति के परम स्थान तक पहुंचना ही सबका उद्देश्य

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**सभी** धर्मों, पंथ और संप्रदाय का मार्ग एक ही है और इस कारण भक्ति की उंची स्थिति में पहुंचना ही भक्त का उद्देश्य होना चाहिए। सनातन हिन्दू, इस्लाम, ईसाई सहित सभी धर्मों के गुरु का कार्य जीव का उद्धार कराना ही है। आज यह बड़ी बात है कि सगुण के रूप में सद्गुरु के दर्शन और श्रवण का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि एक भक्त पटना आश्रम में आते थे। वृद्ध थे और रामायण की अच्छी जानकारी थी। लगभग चार-पांच साल तक आने के बाद भी वे मंत्र दीक्षा नहीं ले रहे थे। उन्हें शिकायत भी थी कि उनके मित्र और सहयोगी उन्हें दीक्षा लेने पर जोर दे रहे हैं। लगभग पांच साल ब्रह्म विद्यालय और आश्रम के पटना और मुख्य स्थान तक जाने के बाद उन्होंने अपनी शंका जाहिर की कि गुरुदेव हमने देवराहा बाबा से दीक्षा ली है तब क्या ब्रह्म विद्यालय की दीक्षा ली जा सकती है। लोग कहते हैं एक ही गुरु किया जाना चाहिए। यह सच है कि एक गुरु होना चाहिए। लेकिन गुरु तत्व पूरे संसार में एक ही है। आवश्यकता है आप जीवन में इसे अपना लें। उन्होंने मंत्र दीक्षा भी ली और सन्यासी भी बन गये। गुरु पद है उसे स्वीकार्य किया जाना चाहिए। वे अति विनम्र और मधुर बोलने वाले थे। गुरु के प्रति आपका प्रेम और समर्पण आपको बड़े ही शानदार ढंग से लौटता है। इस का साक्षात उदाहरण हमारे दरबार में एक नहीं अनेकों हैं। जीव के उद्धार के लिए परम पूज्यनीय स्वामी शिवधर्मानंद जी ने जो वाणी और व्यवहार अपनाया वर्तमान समय में वह ज्ञान और भक्ति की संपूर्ण उंचाई का सर्वोच्च उदाहरण है। जब गढ़वा घाट काशी बनारस के स्वामी जी ने स्वामी शिवधर्मानंद जी को गंगा पार भेजा तो एक भी व्यक्ति सहयोग के लिए नहीं था। उन्हें एक गांव में भेज दिया। आज वही गांव पूरे देश में तत्व ज्ञान के प्रचार प्रसार का केन्द्र बना। स्वामी रामकृष्ण परमहंस की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि काली मां के प्रति उनका जो प्रेम था उनका भाव था जिसमें रात-दिन डूबे रहते थे। स्वामी तोतेपूरे ने उन्हें ज्ञान का अहसास करा दिया। स्वामी रामकृष्ण उस परमतत्व को प्राप्त कर गुरु पद को सुशोभित किया। राम जब वन में गये तो वहां कई ऋषियों-मुनियों ने उनका संवाद हुआ। राम की भक्ति और ज्ञान की स्थिति से ऋषियों-मुनियों को लगा कि उनका जप-तप इस दशरथ नंदन राम के आगे नहीं टिकता है। राम अहंकार रहित थे। मनुष्य भक्ति के माध्यम से ज्यादा पा सकता है। तुलसीदास ने सदैव भक्ति की महिमा का बखान किया है। जो भी जप-तप से प्राप्त बल है उससे अधिक टिकाउ भक्ति के माध्यम से प्राप्त ज्ञान दृष्टि है। जो परम आत्मा है वही परमात्मा है। मजनू से जब कहा गया कि वह खुदा की इबादत करें तो उसने कहा कि खुदा अगर लैला के रूप में आ जाये तो उसकी इबादत कर सकता है। प्रेम बड़ा है या ईश्वर? निश्चित प्रेम बड़ा है। प्रेम ही परम बना देता है, परमात्मा बना देता है।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर, बक्सर बिहार)

# जीव का शिव से मिलन, बाबा बैद्यनाथ के साथ श्रद्धालु खेलते हैं होली



नये साल के आने की खुशी में ये पर्व मनाया जाता है। इस दिन लोग एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई देते हैं। ऐसा कहा जाता है कि भगवान श्री कृष्ण ने राधा रानी के साथ सबसे पहले होली खेली थी।

**बरसाने की लठमार होली:** बरसाने की लठमार होली सबसे ज्यादा प्रचलित है। इसमें नंदगाव के पुरुष बरसाना के राधारानी के मंदिर में ध्वजा फहराने की कोशिश करते हैं जिन्हें लठमार कर बरसाने की महिलाएं दूर रखती हैं। नंदगांव में भगवान कृष्ण का लालन पालन हुआ था तो बरसाने में राधा रानी का। बरसाने की लठमार होली की परंपरा एक हफ्ते पहले से शुरू हो जाती है। इस लठमार होली के दौरान अगर पुरुष महिलाओं की पकड़ में आ जाते हैं तो उनकी जमकर कुटाई होती है और उन्हें महिलाओं के कपड़े पहनकर नाचना होता है।

**मथुरा-वृंदावन में फूलों की होली:** मथुरा में फूलों की होली से खेलने की परंपरा काफी पुरानी है। ये होली भी एक सप्ताह तक मनाई जाती है। वृंदावन सहित देश के कई हिस्सों में होली के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसमें नृत्य के साथ साथ एक दूसरे पर फूलों की बरसात की जाती है। होली से पहले पड़ने वाली एकादशी पर ये होली खेली जाती है।

**पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन की बसंत-उत्सव होली:** पश्चिम बंगाल में होली को बसंत उत्सव के रूप में मनाया जाता है। ये होली जिसकी शुरूआत रविंद्रनाथ टैगोर ने की थी इसे बंगाल की सबसे पुरानी यूनिवर्सिटी शांति निकेतन में मनाया जाता है। यहां सिर्फ अबीर और गुलाल से होली खेली जाती है। यूनिवर्सिटी के छात्र होली के दिन खास सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं।

**पंजाब की होला-मोहल्ला होली:** पंजाब में होली के त्योहार को एक अलग ही ढंग से मनाया जाता है। इस दिन लोग एक जगह पर एकत्रित होकर तलवारबाजी, कुश्ती, मार्शल आर्ट्स जैसे करतबों का आयोजन करते हैं। इस सब चीजों का प्रदर्शन रंगों को गुलाल के बीच किया जाता है।

**उदयपुर की शाही होली:** यहां शाही अंदाज में होली खेली जाती है। यहां सिटी पैलेस में शाही निवास से मानेक चौक तक शाही जुलूस निकाला जाता है। जिसमें हाथी, घोड़ा से लेकर रॉयल बैंड भी शामिल होते हैं।



**प्रशांत झा**

2023 **होली** हिंदू धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक है। यह त्योहार फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के अगले दिन मानाया जाता है। झारखंड के देवघर में भक्त बाबा बैद्यनाथ के साथ होली खेलते हैं। इसी तरह बासुकीनाथ में भी होली पर विशेष आयोजन होता है।

यूं तो बसंत पंचमी ( सरस्वती पूजा) के बाद ही माहौल में होली का असर दिखने लगता है। होली होलिका दहन के अगले दिन अपने चरम पर होती है। यह त्योहार फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के अगले दिन मानाया जाता है। दरअसल फाल्गुन मास की पूर्णिमा को होलिका दहन मानाया जाता है। इसे बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना गया है। झारखंड के देवघर और बासुकीनाथ में होली का रंग अलग ही होता है।

### होलिका दहन की पूजा-विधि

शास्त्रों में होलिका दहन से पहले पूजा का विधान बताया गया है। इसके लिए शौच आदि से निवृत होकर स्नान करे लें। इसके बाद होलिका पूजा वाले स्थान पर पूरब या उत्तर दिशा की ओर मुंह करके बैठ जाएं। फिर पूजन में गाय के गोबर से होलिका और प्रह्लाद की प्रतिमाएं बनाएं। पूजन सामग्री के लिए फूलों की माला, रोली, गंध, पुष्प, कच्चा सूत, गुड़, साबुत हल्दी, मूंग, बताशे, गुलाल, नारियल, पांच या सात प्रकार के अनाज, नई गेहूं और अन्य फसलों की बालियां और साथ में एक लोटा जल इत्यादि की व्यवस्था कर लें। इसके बाद इन पूजन सामग्रियों से होलिका दहन की पूजा करें। फिर बड़ी-फूलौरी, मीठे पकवान, मिठाईयां, फल आदि भी अर्पित करें. साथ ही भगवान नरसिंह की भी पूजा करें। होलिका के चारों ओर सात परिक्रमा करें।

### बाबा बैद्यनाथ की होली का खास महत्व

होली का त्योहार यूं तो पूरे देश में मनाया जाता है। देश के अलग-अलग जगहों पर इसके विविध रंग भी देखने को मिलते हैं। देवघर स्थित द्वादश ज्योतिलिंगों में सर्वश्रेष्ठ कामनालिंग बाबा बैद्यनाथ धाम की होली काफी अनूठी और अलग होती है। इस दिन यहां भगवान श्रीविष्णु (हरि) स्वयं आकर भगवान शिव (हर) के साथ होली खेलते हैं। इसे यहां हरि-हर मिलन के नाम से जाना जाता है। इसे लेकर अभी से बाबा नगरी देवघर में उत्साह चरम पर है। वसंत पंचमी और शिवरात्रि को भी जमकर होली उत्सव मनाया जाता है और बड़ी संख्या में लोग मंदिर परिसर में जमा होकर खुशी मनाते हैं। होली कब? होली का रंगारंग त्योहार इस बार सात मार्च को वाराणसी में और 8 मार्च को पूरे देश भर में मनाई जाएगी। वाराणसी में होलिका दहन के दूसरे दिन चौसठ्ठी देवी की यात्रा की परंपरा होने के कारण होली का त्योहार सात को मनाया जाएगा, जबकि उदया तिथि में चैत्र कृष्ण प्रतिपदा का मान 8 मार्च को होने के कारण काशी को छोड़कर देश भर में होली का त्योहार मनेगा। बीएचयू के ज्योतिष विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. विनय पांडेय ने बताया कि फाल्गुन शुक्ल पूर्णिमा छह मार्च की शाम को 4:18 बजे से लगेगी और सात मार्च की शाम को 5:30 बजे समाप्त हो रही है। ऐसे में प्रदोष काल व्यापिनी पूर्णिमा में होलिका दहन छह मार्च को ही किया जाएगा। पूर्णिमा के साथ भद्रा होने के कारण भद्रा के पुच्छकाल में होलिका दहन का मुहूर्त रात्रि में 12:30 बजे से 1:30 बजे तक मिलेगा। पूर्णिमा सात मार्च को समाप्त होने के बाद चैत्र कृष्ण प्रतिपदा शाम को शुरू हो रही है लेकिन होली उदया तिथि में मनाने का शास्त्रीय विधान है। ऐसे में आठ मार्च को होली मनाई जाएगी।

# अब्दुल रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल का महिला दिवस पर कार्यक्रम

एचसीजी अब्दुररज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल, रांची ने स्टिलेटोस में पुरुषों के लिए रैंपवॉक का आयोजन कर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया।

एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल, रांची नेअंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को' रंगों के अधिकार' नामक एक अभियान के साथ चिह्नित किया। इस अभियान के एक भाग के रूप में, अस्पताल न ेएक अद्वितीय रैंप का आयोजन किया। सेंट जेवियर्स कॉलेज हॉस्टिलेटोस में पुरुषों के लिए वॉक, जहां छात्रोंऔर फैकल्टी सदस्यो ने रैंपवॉक किया, यह दिखाने के लिए कि एक महिला के जूते में क्या होना पसंद हैऔर उन चुनौतियों और कठिनाइयों को समझत ह ैंजो वे अक्सर सहत े हैं। इस पहल का उद्देश्य दैनिक आधार पर उनके सामने आनेवाली चुनौतियों को उजागर करत ेहुए महिला ओं के लचीलेपन और ताकत का प्रदर्शन करना था। यह महिलाओं की उपलब्धियों का उत्सव भी था, क्योंकि प्रतिभागियों ने लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एक जुटता के साथ रैंपवॉक किया।

श्रीमाहेरखत्री, सीओओ, एचसीजी अब्दुररज्जाकअंसारी कैंसर अस्पताल न े इस अवसर पर बोलते हुए कहा, महिला सशक्तिकरण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जिस के लिए सभी व्यक्तियों और संगठनों के सामूहिक प्रयासों कीआवश्यकताहै। एचसीजीद्वारा'कलर्सऑफएम्पावरम ेंट' अभियान का उद्देश्य समाज ेंमहिलाओं के सामने आनेवाली चुनौतियों को उजागर करते हुए उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाना था।

रैंप वॉक एक अनूठा अनुभव था जिसने छात्रों और फैकल्टी सदस्यों को पुरुषों और महिला ओं को एक साथ लाकर महिलाओं द्वारा सामना किए जाने वाले दैनिक संघर्षों को प्रदर्शित करन ेक ीअनुमति दी। महिला सशक्ति करण के लिए इतने सार े लोगो ंको एकजुट होते देखना सुखद था। हम आशाकरते ह ैंकि यह अभियान और अधिक लोगों को अपन े लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में महिलाओं की यात्रा में समर्थन करने के लिए प्रेरित करेगा।

महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत एचसीजीअब्दुररज्जाकअंसारीकैंसरअस्पताल, रांची न े सेंटजेवियर्स कॉलेज में मुफ्त परामर्श प्रदान किया। इन परामर्शों की पेशकश करके, एचसीजी का उद्देश्यमहत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाना और यह सुनिश्चित करन ा है किमहिलाओं को अपनी भलाई बनाए रखने के लिए आवश्यक समर्थन मिले।

'रंगोंकेअधिकार' अभियान लैंगिकसमानता और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एचसीजी की चल रही प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालता है।

यह दूसरों कोइ समहत्वपूर्ण कारण में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करता है और सभी महिलाओं के लिए बेहतर भविष्य बनान े म ेंमदद करता है।

हॉस्पीटल कैंसर से संबंधित सभी रोगों का समुचित ईलाज के लिये प्रयत्नशील है और इस क्षेत्र में बेतहर सेवा उपलब्ध करा रहा है।

# ब्रज में होली आरंभ, चालीस दिनों का होली महोत्सव



**सुधांशु कुमार**

**चालीस** दिन तक चलने वाला ब्रज होली महोत्सव शुरू हो चुका है। इसी के साथ होली के कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए देश और दुनिया से श्रद्धालु मथुरा पहुंचने लगे हैं। ब्रज में बसंत पंचमी पर होली का ढांडा गढ़ने के साथ ही ब्रज के लगभग सभी मंदिरों में होली महोत्सव की शुरूआत हो जाती है। यहां हम आपको पूरे कार्यक्रम के बारे में बता रहे हैं।

**समाज गायन की परंपरा**

देश-विदेश में विख्यात ब्रज की होली में समाज गायन विशेष स्थान रखता है, जिसमें होली गीत और पद गायन की अनूठी परंपरा है। इसमें पारंपरिक अंदाज में ठाकुरजी के समक्ष ब्रजवासी-सेवायत ब्रजभाषा में होली पदों का गायन करते हैं। समाज गायन की शुरूआत भी ब्रज के मंदिरों विशेषरूप से बरसाना स्थित श्रीजी मंदिर में बसंत पंचमी से हो जाती है। गुरुवार को श्रीजी मंदिर में पड़ गायन के बाद सेवायत गोस्वामीजनों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया।

गोकुल स्थित गुरु शरणानंदजी महाराज के महावन रमणरेती आश्रम में हर साल पारंपरिक होली का आयोजन किया जाता है। इसमें टेसूके फूलों और गुलाल से होली खेली जाती है।

**बरसाना में लड्डू होली**



मथुरा के बरसाना में लड्डू होली धूमधाम से मनाई जाती है। यह बरसाना की विश्व विख्यात लट्ठमार होली से एक दिन पहले लाडली मंदिर में मनाई जाती है। इस बार लड्डू होली का आयोजन 03 मार्च 2020 को किया गया।

बरसाना में लट्ठमार होली के अगले दिन नंदगांव में लट्ठमार होली खेली जाती है। इस बार यह आयोजन 05 मार्च को हुआ।

**श्रीकृष्ण जन्मस्थान में होली**

बरसाना और नंदगांव में लट्ठमार होली के बाद रंगभरनी एकादशी के दिन श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर होली मनाई जाती है। इस दिन ब्रज में देश-विदेशी भक्तों के साथ पूरा मथुरा यहां जुटता है। इस बार यह आयोजन 6 मार्च को हुआ।

**गोकुल में छड़ीमार होली**

भगवान कृष्ण के गांव गोकुल में छड़ीमार होली खेली जाती है। गोकुल में श्रीकृष्ण बाल रूप में रहे थे इसलिए यहां लाठी के बजाए छड़ी होली जाती है, ताकि उन्हें ज्यादा चोट न लगे। इस बार 7 मार्च 2020 को गोकुल में इसका आयोजन किया जाएगा।

**दाऊजी का हुरंगा**

दाऊजी का हुरंगा मथुरा के दाऊजी मंदिर में आयोजित होता है। यह मंदिर प्रसिद्ध बलदेव गांव में स्थित है। इसका आयोजन ब्रज के राजा बलदेव (दाऊजी) के आंगन में किया जाता है। इस बार इसका आयोजन 11 मार्च 2020 को किया जाएगा।

लोक मान्यतानुसार बरसाना की लठमार होली भगवान कृष्ण के काल में उनके द्वारा की जाने वाली लीलाओं की पुनरावृत्ति जैसी है। मान्यता है कि श्रीकृष्ण अपने सखाओं के साथ इसी प्रकार कमर में फेंटा लगाए राधारानी तथा उनकी सखियों से होली खेलने पहुंच जाते थे तथा उनके साथ हंसी- ठिठोली करते थे जिस पर राधारानी तथा उनकी सखियां ग्वाल वालों पर डंडे बरसाया करती थीं। ऐसे में लाठी-डंडों की मार से बचने के लिए ग्वाल वृंद भी लाठी या ढ़ालों का प्रयोग किया करते थे जो धीरे-धीरे होली की परंपरा बन गया। यही कारण है कि आज भी इस परंपरा का निर्वहन उसी रूप में किया जाता है।नाचते - झूमते गाते गांव में पहुंचने वाले लोगों को औरतें हाथ में ली हुई लाठियों से उन्हें पीटना शुरू कर देती हैं और पुरुष खुद को बचाते भागते हैं। सब मारना पीटना हंसी -खुशी के वातावरण में होता है। औरतें अपने गांवों के पुरूषों पर लाठियां नहीं बरसातीं, लेकिन शेष आस- पास खड़े लोग बीच -बीच में रंग बरसाते हुए दिखाई देते हैं।

बरसाने में टेसू के फूलों के भगोने तैयार रहते हैं। दोपहर तक घमासान लठमार होली का समाँ बंध चुका होता है। नंदगाँव के लोगों के हाथ में पिचकारियाँ और बरसाने की महिलाओं के हाथ में लाठियाँ होती हैं और फिर शुरू हो जाती है होली।

### शांति का तापमान



संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# ओमसागर के चचेरे भाई ने रची अपहरण की साजिश, हत्या कर छह लाख मांगी थी फिरौती, तीन आरोपी गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के बेडोकला केंदुआ वन में 12 वर्षीय बालक के चचेरे भाई ने अपहरण की साजिश रचकर उसकी हत्या कर दी। तीन दिनों तक परिजनों व पुलिस को नई नई कहानियां सुना कर घुमाता रहा। हत्या के बाद अपने ही परिजनों से छह लाख रुपये की फिरौती की मांग कर रहा था। आखिर में पुलिस के पूछताछ में वह टूट गया। उसके निशानदेही पर पुलिस ने शव को शुक्रवार के रात में कोल्हुवा कुदर स्थित दुलकी नदी के एक पत्थर के गुफानुफा स्थान से बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के मुताबिक इस अपहरण हत्या में तीन चार और लोग के शामिल होने की बात कही जा रही है। पुलिस मामले को लेकर अन्य शामिल आरोपियों की पड़ताल में जुटी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया। बच्चे की गुमशुदगी को लेकर 28 फरवरी को परिजनों ने रिपोर्ट थाना में दर्ज कराई थी। एक मार्च को मृतक बच्चे की मां किरण देवी से फोन कर छह लाख फिरौती की मांग की गई। इसके बाद उसने दो मार्च को अपहरण का मामला दर्ज कराई। उसके बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। मालूम हो कि हत्या और अपहरण के इस मामले में अपने ही लोग के जुड़े होने के कारण पुलिस को खूब परेशानी हुई। बिट्टू कुमार राणा तरह तरह के बयान बदल रहा था। आखिरकार एसडीपीओ नाजिर अख्तर के पूछताछ में दो दिन बाद आरोपी बिट्टू राणा टूट गया। उसने पुलिस को चचेरे भाई ओमसागर राणा के अपहरण से लेकर हत्या तक कि जानकारी दी। वहीं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने बच्चे की हुई निर्मम हत्या में शामिल आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की है।

## स्पीड न्यूज

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय कजरी में होली मिलन समारोह का आयोजन

**चरही।** बहेरा पंचायत के कजरी उत्क्रमित मध्य विद्यालय में शनिवार को प्रधानाचार्य सह झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अशोक राम की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षक और छात्रों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर तथा मिठाई खिलाकर होली का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारा के साथ मनाने का संदेश दिया। मौके पर प्रधानाचार्य अशोक राम ने बताया कि होली का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारा का प्रतीक है। इस त्योहार को हमसभी को शांति और शौहा?र्द्र के साथ मनाना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से साधनसेवी मोहम्मद आजाद, शिक्षक शंकर मिश्रा आदि समेत कई अन्य छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

### विकास विद्यालय में मना होली मिलन समारोह

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो स्थित शिशु विकास विद्यालय स्कूल में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस होली मिलन समारोह में शिक्षक, शिक्षिका और बच्चे सभी रंग गुलाल से सराबोर रहे। मौके पर स्कूल के बच्चों ने ...होली खेले रघुवीरा और ...रंग बरसे भीगे चुनरवाली होली गीतों पर खूब थिरके। बच्चों के साथ शिक्षक-शिक्षिका भी खूब झूमे। इस मौके पर बच्चे शिक्षकों और शिक्षिकाओं को अबीर लगाकर तथा उनका पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

### शिशु विकास विद्यालय में मना होली मिलन समारोह

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो स्थित शिशु विकास विद्यालय स्कूल में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस होली मिलन समारोह में शिक्षक, शिक्षिका और बच्चे सभी रंग गुलाल से सराबोर रहे। मौके पर स्कूल के बच्चों ने ...होली खेले रघुवीरा और ...रंग बरसे भीगे चुनरवाली होली गीतों पर खूब थिरके। बच्चों के साथ शिक्षक-शिक्षिका भी खूब झूमे। इस मौके पर बच्चे शिक्षकों और शिक्षिकाओं को अबीर लगाकर तथा उनका पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

### प्रखंड मुख्यालय में बीस सूत्री बैठक संपन्न

**दारू।** प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में शनिवार को बीस सूत्री कार्यसमिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शशिमोहन सिंह ने किया। इस बैठक में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, कनीय अभियंता पीएचडी सहित अन्य विभाग के पदाधिकारियों पर उनकी कार्यशैली को लेकर जमकर भड़ास निकाली।

### 12 वर्ष की उम्र में हाफिज का तालीम लिया रेहान, लोगों ने किया भव्य स्वागत

**बरही।** मुस्लिम समाज मे तालीम लेना एक फक्र की बात मानी जाती है।जिसमे प्रखंड के डुमरियाडीह गरजामो निवासी अल्प आयु 12 वर्षीय हाफिज रेहान पिता अब्दुल कलाम उम्र मात्र अपनी पढ़ाई पूरा करने के बाद मदरसा राजे ऊल ऊलूम उतर प्रदेश से लौटे। हाफिज रेहान 12 वर्ष की उम्र में पूरे 30 पारा कुरान जबानी याद किए। जिसके बाद मदरसा वाले रेहान साहब को पगड़ी देकर विदा किया गया। लोगों ने हाफिज रेहान का गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान फूल माला पहनाकर डुमरियाडीह लाया गया।

### अंतराष्ट्रीय महिला दिवस व होली मिलन समारोह

**विष्णुगढ़।** नरकी आजीविका महिला संकुल संगठन कार्यालय, बंदखारो में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह का कार्यक्रम किया गया जिसमे मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सरजू पटेल , मड़मो पंचायत मुखिया कांति देवी, जोबर पंचायत मुखिया चेतलाल महतो, नरकी पंचायत पूर्व मुखिया बेबी देवी, पंचायत समिति सदस्य कैलाश महतो और सीएलएफ के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूवात कीया। मौके पर जेएसएलपीएस के नारायण महतो, सामुदायिक समन्यवक सुजीत कुमार, लेखापाल हेमंती देवी, जेंडर सीआरपी भारती देवी, रीता देवी, रीना रानी, रूबी देवी तथा सखी मंडल के सभी सदस्य उपस्थित हुए।

## एम्बिशन पब्लिक स्कूल में मनाया गया होली समारोह



मौके पर उपस्थित लोग।

**विष्णुगढ़।** प्रखंड के अखाड़ा चौक में स्थित एम्बिशन पब्लिक स्कूल में स्कूल में विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच होली समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे स्कूल परिसर में आयोजित इस होली समारोह में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक -दूसरे को अबीर-गुलाल लगाए। वहीं सारे बच्चे बुरा ना मानो होली है कह कर एक दूसरे को अबीर- गुलाल लगाया और खूब मस्ती भी की। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक विवेक कुमार ने होली के त्योहार से जुड़ी हुई पौराणिक कथा को बताते हुए कहा कि प्राचीन काल में एक राजा थे जिनका नाम हिरण्यकश्यप था। उनका बेटा प्रहलाद भगवान विष्णु का परम भक्त था और विष्णु जी की भक्ति में लीन रहता था। हिरण्यकश्यप को यह बात पसंद न थी इसलिए उन्होंने प्रह्लाद को कई तरीकों से मारने का प्रयास भी किया। अंततः उन्होंने अपनी बहन होलिका से कहा कि वह प्रह्लाद को लेकर अग्नि में प्रवेश कर जाए जिसके परिणामस्वरूप होलिका जल कर मर गईं और भक्त प्रह्लाद बच गए। जिसके पश्चात हिरण्यकश्यप की क्रूरता को समाप्त करने हेतु भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार लिया और हिरण्यकश्यप को समाप्त कर दिया। तभी से होलिका दहन का प्रचलन शुरू हुआ और होलिका की अग्नि में बुराइयों के समाप्त होने के बाद खुशियां मनाने के लिए अगले दिन रंग खेलने की प्रथा शुरू हुई।

## फाग गीतों के साज संग जमकर मनी प्रेस क्लब हजारीबाग में होली

### पत्रकारों ने लजीज व्यंजनों का चखा स्वाद, प्रेम, भाईचारगी और सौहार्द्रता का दिया संदेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** फाग गीतों के साज संग प्रेस क्लब, हजारीबाग की होली जमकर मनी। अध्यक्ष उमेश प्रताप की अगुवाई में प्रेस क्लब हजारीबाग का होली मिलन समारोह आयोजित हुआ।

झील परिसर स्थित प्रेस क्लब, हजारीबाग कार्यालय में एक-से-बढ़कर एक फाग रंग बरसे। अध्यक्ष उमेश प्रताप, सचिव मिथिलेश मिश्र के साथ अन्य कलाकारों ने सुर, संगीत और नृत्य के जलवे बिखेरे।

रंग बरसे भीगे चुनरवाली, पनिया लाले लाल, ये गौरा लाले हमरो के चाही, अखियां लाले लाल, सबको मालूम है मैं शराबी नहीं, चूड़ियां छोटे छोट ड्ड से लेकर हिन्दी के कई गानों, भोजपुरिया, मैथिली, नगपुरिया समेत हर सुर ने सतरंगी बारिश की फुहारें बिखेरी' कलाकार डॉ प्रह्लाद सिंह, उमेश कुमार, अमूल्यचंद पांडेय, प्रकाश पांडेय, अमित मिश्रा, रामशरण शर्मा आदि ने गीतों से समां बांध दिया. पत्रकारों ने लजीज व्यंजनों का स्वाद चखा। साथ ही सभी को प्रेम, भाईचारगी और सौहार्द्रता का संदेश दिया। कार्यक्रम में सहदेव प्रसाद लोहानी, डॉ सलाउद्दीन, उपाध्यक्ष अभय कुमार सिंह, प्रसन्न मिश्रा, अजय निराला, अशोक कुमार सिन्हा सांस्कृतिक विकास केंद्र संगीत महाविद्यालय, डॉक्टर प्रह्लद सिंह, चंदन चौबे ,राजेश कुमार, प्रकाश कुमार ,निर्मल जैन, जमालुद्दीन, उमेश कुमार, मनोज गुप्ता ,नवीन सिन्हा, अमरनाथ पाठक, अविनाश कुमार, प्रशांत शर्मा, राजेश सिन्हा ,बालदेव प्रसाद शर्मा, प्रकाश पांडेय, प्रमोद खंडेलवाल, रितेश खंडेलवाल, मंटू पाण्डेय, विनोद कुमार, अनिल राणा, राम शरण शर्मा, सत्येंद्र मेहता, निरंजन सिन्हा, राजेश सिन्हा, अमूल चंद पांडे, बबलु कुमार,दिलीप वर्मा, मिथुन महतो, जय नारायण,प्रमोद उपाध्याय, देवनारायण,प्रमोद राणा, बालेश्वर प्रसाद, किशोरी राणा, शिवमंगल, संतोष कुमार, दीपक कुमार पासवान, रितेश कुमार, आशीष सिन्हा, सुमंत सिंहा, सहित कई लोग उपस्थित थे।



मौके पर उपस्थित लोग।

## शबे ए बरात एवं होली को लेकर शांति समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मांडू।** मांडू थाना परिसर में शबे ए बरात एवं होली को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मांडू सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार गुप्ता ने किया । बैठक में थाना प्रभारी अनंत कुमार सिंह ने ग्रामीणों से अपील किया कि शबे ए बरात व होली शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि किसी तरह की समाज में गड़बड़ी फैलाने वाले लोगों की पहचान कर थाना को अवगत कराएं । ऐसा करनेवालों पर हम कार्रवाई करेंगे। उन्होंने शराब पर पाबंदी लगाने की भी बात कही । ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को कई तरह की समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें मांडू डी सर्विस रोड में अतिक्रमण ,एनएच पर मास्क लाइट नहीं जलना सहित कई मामले शामिल थे। इस पर थाना प्रभारी ने एनएचआई के विवेक सिंह को बुलाकर इस संबंध में त्वरित कार्रवाई करते हुए लाइट जलाने की बात कही । बैठक में मांडू पूर्व प्रमुख छोटे लाल साहू ,भाजपा नेता अमरेंद्र कुमार गुप्ताराज कपूर , रोपण देव, हेसगढ़ा एटोबास्के समाजसेवी छोटेलाल भुईयां ,समाजसेवी योगेश्वर महतो, संजय कुमार, रवि कुमार, लालचंद महतो, मांडू थाना के संतोष कुमार गुप्ता, परीक्षित महतो, दिनेश कुमार आदि मौजूद थे।



बैठक में शामिल

## जिले में चल रहे विकास कार्यों की उप विकास आयुक्त ने की समीक्षा



बैठक में शामिल उप विकास आयुक्त व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने शनिवार को जिला समाहरणालय के ब्लॉक बी स्थित सभाकक्ष में जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। मिशन अमृत सरोवर की समीक्षा के दौरान श्री सिन्हा ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को मिशन अमृत सरोवर के तहत प्राप्त नए लक्ष्य की जानकारी देते हुए कार्य प्रारंभ करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, जॉब कार्ड वेरिफिकेशन, आधार सीडिंग, वीर शाहिद पोटो हो खेल विकास योजना आदि की समीक्षा कर कार्य प्रगति की जानकारी ली एवं कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उप विकास आयुक्त ने मनरेगा के तहत सृजित मानव दिवस का प्रखंडवार जायजा लिया तथा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को कार्यों को गंभीरता से लेने एवं यथाशीघ्र कार्य सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मनरेगा अंतर्गत विभिन्न योजनाओं में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की महिलाओं की सहभागिता भी सुनिश्चित करने ज्यादा से ज्यादा कार्य दिवस सृजित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान नागेंद्र कुमार सिन्हा ने जिले के प्रत्येक गांव में ज्यादा से ज्यादा योजनाएं चयनित कर उनमें मनरेगा के तहत ज्यादा से ज्यादा मजदूरों को कार्य देने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान प्रभारी पदाधिकारी मनरेगा डीआरडीए, परियोजना पदाधिकारी डीआरडीए, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों, सहायक अभियंता, कनीय अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और कार्यस्थल में दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रत्येक वर्ष 4 मार्च को पूरे भारत में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2023 की थीम 'आवर एम जीरो हार्म' है। इस खास मौके पर एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया।

परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव ने सुरक्षा ध्वज फहराकर कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई। मुख्य महाप्रबंधक ने कहा कि सुरक्षा हमारी पहली और सबसे बड़ी प्राथमिकता है और इसे हमेशा सर्वोपरि मानते हैं।

## सड़क हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरकट्ठा प्रतिनिधि।** थाना क्षेत्र के कोनहरा खुर्द स्थित फोरलेन जीटी रोड को सिक्सलेन में अपग्रेडेशन के लिए सड़क पर अंडरपास निर्माण के क्रम में निर्माण कार्य एजेंसी द्वारा बनाये गए सिंगल बाइलेन पर हुए सड़क हादसे में बरकट्ठा निवासी डीलो साव पिता फागू साव (34) की मौत हो गई। वहीं उसकी घायल पत्नी लीलावती देवी को इलाज के लिए ले जाने के क्रम में रास्ते मे ही हो गई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक अपने पत्नी के साथ अपने मोटरसाइकिल संख्या जेएच 02 एएफ 8663 से मोहगड़हा, बरही स्थित अपने मामा के घर से वापस अपने घर आ रहा था। बरही की ओर से आ रही ट्रक संख्या डब्ल्यू बी 32 डी 0131 के चपेट में बाइक पर सवार पति पत्नी आ गए।

कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा।

निविदा रद्द हेतु विज्ञापन

इस कार्यालय के पत्रांक–249/आई0टी0डी0ए0, लो0, दिनांक 20.02.2023 द्वारा अति अल्पकालीन ई– निविदा जिसका पी0 आर0 सं0– 290796 (Lohardaga) 22–23 (D) है, जिसे अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा।

PR 291934 Lohardaga(22-23)D

झारखण्ड सरकार
वन,पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
वन संरक्षक,
कार्य नियोजना अंचल, मेदिनीनगर

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्व साधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वन संरक्षक, कार्य नियोजना अंचल, मेदिनीनगर में दो Plotter क्रमशः (1) Hp Design Jet T1700dr (संख्या–1) एवं (2) Hp design Jet T2500 eMFP (संख्या–1), दो Workstation (Hp Z620) (संख्या–2) तथा तीन Printers क्रमशः (1) Hp LaserJet MFP M436nda (संख्या–1), (2) Hp LaserJet ProM202dw (संख्या–1) एवं (3) Hp LaserJet CP1025 color (संख्या–1) के Annual Maintenance Contract हेतु मुहरबन्द लिफाफे में दिनांक–11.03.2023 के अपराह्न 01:00 बजे तक वन संरक्षक, कार्य नियोजना अंचल, मेदिनीनगर के कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु निविदा की शर्तें सहित निविदा सूचना एवं निविदा का आवेदन प्रपत्र वन संरक्षक, कार्य नियोजना अंचल, मेदिनीनगर के कार्यालय; पलामू जिला के Official वेबसाईट https://palamu.nic.in/ तथा झारखण्ड राज्य, वन विभाग के Official वेबसाईट https://forest.jharkhand.gov.in/ से प्राप्त किया जा सकता है।

PR 291916 Forest, Environment and Climate Changes(22-23).D

वन संरक्षक,
कार्य नियोजना अंचल,मेदिनीनगर

## शांतिपूर्ण तरीके से मनायें होली का त्योहार : एसडीओ

### होली व शब-ए-बारात को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** सनातनी रीति रिवाज के अनुसार नववर्ष के अवसर पर हिंदू धर्मावलंबियों के द्वारा होली का आयोजन किया जाता है। यह पर्व प्रेम तथा सौहार्द का संचार करता है। जिसे देखते हुए बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ पूनम कुजुर व संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने किया। इस पर्व के मौके पर एसडीओ पूनम कुजुर व एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने होली पर्व पर अनुमंडलवासियों को बधाई के साथ शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील की है। रंगों का यह त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सौहार्द का संदेश देता है। हम सब प्रेम, स्नेह से होली मनायें। उन्होंने होली के इस पावन पर्व पर रासायनिक रंगों के स्थान पर हर्बल रंगों का प्रयोग करने तथा पानी की बचत के लिए पानी वाले रंगों के स्थान पर गुलाल व अबीर जैसे सूखे रंगों का प्रयोग कर होली के त्यौहार को शांति पूर्वक मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस पर्व पर ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे बरही की कानून व्यवस्था प्रभावित हो। शांति समिति की बैठक में सदस्यों ने पुलिस प्रशासन से त्योहार में शराब बंदी का मांग किया। मौके पर एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, अंचलाधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष सह आजसू विधानसभा प्रभारी राजसिंह चौहान, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, डोमन पांडे, 20 सूत्री अध्यक्ष मो इकबाल रजा, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि मो कयुम, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता परमेश्वर यादव, भगवान केशरी, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत शिक्षक इशो सिंह, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे।



शांति समिति की बैठक में शामिल जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

## होली को लेकर शांति समिति की बैठक

**चरही।** शनिवार को रंगो का त्योहार होली को लेकर चरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक महेंद्र सिंह ने की। जबकि संचालन चरही थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने किया ।इन्होंने कहा कि इस पर्व को धूमधाम और सोहार्दपूर्ण वातावरण के साथ मनाया जाय। ताकि आपसी भाईचारा बना रहे। जबरन अबीर,गुलाल और रंग लगाना वर्जित है ।आगे कहा कि हुड़दंग मचाने वाले लोगों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। गलत तरीके से होली मनाने वाले लोगों पर तत्काल कार्रवाई की जायेगी। प्रभारी ने चेतावनी देते हुए कहा है कि होली के त्यौहार को बदरंग ना बनाकर आपसी सामंजस के साथ मनाएं। मौके पर बीड़ीओ इंदर कुमार, सीओ शशि भूषण सिंह, जिप सदस्य बासुदेव करमाली, प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक, मुरारी सिंह, सुजीत सिंह, अमित सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना
(सातवां कॉल)

जिसका PR No. 255948 (Drinking Water and Sanitaion) 2021–22 है।

Tender Reference No. - DWSD/RW/SVS-05/2021-22 Date - 04-03-2023

| S.No | Name of the Work | Cluster Name | Sub Cluster/Group No. | Block | Estimate Cost (in Lac) | Ernest money (in Lac) | BOQ cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of Solar Based Mini Water Supply Schemes (SVS) in Different Block, comprising of suitable R.C.C. / Framed structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) and FHTC all complete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi for the year of 2021-22 (on Turn Key Basis) | 9A | 9A (iii) | Namkum | 603.65 | 6.04 | 10000.00 |
| 2 | | 10A | 10A (ii) | Kanke | 737.10 | 7.38 | 10000.00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | | | 09 Months + 1 months (trial and run) | | | |
| 4 | बेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | | | 06-03-2023 at 04:00 P.M | | | |
| 5 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | | | 11-03-2023 up to 04:00 P.M | | | |
| 6 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान | | | 13-03-2023 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची / अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची। | | | |
| 7 | बीड खोलने की तिथि/समय | | | 13-03-2023 up to 05:00 P.M | | | |
| 8 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची। | | | |
| 9 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | | | 0651-2491247 | | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtendars.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची

PR 291936 (Drinking Water and Sanitation)22-23*D

# आपसी रंजिश में गोली से दो जख्मी, रिम्स रेफर

## घटना के प्राथमिक अभियुक्त को घायल के फर्द बयान पर पुलिस ने पकड़ा, एक अन्य की गिरफ्तारी को लेकर की जा रही है छापेमारी

खबर मन्त्र संवाददाता




गोली लगने से घायल लोग।

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के लंगड़ा मोड़ निवासी स्व. समीर खान के 19 वर्षीय पुत्र इबरार खान व उसका भतीजा टोटो निवासी रहील खान पिता ललन खान को बीते रात अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया। जिसके बाद प्रशासन के सहयोग से दोनों घायलों को चैनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा उनका प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में रहील खान की मां ने बताया कि वे लोग आज ही अपने मायके लंगड़ा मोड़ आए थे और सभी लोग शाम में घर पर बैठे थे। तभी दो लोग मोटरसाइकिल पर आये और दोनों के उपर गोली चलाकर वहां से फरार हो गये। एक को गोली पेट पर व दूसरे को हाथ पर लगी है। इधर गोल की आवाज सुनकर घर के लोग दौड़ते आये तो देखा कुछ लोग घर से भाग रहे हैं। अपराधियों के फायरिंग में रहील खान को पेट में गोली लगी है वहीं इबरार खान को हाथ में गोली लगी। घटना की सूचना चैनपुर थाने को दी गई। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने कहा कि मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए गुमला भेज दिया गया और मामले की छानबीन में जुट गई है। गुमला में प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस अभिरक्षा में दोनों घायलों को रांची रिम्स इलाज के लिए भेजा गया। इंस्पेक्टर ने कहा कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस का मानना है कि घटना दो पक्षों के स्वजातीय व आपसी रंजिश में घटी है। घटना को बरवे नगर निवासी सुल्तान का बेटा आजो व उसके एक अन्य साथी ने अंजाम दिया है। वहीं जख्मी इबरार खान का फर्द बयान पुलिस ने दर्ज किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के प्राथमिक अभियुक्त अजबुल मियां उर्फ आजो को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

# एससीए मद से कार्यान्वित योजनाओं की हुई समीक्षा



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त व उपस्थित पदाधिकारी

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में एससीए की राशि से जिले में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने सम्बंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता से कार्य की प्रगति के बारे जानकारी लिया एवं निर्देश दिया कि प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्य प्रगति के रिपोर्ट के साथ कार्य का गुणवत्ता फोटोग्राफ अवश्य संलग्न करें। उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारी को अपने अपने क्षेत्रों में एससीए मद से किए जाने वाले निर्माण कार्यों का स्वयं जा कर निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

## गोविंदपुर गांव में होली व शब ए बरात को लेकर बैठक संपन्न

**जारी।** होली व शब ए बरात पर्व को लेकर जारी थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में एसडीपीओ विकास आनंद लागुरी की अध्यक्षता में क्षेत्र के प्रबुद्धजनों की बैठक हुई। जिसमें सभी सामुदाय के लोग उपस्थित थे। मौके पर एसडीपीओ विकास आनन्द लागुरी ने सभी सामुदाय के लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस साल होली और शब ए बरात का पर्व एक ही दिन पड़ रही है। इसलिए सभी सामुदाय के लोग पर्व को आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ मनाएं। कोई भी धर्म के व्यक्ति एक दूसरे के धर्म को ठेस पहुँचने वाला काम न करें। जारी थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि किसी भी तरह का अप्रिय घटना होने की सम्भावना होती है तो तुरन्त जारी थाना को सूचित करें ताकि समय रहते उनके उपर कारवाई किया जा सके।

## डुमरी थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

# एक-दूसरे के त्योहार का सम्मान करते हुए पर्व मनायें : थाना प्रभारी

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक में शामिल बीडीओ, इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी व अन्य

**डुमरी।** होली व शब ए बारात पर्व को लेकर डुमरी थाना परिसर में बीडीओ एकता वर्मा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें प्रखंड प्रमुख जीवंती एक्का एवं उप प्रमुख हबिल टोप्पो एवं सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव शामिल हुऐ। बैठक को संबोधित करते हुए बीडीओ एकता वर्मा ने कहा की पूर्व की भांति इस बार भी सभी शांतिपूर्ण ढंग से होली व शब ए बारात का त्योहार मनाएं। उन्होंने किसी भी तरह के सोशल मीडिया में डाले जाने वाले पोस्ट को लेकर प्रतिक्रिया नहीं देने एवं अफवाहों से बचने की बात कही। साथ ही किसी भी तरह की कोई भी असामाजिक गतिविधि होने पर तुरंत स्थानीय थाना व अंचल को सूचना करने एवं बिना मर्जी के किसी भी व्यक्ति को रंग नहीं लगाने की अपील की है। वहीं इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने कहा की डुमरी प्रखंड की जनता हमेशा से ही सभी त्योहार को आपसी भाईचारगी के साथ मनाते आए हैं और हमें आशा है की आप लोग होली व शब ए बारात का त्योहार भी सौहार्द्र के साथ मनाएंगे और कहीं भी दिक्कत होने पर थाना को तुरंत सूचना करेंगे।

## मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचा अंजनी पुत्र टीम

**गुमला।** जिला प्रेस एसोसिएशन के द्वारा आयोजित मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला सेमी फाईनल मैच शनिवार को तेलंगा खड़िया स्टेडियम में खेला गया। जिसमें अंजनी पुत्र गुमला की टीम ने पंपापुर टीम को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करते हुए पंपापुर टीम ने निर्धारित 15 ओवर में 76 रन बनाये। टीम की ओर से प्रफुल्ल भगत, महिपाल सिंह, प्रवीण कुमार विक्की ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 76 रन बनाये। अंजनी पुत्र टीम की ओर से दीपक वर्मा ने 3 व अखिलेश कुमार एवं किशोर जायसवाल ने एक-एक विकेट लिये। जवाबी पारी खेलने उतरी अंजनी पुत्र की टीम ने चार विकेट खोकर मैच जीत लिया। टीम की ओर से उपेश कुमार पांडेय ने सर्वाधिक 49 रन बनाये। जबकी जगन्नाथ पासवान ने भी उम्मदा बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत के मुंहाने तक पहुंचाया।

# जुआ खेलते पांच जुआरियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल



गिरफ्तार जुआरियों के साथ एसडीपीओ, थाना प्रभारी व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला पुलिस ने सिलम बाईपास रोड में जुआ खेलते हुए पांच जुआरियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार जुआरियों में पालकोट रोड निवासी लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता के पुत्र अजय कुमार गुप्ता, सिलाफारी निवासी शनिचरवा साहु का पुत्र 32 वर्षीय गोविंद कुमार साहु, सरनाटोली निवासी गंदुर खड़िया का पुत्र 42 वर्षीय सुधीर खड़िया, करौंदी निवासी स्व. शंकर साहु का पुत्र 38 वर्षीय अनिल कुमार साहु एवं फोरी पसंगा निवासी स्व. लक्ष्मी उरांव का पुत्र 38 वर्षीय शैलेश उरांव के नाम शामिल है। पुलिस ने जुआरियों के पास से एक लाख दस हजार रूपया बरामद किया है। साथ ही एक बोरा, दरी व दो तास का बिखरा हुआ गड्डी बरामद किया। इस संबंध में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने शनिवार को गुमला थाना में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक गुमला को गुप्त सूचना मिली थी कि सिलम रोड में जुआ खेलाया जा रहा है।

# गैंगरेप के चारों अभियुक्त को जेल

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरफ्तार दुष्कर्म के आरोपियों के साथ एसडीपीओ व थाना प्रभारी।

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र में एक नाबालिक के साथ गैंगरेप का मामला प्रकाश में आया है। मामला थाना में आते ही थानेदार अमित कुमार चौधरी, एसआई टेकलाल महतो, जय श्री मिंज व गणेश चौड़े सहित कई पुलिस पदाधिकारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में आदर पोखरा टोली निवासी महावीर उरांव, आदर चट्टी निवासी भूषण उरांव, ईटकिरी ग्राम निवासी अमित उरांव के नाम शामिल है जबकि एक अभियुक्त नाबालिक है। इस संबंध में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल व थानेदार अमित कुमार चौधरी ने बताया कि सरांगो पंचायत की एक नाबालिग बच्ची बीते 27 फरवरी को 5 बजे भोर में अपने गांव के बगल में स्थित तालाब में नहाने के लिए गयी थी। इसी दौरान चार युवक अचानक तालाब के पास पहुंचे और युवती का मुंह दबाकर उसे बगल में स्थित झाड़ी पर ले गए और चारों ने बारी-बारी से दुष्कर्म किया। जिसके बाद नाबालिक को उसी हालात में छोड़कर चारों फरार हो गये। जिसके बाद युवती घर पहुंचकर डर व शर्म के कारण यह बात घर वालों को भी नहीं बतायी। दो दिन के बाद युवती का तबीयत खराब हुआ तब 2 मार्च को नाबालिक अपनी मां के समक्ष रो-रोकर घटना की सारी जानकारी दी। जिसके बाद 3 मार्च को नाबालिक पीड़िता के साथ परिजन आकर घाघरा थाना में इसकी शिकायत दर्ज करायी। जिसके बाद 24 घंटे के अंदर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यहां बता दें कि चारों आरोपी गांव के अगल-बगल के ही थे। जिस कारण पीड़िता चारों लड़कों को पहचान रही थी और इसकी जानकारी परिजन को देने के बाद घाघरा थाना में भी चारों लड़कों का नाम बतायी। जिसके आधार पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने यह भी बताया कि नाबालिक बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया है पोस्को एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजा गया।

# विधायक कार्यालय में सुनी गयी जनता की समस्याएं



जनता की समस्या सुनते विधायक प्रतिनिधि।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** शहर के बरवाटोली स्थित विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के कार्यालय में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, आम जनता के द्वारा कार्यालय पहुंच अपनी अपनी समस्या विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल एवं कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद के समक्ष रखी गई। ग्रामीणों के द्वारा आवेदन दे कहा गया कि कैरो प्रखंड के खवास अम्बवा में विगत कुछ दिनों से 25 केवी का ट्रांसफार्मर जली हुई है, जिसे तत्काल त्यौहार को देखते हुए बदलने का काम की मांग की गई। साथ ही भंडरा प्रखंड के हाटी कुंबा टोली में 100 केवी का ट्रांसफार्मर विगत कुछ महीनों से जली हुई है जिसे बदलने की मांग की गई। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल एवं कार्यकारी जिलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद के द्वारा संबंधित पदाधिकारी से बात कर होली एवं शबे बरात के त्यौहार को देखते हुए जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर बदलने की बात कही। ताकि शबे बरात एवं होली के त्यौहार में किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न ना हो सके साथ ही पेसरार प्रखंड से आए ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम यह मांग किया गया कि ग्राम केरार में राशन से संबंधित एवं आवास से संबंधित समस्या आवेदन देकर रखी गई। जिस पर पर कार्रवाई करते हुए विधायक प्रतिनिधि ने संबंधित पदाधिकारी से बात कर जल्द सभी आम ग्रामीण जनता की जो समस्या है उसको निष्पादन करने का बात कही।

# आपसी सौहार्द के साथ मनाये होली व शब ए बरात : सीओ

## होली और शब ए बरात को लेकर शांति समिति की हुई बैठक, होली मिलन का भी हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक के बाद रंग गुलाल खेलते लोग।

**भंडरा।** शांतिपूर्ण व सद्भावपूर्ण माहौल में होली और शबे बरात का त्योहार मनाने को लेकर भंडरा थाने में बीडीओ रणजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता व थाना प्रभारी गौतम कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई.बैठक में सीओ ने कहा कि शांतिपूर्ण माहौल में पर्व त्योहार मनाने को लेकर प्रशासन द्वारा आवश्यक उपाय किए जाएंगे। उन्होंने आपसी सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रखंड प्रशासन विधि व्यवस्था संधारण को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है। थाना प्रभारी गौतम कुमार पुलिस ने कहा कि सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। इंटरनेट मीडिया पर नजर रखने और अफवाहों पर निगरानी के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है। राज्य में पूर्ण नशा बंदी लागू है। इसका शत प्रतिशत अनुपालन कराने में कोई कोताही नही बरती जाएगी। पुलिस ने शराबबंदी को लेकर सघन छापामारी अभियान चलाने की बात कही। संवेदनशील एवं अति-संवेदनशील इलाको में फ्लेग मार्च करने को भी निर्देशित किया। शांति समिति की बैठक में आपसी समन्वय के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। थाना में एक-दूसरे को गुलाल लगाकर दी होली की बधाई भंडरा थाने मे शांति समिति के सदस्यों, पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने होली मिलन समारोह मे भाग लेकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मौले पर बीडीओ रणजीत सिन्हा ने कहा की क्षेत्र में पूजा-अर्चना एवं किसी भी तरह के पर्व त्यौहार को शांतिपूर्वक निर्वाहन के लिए शांति समिति का बहुत बड़ा योगदान रहता है। पहली बार थाना परिसर में शांति समिति के सदस्यों, पुलिस प्रशासन के लोग एवं स्थानीय गणमान्य लोगों तथा पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन कई मायनों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वहीं इस आयोजन से शांति समिति के सदस्यों ने काफी प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे पुलिस के प्रति लोगों में सहयोग की भावना बढ़ेगी, वे पुलिस के साथ सहज भाव से पेश आएंगे और लोगों की झिझक भी टूटेगी। इससे आने वाले समय में क्राइम पर कंट्रोल करने में आपसी सहयोग से मदद मिलेगी।थाना परिसर में थाना प्रभारी गौतम कुमार द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी रणजीत सिन्हा, अंचल अधिकारी दिनेश प्रसाद गुप्ता, मुखिया इंदरदेव उरांव,परेश्वर महली, सुमित उरांव,टेले उरांव, किस्सा साहू, अभिषेक चौहान,, समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## झखरा और बुटी में शांति समिति का बैठक आयोजित

**सेन्हा-लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत झखरा व बुटी ग्राम में होली और शब ए बरात का त्योहार शान्ति एवं सौहार्द से मनाने को लेकर शान्ति समिति का बैठक आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निदेर्शानुसार थाना प्रभारी धनंजय पासवान के निर्देश पर ए एस आई राजेश शर्मा के नेतृत्व में होली व शब - ए - बरात पर्व शांति और आपसी सौहार्द के साथ मनाने को लेकर थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत अन्तर्गत झखरा और बुटी ग्राम मे शांति समिति का बैठक आयोजन कर ग्रामीणों को शांति, प्रेम व भाईचारा के साथ त्योहार मनाने का दिशा निर्देश दिया गया।

## एक नजर में

### मालिक व चालक के विरुद्ध कारवाई, दोनों अभियुक्त को जेल

**सेन्हा-लोहरदगा।** कुंदगड़ी मोड़ से पुलिस अधीक्षक द्वारा जब्त ट्रैक्टर मालिक एवं चालक के विरुद्ध कारवाई करते दोनो अभियुक्त को गिरफ्तार कर शुक्रवार देर शाम जेल भेजा गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंदगड़ी मोड़ के समीप से पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के द्वारा शुक्रवार सुबह अवैध बालू लोड कर परिवहन करते हुए बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया था। जब्त ट्रैक्टर के विरुद्ध पुलिस द्वारा कारवाई करते हुए ट्रैक्टर मालिक लक्ष्मण उराँव एवं चालक नवीन उराँव को गिरफ्तार कर शुक्रवार देर शाम जेल भेजा गया। बताया जाता है कि ट्रैक्टर मालिक द्वारा पुलिस का रेकी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जबकि ट्रैक्टर चालक को अवैध बालू लोड कर परिवहन करते हुए एवं खनन विभाग का राजस्व क्षति करने के आरोप में सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार किया गया है। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि अवैध बालू खनन एवं परिवहन मामला में तथा पुलिस का रैकी करने के आरोपी के विरुद्ध खनन एवं परिवहन विभाग कारवाई करते हुए सेन्हा थाना में कांड संख्या 30/23 दर्ज कर दोनो आरोपी अभियुक्त को लोहरदगा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के पश्चात मंडल कारा लोहरदगा भेजा गया।

### सड़क निर्माण में गुणवाता का संवेदक रखे ख्याल : संदीप गुप्ता

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के जनवल को परहेपाट से जोड़ने वाली सड़क का शिलान्यास जिप सदस्य संदीप कुमार गुप्ता ने शनिवार को किया।इस मौके पर उन्होंने कहा की सड़क निर्माण में गुणवाता का ख्याल रखते हुए कार्य होना चाहिए,सालो बाद इस सड़क का निर्माण हो रहा है।उन्होंने कहा की चुनाव के समय लोगो से वादा किया था की इस जर्जर सड़क को प्राथमिकता के साथ निविदा के माध्यम से ठीक करूंगा।उन्होंने बताया कि ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल विभाग से 80 लाख रूपया की लागत से लगभग डेढ़ किलोमीटर पीसीसी सड़क का निर्माण होना है।इस सड़क के बन जाने से हजारों ग्रामीणों को लाभ होगा।इस मौके पर परहेपात के मुखिया जतरू उरांव, पंचायत समिति सदस्य आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### सड़क पर सावधानी जरूरी : पीडीजे

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार( डालसा) ने मोटर वाहन दुर्घटना एवं बीमा क्लेम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का आयोजन न्यायालय परिसर स्थित सभागार में किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष डालसा राजेंद्र बहादुर पाल, बार अध्यक्ष डॉ प्रमोद पुजारी, डालसा सचिव राजेश कुमार एवं ट्रांसपोर्ट निरीक्षक शिरिल बेसरा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल ने कहा कि सड़क पर सावधानी अति महत्वपूर्ण है किंतु दुर्घटना की स्थिति में मुआवजा का भी प्रावधान किया गया है। यदि क्लेमेंट इमानदारी से मृतक या घायल की आर्थिक स्थिति को न्यायालय के समक्ष रखे तो पीड़ित पक्ष को जल्द से जल्द न्याय मिलने की उम्मीद बढ़ जाती है। न्यायालय में दुर्घटना दावा के विभिन्न पहलुओं पर अधिवक्ता सीपी पाठक ने भी अपने विचार रखे। जबकि जिला मोटर वाहन निरीक्षक सिरिल बेसरा ने पुराने गाड़ियों की खरीद बिक्री से संबंधित विभिन्न नियमों को बतलाते हुए फार्म 29 एवं फार्म 30 को भरकर ही पूराने वाहन हस्तांतरण करने पर बल दिया। इससे पूर्व उद्घाटन भाषण में बार के अध्यक्ष डॉ पीके पुजारी ने ऐसे कार्यशाला के निरंतर आयोजन पर बल दिया। कार्यशाला में विभिन्न थानों के पुलिस अधिकारी, मोटर वाहन से जुड़े अधिवक्ता, बीमा कंपनी के प्रतिनिधि एवं डालसा के पीएलवी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डालसा सचिव राजेश कुमार ने किया, उन्होंने सड़क दुघर्टना में घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने पर बल दिया जिसके लिए सरकार प्रोत्साहन राशि भी दे रही है ।

### जंगली हाथियों से बचाव को लेकर कार्यशाला का आयोजन

**कैरो।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो की अध्यक्षता में *जंगली हाथियों से बचाव* को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार ने जागरूक करते हुए कहा कि जंगली हाथी भी समाज का एक अंग है जिस तरह इंसान को धरती में रहने का अधिकार है उसी तरह हाथी सहित अन्य जानवरों को रहने का अधिकार है किंतु बिगत वर्षो में इंसानी जनसंख्या बढ़ने के कारण हाथियों के रहने वाले जंगली क्षेत्र को उजाड़ कर इंसान अपने जीविकोपार्जन का क्षेत्र बना रहे हैं जिस कारण हाथी जंगल की तरफ जाते जाते गांव व कस्बों में पहुँच जाया करते हैं।ऐसे में हाथियों के आने पर कुछ सावधानी है किसे जानकारी रखने की जरूरत है जिसके तहत अगर जंगली क्षेत्र में हाथी से सामना हो जाए तो चढ़ान के बजाए ढलान की तरफ तिरछी भागे, अपने कुछ कपड़ो को दूरी दूरी में गिराते भागें, इसी तरह अगर गांव में आने की सूचना मिली तो सबसे पहले वनविभाग को सूचित करें 10 से बारह लोग ढोल नगाड़े के साथ भगाने का प्रयाश करें। ठीक इसी तरह कुछ बातों की सावधानी रखनी भी आवस्यक है जिसके बारे में बताया कि कभी भीड़ बनाकर न छेड़े, हाथी के सामने न जाएं इस तरह कुछ कुछ बातों का जानकारी रखकर हाथी से सुरक्षित रहा जा सकता है। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उरांव, अंचल अधिकारी कमलेश उरांव, बीडीओ पवन कुमार महतो, मुखिया सुमित्रा उरांव, सुमन उरांव, श्रवण मुंडा, परवेज अंसारी, गुहाँ उरांव, श्यामदेयाल उरांव, सीमा भगत, जगबन्ध भगत, शाहिद अंसारी सहित प्रखण्ड कर्मी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### डालसा के द्वारा महिला सप्ताह कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**गुमला।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्री संजय कुमार चांधरियावी के मार्गदर्शन तथा जिला प्रशासन के सहयोग से शनिवार को गुमला प्रखंड में डालसा के द्वारा राष्ट्रीय महिला सप्ताह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार तथा राष्ट्रीय महिला आयोग के संयुक्त तत्वाधान में महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है। इसी क्रम में महिलाओं से संबंधित कानून, विवाह कानून, तलाक, मेंटेनेंस, संपत्ति का अधिकार, घरेलू हिंसा, भारतीय दंड संहिता से महिला संबंधी अपराध, मातृत्व लाभ, महिला के स्वास्थ्य संबंधी कानून आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में सुनील झा तथा मुक्ता सोरेन प्रोबेशन डिप्टी कलेक्टर ने भी महिलाओं से संबंधित अनेक विंदूओं पर अपने विचार व्यक्त किए।

### खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने होटलों व दुकानों का किया निरीक्षण

**गुमला।** होली पर्व के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार के नेतृत्व में गुमला शहर के विभिन्न होटलों एवं दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मौली होटल से पनीर एवं अंकिता ऑइल मिल से मस्टर्ड ऑइल का नमूना लिया गया। जिसे जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट गलत आने पर एफएसएसएआई एक्ट 2006 के तहत करवाई की जाएगी। सभी दुकान एवं होटल संचालक को साफ सफाई रखने, इंडस्ट्रियल रंग प्रयोग नहीं करने, नकली सॉस का प्रयोग नहीं करने एवं खाद्य सामग्री में किसी भी तरह का मिलावट नहीं करने संबंधी चेतावनी दी गई। ऐसा नहीं करने पर फूड सेफ्टी एक्ट 2006 के तहत करवाई की जायेगी। निरीक्षण में लव कुमार, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, गुमला एवं प्रियांशु कुमार शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## सम्मान समारोह का आयोजन

**गढ़वा।** शहर के एसएसजेएस नामधारी महाविद्यालय परिसर में शनिवार को महाविद्यालय कर्मियों की ओर से अर्थपाल डॉ ब्रह्मदेव सिंह के सेवानिवृति पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी कर्मियों ने महाविद्यालय के प्राचार्य डा.धर्मचंद लाल अग्रवाल, पूर्व प्राचार्य प्रो.भागवत यादव, अर्थपाल डा.भव्य प्रकाश पांडेय व लेखपाल अब्दुल हनान को पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र एवं श्रीमद् भागवत गीता देकर सम्मानित किया।

## विद्यालय आपको शिक्षा व संस्कार से सजा और संवार रहा है : निदेशक

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कन्वेंट (10+2) स्कूल में वार्षिक त्रिदिवसीय सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक मदन प्रसाद केशरी, उपप्राचार्य बीके ठाकुर ने विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

## निवर्तमान नप अध्यक्ष की पहल पर लगा बिजली ट्रांसफार्मर

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 में लगभग 200 घरों की बस्ती लकड़ही गांव पूर्व से ही अंधेरे में रह रहा था। जो ना ही सरकारी अधिकारी ना ही किसी जनप्रतिनिधि ने बिजली विहिन लकड़ही गांव को अंधेरे से दूर किया। लेकिन निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष ने गांव में बिजली पहुंचाकर हम लोगों का सपना साकार करने का काम किया है। मौके पर बैजनाथ राम, अवधेश राम, विश्वनाथ प्रजापति, शिवनाथ प्रजापति, पार्वती कुंवर, राम परीक्षा विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## शांति समिति की बैठक आयोजित

**विशुनपुरा।** प्रखंड के थाना परिसर में होली एवं शब-ए-बारात त्यौहार को आपसी प्रेम एवं सद्भावना के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। मौके पर थाना प्रभारी बुाराम सामद ने कहा कि होली प्रेम और रंगो का त्यौहार है। जिसे लोग प्रेम और आपसी भाईचारे के साथ मिलकर मनाते हैं। पुलिस प्रशासन होली एवं शब-ए-बारात के त्यौहार को आपसी प्रेम भाईचारे सद्भावना के साथ मनाने के लिए हर संभव मदद को तैयार है।

## होली मिलन सह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**गढ़वा।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा जिला गढ़वा के तत्वावधान में शुक्रवार की संध्या शहर के टंडवा स्थित बीएन कॉम्पलेक्स में होली मिलन समारोह सह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पूर्व पूरनचंद चौक पर अतिथियों का स्वागत किया गया।

## अवैध बालू परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त

**मझिआंव।** अंचल क्षेत्र अंतर्गत कोयल एवं बाकी नदी से अवैध तरीके से बालू लोड कर परिवहन करने के दौरान बालू लदे ट्रैक्टर को अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने करमडीह-जोगीबीर मार्ग से पकड़कर थाना को सुपुर्द कर दिया।

## भूमि विवाद को लेकर दस लोगों पर प्राथमिकी

**भवनाथपुर।** प्रखंड के पंजाब नेशनल बैंक के समीप भूमि विवाद को लेकर हुए नोकझोंक एवं घर ध्वस्त किए जाने के मामले में दोनों पक्षों ने स्थानीय थाना में आवेदन दिया है। दोनों पक्षों के आवेदन के आलोक में 10 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई। पहले पक्ष से विश्वनाथ साह के आवेदन के आलोक में विजय साह, ललिता देवी, कृष्णा प्रसाद गुप्ता, संजय प्रसाद गुप्ता, रामप्रवेश प्रसाद गुप्ता, अजय गुप्ता, नीरज गुप्ता, जबकि दूसरे पक्ष से रामप्रवेश प्रसाद के आवेदन के आलोक में विश्वनाथ साह, जितेंद्र कुमार, सतेंद्र कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसके आलोक में पुलिस ने जेसीबी मशीन को जप्त करते हुए नामजद अभियुक्तों को पूछताछ के लिए थाने ले आई। जबकी विश्वनाथ साह ने उक्त लोगों पर अपना मकान जबरन दबंगई किए जाने व लाखों रुपए के समान के नुकसान का आरोप लगाया है।

## शांति समिति की बैठक में आपसी सद्भाव के साथ त्यौहार मनाने की अपील

**कोडरमा।** थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी द्वारिका राम की अध्यक्षता में हुई। जिसमे दोनों समुदाय के प्रबुद्धजन शामिल हुए। बैठक को सम्बोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि रंगों का त्यौहार होली आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है, ऐसे में विधि व्यवस्था बनाये रखते हुए त्यौहार का आनन्द लें, त्यौहार के दौरान कोई ऐसा कार्य नही करें जिससे किसी के धार्मिक भावना को ठेस पहुंचे। उन्होंने कहा कि त्यौहार को लेकर विभिन्न चौक चौराहों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था तैनात रहेगा, शराबियों और मनचलों पर कड़ी नजर रखी जायेगी। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि त्यौहार के दौरान अशांति फैलने की आशंका हो तो अविलम्ब पुलिस को सूचना दें, असामाजिक तत्वों के अफवाहों पर ध्यान नही दें।

### सदन में विधायक ने कोडरमा और झुमरीतिलैया में

# शवदाह गृह निर्माण की मांग की

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** विधायक डॉ. नीरा यादव ने विधानसभा सत्र के दौरान शून्यकाल में कोडरमा नगर पंचायत और झुमरीतिलैया नगर पर्षद में शवदाहगृह के निर्माण की मांग करते हुए कहा कि कोडरमा नगर पंचायत और झुमरीतिलैया नगर पर्षद में स्थानीय लोगों की मांग पर शवदाहगृह निर्माण को लेकर नगर विकास विभाग द्वारा रिपोर्ट मांगी गई थी, जिसके आलोक में दोनों जगहों के नगर प्रशासकों के द्वारा भूमि प्रतिवेदन और डीपीआर उपलब्ध करा दिया गया था, परन्तु अभी तक इसकी प्रशासनिक स्वीति नही दी गयी है, यह मामला अधर में लटका हुआ है। जबकि कोडरमा के ये दोनों शहरी क्षेत्रों में लकड़ी की किल्लत है, जिससे कई तरह की समस्याएं होती है। विधायक ने जनहित को देखते हुए सदन से अविलम्ब प्रशासनिक स्वीति देने की मांग की।

## एसपी ने किया डोमचांच थाना बीट पोस्ट का औचक निरीक्षण

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत टैक्सी स्टैंड स्थित डोमचांच थाना बीट पोस्ट का एसपी कुमार गौरव ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की स्थितियों से अवगत हुए। साथ ही उन्होंने होली व शब ए बारात पर्व को लेकर थाना प्रभारी अब्दुल्ला खां को विधि-व्यवस्था को बनाये रखने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। मौके पर पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## होली गीत पर जमकर झूमे लोग

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कलाकारों द्वारा होली से जुड़े गीत संगीत प्रस्तुत किए गए एवं झूमते नजर आए। कलाकारों ने गीत संगीत के माध्यम से लोगों को होली के फूल व अबीर से सराबोर कर दिया। इससे पूर्व होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि बीडीओ सह सीओ बैधनाथ उरांव, विशिष्ट अतिथि के रूप में सीडीपीओ संतोष कुमार उपस्थित रहे। वहीं बीडीओ ने उपस्थित लोगों को होली की शुभकामनाएं देते हुए होली का पर्व शांति व सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। वहीं लोगों ने एक दूसरे को अबीर की होली खेलकर बधाई दिये। मौके पर बीपीओ राहुल कुमार, एएसआई श्यामकरण सिंह, अरबिंद यादव आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# समय समय पर पेयजल की करें आपूर्ति : डीसी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** गर्मी के मौसम को देखते हुए शनिवार को उपायुक्त अबु इमरान ने चतरा शहरी क्षेत्र में पेयजल की समस्या न हो इसके लिए हेरूआ डैम पहुंच स्थिति का लिया जायजा। निरीक्षण के क्रम में हेरूआ डैम का जलस्तर समेत पेयजल से संबंधित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके पश्चात हेरूआ डैम समीप अधिष्ठापित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट जो कि विशेष केन्द्रीय सहायता मद (एससीएस) अन्तर्गत चतरा शहरी जलापूर्ति के लिए लगायें गए 07 सात मोटर पंप का भी निरीक्षण किया। उक्त मौके पर उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रण्मडल चतरा से लगाये गए मोटर पंप की क्षमता की जानकारी लेते हुए कहा कि यह सुनिश्चित करें कि बढ़ते तापमान को देखते हुए आम नागरिकों को पेयजल की समस्या न हो इसका खास ख्याल रखा जाय। उक्त मौके पर जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभय कुमार झा, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल अविक अंबाला, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चतरा गणेश रजक उपस्थित थे।

# सांवरे की महफिल को सांवरा सजाता है किस्मत वाला.. पर झूमे श्रद्धालु

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** श्याम फाल्गुन महोत्सव को लेकर बारस की ज्योत का आयोजन झुमरीतिलैया के श्री श्याम बाबा पथ स्थित श्री श्याम मंदिर एवं पानी टंकी रोड स्थित श्याम मंदिर में शनिवार को किया गया। इस अवसर पर दोनों मंदिरों में ज्योत के साथ ढाक की गूंज के बीच अबीर-गुलाल की होली श्रद्धालुओं ने खेली। सुबह से ही सांवरे सरकार की हाजिरी लगाने सैकड़ों श्रद्धालु भक्त पहुंचे। श्री श्याम परिवार के तत्वावधान में अड्डी बंगला स्थित श्याम मंदिर में भजनों का आयोजन किया गया। मौके पर भजन गायक रवि दाहिमा, प्रियंका सोनकर, कैलाश पोद्दार, उषा सलामपुरिया, महेश पोददार व राहुल राणा ने एक से बढकर एक भजन प्रस्तुत किया, जिसपर श्रद्धालु झूमते रहे। मंदिर परिसर में फूलों की होली, ईत्र वर्षा, चंग धमाल, महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिव कुमार पोददार, राजकुमार पोददरा, आयुष पोद्दार शालिनी गुप्ता, प्रो. राखी भदानी ब्यूटी सिंह, कैलाश चौधरी, प्रदीप केडिया, सहित मारवाड़ी युवा मंच, श्याम मित्र मंडल, श्रीराणी सती भक्त समिति, श्री राम संकीर्तन मंडल, श्री हनुमान संकीर्तन मंडल समेत कई श्रद्धालु उपस्थित थे। वहीं पानी टंकी रोड स्थित श्याम मंदिर में सज्जन खेतान के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां भजन गायक मुन्ना भदानी, बिनोद चौरसिया, गोपी ष्ण अग्रवाल, प्रेमनारायण मेहता, पंकज केसरी, संजय नरेडी, विपुल चौधरी, मनोज पिलानिय, पप्पु सिंह, बाबा श्याम, वीर हनुमान, बाबा भोलेशंकर, माता दुर्गा समेत विभिन्न देवी-देवताओं पर आधारित राजस्थानी, भोजपुरी आदि भजन प्रस्तुत किये। दोनों मंदिरों में रात्रि में भव्य भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया, मंगला आरती की गई। सुबह से ही श्याम प्रेमियों का पूजा-अर्चना के लिए भीड़ लगी रही।

# टंडवा एनटीपीसी प्लांट में कोयला स्टॉक होते ही प्रदूषण का प्रकोप बढ़ा

### उड़ते कोयले के डस्ट से विस्थापित गांव पर संकट, प्रबंधन बेखबर

खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** औद्योगिक नगरी नाम से चर्चित टंडवा में संचालित एनटीपीसी महारत्न कंपनी में अब प्रदूषण का प्रकोप विस्थापित गांव में बढ़ने लगा है। एनटीपीसी प्लांट परिसर में कोयले का स्टॉक होते ही कोयले से काला टेस्ट उड़ने लगा है। जिससे आसपास के गांवों में अब कोयले के काली प्रदूषण से लोगो भयभीत नजर आ रहे हैं। बताया गया इस प्रदूषण पर काबू पाने के लिए प्रबंधन की ओर से कोई मानक उपाय नहीं किया गया है। गर्मी आने के पहले ही प्रदूषण के प्रकोप में आसपास के लोग आ गए है।

**क्या कहते है राहम पंचायत के मुखिया उप मुखिया :** एनटीपीसी ओर उसके सहयोगी कंपनी से जानता जन्म काल से ही परेशान हैं। प्रदूषण पर काबू पाने को लेकर किसी प्रकार कोई पहल नहीं की गई है। लोगों ठगा ठगा महसूस कर रहे हैं। गर्मी आने से पहले ही लोगों को एनटीपीसी प्लांट परिसर में कोयले यार्ड से उड़ते धूल कण कोयले के डस्ट से बीमारी का भय सता रहा है। राहम मुखिया




विश्वजीत उरांव और उप मुखिया मोहन टोप्पो ने कहा एनटीपीसी प्रबंधन प्रदूषण पर काबू नहीं पाया गया तो आंदोलन करने की भी चेतावनी दी है।

**क्या कहते हैं गाडिलोंग पंचायत मुखिया :** प्लांट खुलने से लोगों को बहुत उम्मीद जगी थी। जिस पर एनटीपीसी को खरा उतरने की आवश्यकता है। वही प्रदूषण पर ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। एनटीपीसी परिषर में कोयले स्टॉक से उड़ रहे धूल कन डस्ट पर एनटीपीसी प्रबंधन को तत्काल पानी छिड़काव सहित मानक उपाय करने की जरूत है। यदि इसी तरह से प्रदूषण बढ़ते जाएगा तो लोगों में अनेक बीमारी से ग्रस्त हो जाएंगे।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गयी प्राण प्रतिष्ठा



मां की प्रतिमा।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मझिआंव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में मझिआंव के चन्द्री स्थित नवनिर्मित गायत्री शक्तिपीठ में चल रहे 108 कुंडीय नवचेतना गायत्री महायज्ञ के चौथे दिन मंदिर के नीचे वाले तल में शनिवार को हवन यज्ञ करने के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां गायत्री, मां लक्ष्मी एवं मां सरस्वती तथा ऊपर वाले तल पर माता वैष्णो देवी की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की गई। शान्तिकुंज हरिद्वार से आये आचार्यों रमेश देहरिया एवं गोपाल मालवीय ने विधिवत रूप से पूजन कार्य सम्पन्न कराया। इस दौरान शक्तिपीठ के प्रवेश द्वार पर उत्तर तरफ सुक्ष्म रूप में विराजमान ऊर्जा के स्रोत परम पूज्य गुरुदेव पं श्रीराम शर्मा आचार्य एवं बंदनीय माता भगवती देवी शर्मा की समाधि की प्रतिति सजल श्रद्धा एवं प्रखर प्रज्ञा भी पूरे विधि विधान से स्थापित की गई। इस अवसर पर माता गायत्री, माता लक्ष्मी एवं माता सरस्वती जी की प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य यजमान मंदिर की भूमि दान दाता सपत्निक मुखलाल विश्वकर्मा, चंदन कमलापुरी, नीरज कमलापुरी एवं बंशी प्रसाद तथा ऊपर के तल पर माता वैष्णो देवी की प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य यजमान के रूप में सपत्निक बिरेन्द्र प्रसाद गुप्ता उर्फ मुसन गुप्ता द्वारा पूजा अर्चना की गई। तथा सजल श्रद्धा व प्रखर प्रज्ञा की स्थापना के दौरान मुख्य यजमान के रूप में सपत्निक अनिल कमलापुरी द्वारा पूजा अर्चना की गई। मौके पर गायत्री परिवार के झारखण्ड राज्य के युवा संयोजक संतोष राय, संतोष गुप्ता सहित मझिआंव यज्ञ कमिटी के पदाधिकारियों, सदस्यों सहित महिला मंडल की टोली उपस्थित थी।

# प्रमंडल में झामुमो के बढ़ते जनाधार से भाजपा के आंखों का कांटा बन गये मंत्री मिथिलेश : धीरज

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** पलामू प्रमंडल में झारखंड मुक्ति मोर्चा का जनाधार बढ़ रहा है, इसीलिए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर भाजपा के आंखों के कांटा बन गए हैं। झामुमो के लिए बंजर रहे पलामू प्रमंडल में मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर विगत चुनाव में सीट निकालकर पत्थर में दुब उगाने का काम किया था। गढ़वा के अलावे लातेहार में भी झामुमो सीट निकालने में सफल हुई। भाजपा के लिए सेफ रही पलामू प्रमंडल में झामुमो के तेजी से बढ़ते हुए जनाधार को देखकर भाजपा विधायक चिंतित हो रहे हैं। झामुमो नेताओं ने शनिवार को जिला कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि कई विधायकों की रातों की नींद उड़ गई है। भवनाथपुर विधानसभा में पूर्व प्रत्याशी छोटे राजा एवं ताहिर अंसारी को मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने एक मंच पर ला दिया है। इससे वहां के भाजपा विधायक बौखलाए हुए रहते हैं। दशकों से क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले भाजपा विधायकों को मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने आईना दिखा दिया है। एक जनप्रतिनिधि के रूप में मंत्री श्री ठाकुर द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की चर्चा पूरे प्रमंडल में हो रही है। यहां तक की भाजपा विधायक के क्षेत्र में जनता ने उनके कार्यशैली पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। जनता उन्हें मंत्री श्री ठाकुर से सीखने तक की नसीहत देने लगी है। जनता यह महसूस करने लगी है कि भाजपा विधायक चुनाव जितने के बाद अपने परिवार के लिए सम्राज्य खड़ा करने में लगे हैं। जबकि मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर सरकारी योजनाओं, विधायक निधि के अलावे अपने निजी कोष से भी जनहित के कार्यों को कर रहे हैं। पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष विनोद चंद्रवंशी ने कहा कि विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी जब नगर में नाजीर थे तब उनपर इंदिरा आवास घोटाले का मुकदमा दर्ज हुआ था। विधायक श्री चंद्रवंशी की स्थिति बिगड़ गई है और वे बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि वर्ष 2016-17, 2017-18 में 11 हजार महिला के बंयाकरण का लक्ष्य 10 पीएचसी में रखा गया था। जिसमें से लक्ष्य के अनुसार 11 करोड़, दो लाख 51 हजार 417 रुपया था। परंतु एक ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर, पलामू में 11 हजार महिलाओं को बंयाकरण कराकर एनआरएचएम मद की सारी राशि फर्जी तरीके से निकाल ली गई। जिसकी सारी जानकारी बीटीटी विश्रामपुर सह पत्रकार रामेश्वर केशरी को हो गयी थी। पत्रकार केशरी का शव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहिया प्रशिक्षण हल में पाया गया।




प्रेस कांफ्रेंस करते धीरज दुबे व अन्य।

एक नजर में

## भवन निर्माण में हुई अनियमितता को दूर करने का प्रयास शुरू

**चतरा।** सिमरिया केंद्रीय विद्यालय भवन निर्माण कार्य में हुई अनियमितता को दुरुस्त करने का काम जोर शोर से चल रहा है। दरअसल में सांसद सुनील कुमार सिंह को भवन निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत मिली थी। इसी शिकायत के आलोक में सांसद ने सिमरिया पहुंचकर भवन का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लगाए गए खिड़की ,दरवाजे, बनाए गए फर्स, लगाए गए पंखे, कुछ दीवार के प्लास्टर में क्रेक से लेकर स्टॉफ क्वाटर के बाथरूम तक में कई खामियां पाई थी। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में लगे इंजीनियर को न सिर्फ फटकार लगाया था बल्कि यहां तक कह दिया था कि इन खामियों को जब तक दुरुस्त नहीं किया जायेगा तब तक विद्यालय हैंड ओवर नहीं लिया जाएगा। सांसद के निरीक्षण के बाद निर्माण कार्य में लगी कंपनी के द्वारा युद्ध स्तर पर पाई गई खामियों को सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। फर्स की खामियों के साथ साथ दरवाजे के हैंडल आदि बदलने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इधर सांसद सुनील कुमार सिंह ने कहा कि सभी त्रुटियों में सुधार होने के बाद एक बार फिर से विद्यालय भवन का निरीक्षण किया जाएगा। अगर सब कुछ सही रहा तो भवन हैंड ओवर लिया जायेगा।

## तीन अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त, 700 किलो जावा व 50 लीटर शराब जब्त

**चतरा।** नशा के खिलाफ चतरा पुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस जिले के सभी प्रखंड में अभियान चला रही है। लगातार अवैध देसी शराब की भट्ठियों को ध्वस्त कर रही है। इससे इस अवैध कारोबार में लगे लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। सदर थाना पुलिस ने आबकारी विभाग ने नशा विरोधी अभियान के तहत सदर थाना क्षेत्र के चतरा-इटखोरी मुख्य मार्ग पर स्थित ऊंटा मोड़ इलाके में अवैध रूप से संचालित तीन अवैध देशी शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया। वहीं 700 किलो जावा महुआ व 50 लीटर देशी शराब जब्त किया गया है। शराब भट्ठी को ध्वस्त करने के बाद संचालकों की पहचान कर पुलिस कार्रवाई में जुटी है। अभियान में थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली व उत्पाद निरीक्षक निर्मल मरांडी समेत पुलिस और उत्पाद विभाग के अधिकारी व जवान शामिल थे।

## नकली अंग्रेजी शराब बनाने के सामान के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**चतरा।** एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर इटखोरी थाना पुलिस ने शराब माफियाओं के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए नकली अंग्रेजी शराब बनाने में प्रयुक्त सामान के साथ गिरोह के दो तस्करों पितीज निवासी लक्ष्मण दांगी और जितेंद्र कुमार दांगी को धर दबोचा है। जानकारी के अनुसार, इसे होली में खपाने की तैयारी थी। इटखोरी थाना प्रभारी निरंजन मिश्रा के नेतृत्व में गठित स्पेशल टीम ने इटखोरी- चतरा मुख्य मार्ग पर भुरकुंडा जंगल के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाकर कोलकाता से आ रही विजय रथ नामक यात्री बस से दोनों तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके पास से पुलिस ने प्लास्टिक के दो बड़े बोरों में बंद विदेशी शराब बनाने में प्रयुक्त रॉयल स्टैग और एमसी डेविल्स कंपनी का करीब पांच हजार पीस बारकोड, होलोग्राम, स्टीकर, शिलिंग कैप व ढक्कन के अलावे दो फर्जी इलेक्ट्रॉनिक बिल व तस्करी में प्रयुक्त एक बाइक जब्त किया है। बताया गया शराब माफिया के द्वारा इटखोरी थाना क्षेत्र के पीतीज इलाके के जंगलों में संचालित अवैध शराब भट्ठियों में निर्मित नकली शराब में असली स्टिकर और शिलिंग कैप लगाकर होली में खपाने की तैयारी थी। इसकी सूचना एसपी राकेश रंजन को मिली, जिसके बाद पुलिस की टीम ने पीतीज गांव के रहने वाले तस्कर लक्ष्मण दांगी और जितेंद्र कुमार दांगी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिसिया कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों और माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने समर्थकों संग खेली होली

**चतरा।** जिले के कान्हाचट्टी मुख्य बाजार में जिप उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान,भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि प्रतिनिधि प्रदीप पासवान, उपप्रमुख सुमन सिंह, सांसद प्रतिनिधि रंजन साव, मुखिया घनश्याम पासी, मुखिया प्रतिनिधि बब्लू भारती, मुखिया प्रतिनिधि अमित कुमार सहित प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में समर्थक शामिल हुए। मौके पर बिरजू तिवारी ने लोगों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। बिरजू तिवारी ने समर्थकों के साथ झाल मंजीरा बजाते हुये भगुवा गीत गाकर आनंद उठाया। उन्होंने ने कहा कि होली सारे गिले शिकवे भूलकर खुशियां मनाने का त्योहार है। जो परस्पर मिलन व एकता का प्रतीक है। इस पर्व के अवसर पर लोग आपसी वैमनस्य को भुलाकर मित्र बन जाते हैं। होली का पर्व अमीर और गरीब के भेद को कम कर वातावरण में प्रेम की ज्योति प्रज्वलित करता है। मौके पर अनिल केशरी, पिंटू केशरी,नवल सिन्हा, कृष्णा पासवान, सत्येन्द्र सिंह, पप्पु विश्वकर्मा,प्रकाश यादव , चन्दन केशरी, कमांडो रजक, प्रकाश सिंह, पंकज यादव, उमेश केशरी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## शॉर्ट सर्किट से ट्रांसफार्मर में लगी आग

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत रूपायडीह में शनिवार को बिजली ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट से अचानक आग लगने के कारण बगल स्थित सूखे बांस जल गये। जिसके बाद ग्रामीणों ने इस बात की सुचना पंचायत के उप मुखिया चंदन कुमार वर्णवाल को दिये। जिसके बाद उन्होंने इसकी सुचना अग्निशमन विभाग को दी। वहीं अग्निशमन दल घटना स्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पायी एवं इस दौरान कोई हताहत की सुचना नहीं हुई। मौके पर राजकुमार पासवान, शेखर राणा, दामोदर सिंह, पांचू पासवान, विनोद राणा, संभू यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को जेल

**कोडरमा।** नाबालिग बच्ची के साथ जबरन शारीरिकघ् संबंध बनाने के मामले में पीड़िता के आवेदन पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को पकड़कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में पूर्णानगरघ् निवासी नाबालिग ने थाने में दिये आवेदन में कहा है कि उसके पड़ोस में रहने वाले शिवकुमार पिछले 2 फरवरी को उसके घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान आसपास के लोगों ने आरोपी को पकड़करघ् पुलिस के हवाले कर दिया। उसने कहा है कि आरोपी पूर्व में भी बहला फुसलाकर उसके साथ कई बारघ् दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है।

## अवैध शराब के खिलाफ चला अभियान

**कोडरमा।** पुलिस ने होली के पूर्व अवैध शराब के खिलाफ थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में अभियान चलाकर शराब की कई भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। अभियान के दौरान कोडरमा थाना क्षेत्र के डुमरियाटांड़ जंगल में शराब की चार भट्ठियों को ध्वस्त किया। साथ ही शराब बनाने के उपकरण को भी नष्ट किया गया। वहीं छोटकीबागी में संचालित कई शराब की भट्ठियों को तोड़ा गया, साथ ही पुलिस ने 10 क्विंटल जावा महुआ, शराब बनाने के विभिन्न उपकरणों को भी नष्ट कर दिया। हालांकि अभियान की भनक लगते ही अवैध शराब के कारोबारी फरार होने में सफल रहे। वहीं उत्पाद अधीक्षक सुजीत कुमार ने बताया कि राजू सिंह एवं प्रभु सिंह का नाम सामने आया है, जिसकी जांच की जा रही है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा, पकड़े जाने पर आरोपियों के खिलाफ विधि सम्वत कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसआई ओमप्रकाश, पुलिस के जवान और वन कर्मी मौजूद थे।

## महिला क्रिकेटर रातों रात डब्ल्यूपीएल से बाहर

**मुंबई।** वीमेंस प्रीमियर लीग 2023 की शुरूआत हो चुकी है। सीजन का पहला मैच गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच खेला जा रहा है। सीजन के शुरूआती मैच से पहले एक बेहतरीन रंगारंग ओपनिंग सेरेमनी हुआ आयोजन हुआ, जिसमें कियारा आडवाणी, कृति सेनन और एपी ढिल्लोंन जैसे कलाकारों ने अपनी परफॉर्मेंस दी। हालांकि मैच से पहले एक बड़ा बवाल खड़ा हो चुका है। दरअसल गुजरात जायंट्स की टीम ने वेस्टइंडीज की धाकड़ ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन को लेकर एक जानकारी दी कि वह टूनार्मेंट से बाहर हो चुकी हैं। हालांकि फ्रेंचाइजी के इसके पीछे का कारण चोट बताया है लेकिन मामला कुछ और नजर आ रहा है। दरअसल डिएंड्रा डॉटिन ने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर जानकारी दी है कि वह पूरी तरह से ठीक हैं। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, 'मेरे पास जो संदेश आ रहे हैं उसके लिए शुक्रिया, लेकिन सच्चाई ये है कि मैं भूत से उबर रही हूं।' इंस्टाग्राम स्टोरी पर उन्होंने कुछ ऐसा लिखा जिसकी वजह से मामला सीधा नजर नहीं आ रहा है।

## गाबा की चालबाजी भूल गये क्या

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर ने मौजूदा बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के लिए अब तक इस्तेमाल की गई तीनों पिचों की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह की पिच तैयार करने में कुछ हद तक ह्यचालबाजीह्व की गई है। भारत चार मैचों की सीरीज में 2–1 से आगे है और अहमदाबाद में एक टेस्ट मैच खेला जाना बाकी है। नागपुर और नई दिल्ली की पिचों को आईसीसी ने औसत रेटिंग दी जबकि मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड द्वारा इंदौर की पिच को खराब करार दिया गया। इस खराब रेटिंग से इंदौर को तीन डिमैरिट अंक भी मिले और ये अंक पांच साल की अवधि के लिए बने रहेंगे। भारतीय टीम दोनों पारियों में 109 और 163 रन के स्कोर पर सिमट गई थी जबकि ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 197 रन बनाए और फिर तीसरे दिन सुबह उसने 76 रन के लक्ष्य का पीछा कर जीत हासिल की।

# मुंबई इंडियंस की धमाकेदार शुरूआत, पहले 207 रन बनाये, फिर गुजरात को सिर्फ 64 पर समेट दिया

**एजेंसी**



**मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग के उद्घाटन मैच में मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस पर धमाकेदार जीत दर्ज की। कप्तान हरमनप्रीत कौर की तूफानी फिफ्टी (30 गेंद में 65 रन) के बूते मुंबई ने टॉस गंवाकर पांच विकेट पर 207 रन का विशाल स्कोर बनाया। बाद में गुजरात टाइटंस को सिर्फ 64 रन पर समेटते हुए 143 रन के विशाल अंतर से जीत का खाता खोला। इस मैच को देखकर 2008 में शुरू हुए आईपीएल के ओपनिंग मैच की याद आ गई, तब कोलकाता नाइटराइडर्स ने मेजबान रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोक के खिलाफ 222/3 रन बनाए थे और बैंगलोर को 82 रन पर ऑलआउट कर 140 रन से मैच जीता था। अनुभवी बैटर हरमनप्रीत कौर न सिर्फ भारत की कप्तान हैं बल्कि मुंबई की भी अगुवाई कर रहीं हैं। चौथे नंबर पर आते ही उन्होंने चौकों की झड़ी लगा दी। सिर्फ 30 गेंदों पर 65 रन की पारी खेली, जिसमें 14 चौके शामिल हैं। उनके अलावा हेली मैथ्यूज ने 31 गेंदों पर 47 और एमिलिया कर ने 24 गेंदों पर नाबाद 45 रन की उपयोगी पारियां खेली। हरमनप्रीत और कर ने चौथे विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी की। गुजरात की तरफ से ऑफ स्पिनर स्नेह राणा ने 43 रन देकर दो विकेट लिए।

### बैटर्स के बाद बोलर्स का जलवा

208 रन के पहाड़ सरीखे लक्ष्य के जवाब में गुजरात की शुरूआत खराब रही। दूसरी ही गेंद पर चोटिल होकर इन फॉर्म ऑस्ट्रेलियाई ओपनर और कप्तान बेथ मूनी रिटायर्ट-हर्ट हो गईं। इसके बाद तो आया-राम, गया-राम के तर्ज पर बल्लेबाजी हुई। हरलीन देओल, एश्ले गार्डनर, एनाबेल सदरलैंड कोई भी टिक नहीं पाया। 22 रन पर आधी टीम सिमट चुकी थी। छठे नंबर पर आईं दयालन हेमलता को छोड़कर कोई भी बैटर डबल डिजिट में नहीं पहुंच पाया।

### टॉस छोड़कर सब हारा गुजरात

गुजरात जायंट्स की कप्तान बेथ मूनी ने टॉस जीतकर मुंबई इंडियंस को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया, जिसकी शुरूआत बहुत अच्छी नहीं रही। उसने सलामी बल्लेबाज यास्तिका भाटिया (1) का विकेट जल्दी गंवा दिया। मुंबई अगर पावरप्ले में 44 रन बनाने में सफल रहा तो इसका श्रेय मैथ्यूज को जाता है, जिन्होंने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाते हुए 31 गेंद में 47 रन बनाए। नताली साइवर ब्रंट (18 गेंदों पर 23 रन) के साथ उन्होंने दूसरे विकेट के लिए 54 रन की पार्टनरशिप की। इन दोनों के आउट होने के बाद हरमनप्रीत और एमिलिया कर ने 89 रन की तेज साझेदारी की। आखिरी में पूजा वस्त्रकार ने भी बढ़िया शॉट्स लगाए।

## भारत दौरे पर पिचें खराब ही रही हैं : टेलर

इंदौर। उल्लेखनीय है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गये तीसरे टेस्ट के लिये इस्तेमाल की गयी इंदौर की पिच को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आइसीसी ने श्खराबश करार दिया था। इससे पहले आईसीसी ने नागपुर और दिल्ली में खेले गये टेस्ट मैचों में इस्तेमाल हुई पिचों को भी औसत की श्रेणी में रखा था।

### अमन राज ने जीता गुजरात ओपन, मिली 1 करोड़ पुरस्कार राशि

पटना के अमन राज ने शनिवार को यहां अंतिम दौर में एक ओवर 73 कार्ड के साथ कुल 11 अंडर 277 का स्कोर बनाया और गुजरात ओपन गोल्फ चैम्पियनशिप 2023 खिताब अपने नाम किया। सत्ताईस साल के अमन ;66 .68 .70 .73द्ध पहले दौर से ही लीडरबोर्ड पर पहले स्थान पर चल रहे थे और अंत में एक करोड़ पुरस्कार राशि के टूनार्मेंट के विजेता रहे। इस जीत से अमन पीजीटीआई रैंकिंग में 11वें से दूसरे स्थान पर पहुंच गये। उन्हें 15ए00ए000 रुपए की पुरस्कार राशि मिली। बेंगलुरू के आर्यन रूपा आनंद बतौर पेशेवर अपना दूसरा ही टूनार्मेंट खेल रहे हैंए वह 10 अंडर 278 के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर रहे जिससे वह पीजीटीआई मेरिट सूची में 23वें से छठे स्थान पर पहुंच गये। अंशुल पटेल ने आठ अंडर 280 के कुल स्कोर से फरीदाबाद के अभिनव लोहान के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

## पॉल और मिनौर में होगा खिताबी मुकाबला

**अकापुल्को।** टॉमी पॉल ने साढ़े तीन घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में हमवतन अमेरिकी और लंबे समय से अपने प्रतिद्वंद्वी टेलर फ्रिट्ज को 6 .3ए 6 .7 ;2 7 .6 ; से हराकर मैक्सिको ओपन टेनिस टूनार्मेंट के फाइनल में प्रवेश किया। ये दोनों खिलाड़ी 25 साल के हैं और किशोरावस्था से एक दूसरे का सामना करते रहे हैं। उनका पहला मुकाबला 2011 में अमेरिका की अंडर .14 राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हुआ था। सेमीफाइनल मैच में पॉल को फ्रिट्ज पर जीत दर्ज करने के लिए साढ़े तीन घंटे तक जूझना पड़ा। पॉल इस टूनार्मेंट के फाइनल में पहुंचने वाले तीसरे अमेरिकी खिलाड़ी हैं। फाइनल में उनका मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर से होगाए जिन्होंने डेनमार्क के हुल्गर रून को 3 .6ए 7 .5ए 6 .2 से हराया।

## इंडिया ओपन : जस्विन ने लंबी कूद का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जीता गोल्ड मेडल

**विजयनगर।** युवा प्रतिभावान एथलीट जस्विन एल्ड्रिन ने गुरुवार को पुरुषों की लंबी कूद का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित करते हुए इंडिया ओपन थ्रो एंड जम्प प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। जस्विन ने यहां आयोजित प्रतियोगिता में 8 :42 मीटर की छलांग लगाकर मुरली श्रीशंकर के 8 :36 मीटर के रिकॉड ´को तोड़ा। केरल के मुहम्मद यहिया ने 7–85 मीटर की छलांग लगाकर रजत जीताए जबकि ऋषभ ऋषिश्वर ने 7–77 मीटर की छलांग लगाकर कांस्य पदक अपने नाम किया। पहली छलांग से ही लय में नजर आए एल्ड्रिन ने 8०05 मीटर के प्रयास के साथ शुरूआत की। उन्होंने दूसरे प्रयास में 8०26 मीटर की छलांग लगायी और 8–42 मीटर की तीसरी छलांग के साथ राष्ट्रीय रिकॉड ´स्थापित करते हुए स्वर्ण हासिल किया। तमिलनाडु के 21 वर्षीय एथलीड जस्विन की अब तक की सर्वश्रेष्ठ कूद 8०26 मीटर की थी। उन्होंने पिछले साल फेडरेशन कप में 8–37 मीटर की छलांग भी लगायी थी मगर हवा की रफ्तार ज्यादा होने के कारण उस प्रयास को रद्द कर दिया गया था। इस बार हालांकि हवा की रफ्तार दो मीटरध्सेकंड से कम होने के कारण जस्विन के प्रयास को वैध माना गया।

### उपलब्धि के बारे में बोलते हुए एल्ड्रिन ने कहा

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने जस्विन को बधाई देते हुए ट्वीट कियाए शतमिलनाडु के जस्विन एल्ड्रिन ने दूसरी भारतीय ओपन जंप प्रतियोगिता में पुरुषों की लंबी कूद में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। जस्विन ने 8०42 मीटर की छलांग लगाकर मुरली श्रीशंकर के 8०36 मीटर के रिकॉड ´को तोड़ा। बधाई हो जसविन! इसी तरह आगे बढ़ते रहो!इससे पूर्वए महिलाओं की ऊंची कूद में आईआईसी की रुबीना यादव और अभिनय शेट्टी ने 1०74 मीटर की छलांग लगाकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

# यशस्वी जायसवाल का एक और धमाका, ईरानी कप में जड़ा तोबड़तोड़ शतक, लगा दी रिकॉर्ड्स की झड़ी

**एजेंसी**



**ग्वालियर।** मुंबई के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का बल्ला रन उगले ही जा रहा है। रेस्ट ऑफ इंडिया के लिए खेलते हुए यशस्वी ने ईरानी कप की पहली पारी में दोहरा शतक लगाया था। 259 गेंदों पर उन्होंने 213 रनों की तेज पारी खेली थी। इसमें 30 चौके और 3 छक्के शामिल थे। अब अपने ईरानी कप डेब्यू मुकाबले की दूसरी पारी में भी उन्होंने शतक ठोक दिया है। जहां एक तरफ सभी बल्लेबाज जूझ रहे थे, वहीं यशस्वी ने 104 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया।

### ईरानी कप में बना इतिहास

यशस्वी जायसवाल ईरानी कप के एक ही मैच में दोहरा शतक और शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले शिखर धवन और हनुमा विहारी ने दोनों पारियों में शतक लगाया था। लेकिन कोई दोहरा शतक और शतक नहीं लगा पाया था। इसके साथ ही 21 साल के यशस्वी एक ईरानी कप मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। पहले यह रिकॉर्ड शिखर धवन (332 रन) के नाम था। इससे पहले धवन के अलावा कोई भी बल्लेबाज 300 रनों के आंकड़े को नहीं छू पाया था।

### 11वें भारतीय खिलाड़ी बनें यशस्वी

जायसवाल एक ही मैच में प्रथम श्रेणी दोहरा शतक और शतक लगाने वाले 11वें भारतीय हैं। केएस दिलीप सिंह जी इंग्लैंड में काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स के लिए खेलते हुए 1929 में उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय थे। सुनील गावस्कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उपलब्धि दर्ज करने वाले एकमात्र भारतीय हैं। 1971 में सुनील गावस्कर ने वेस्टइंडीज के घर में जाकर ऐसा किया था।

### 15 मैचों में 9 शतक

यशस्वी जायसवाल का यह 15वां फर्स्ट क्लास मैच ही है और उनके बल्ले से 9 शतक निकल चुके हैं। 2019 में मुंबई के लिए यशस्वी ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था। 2020 अंडर-19 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड मिला था। 32 लिस्ट ए मैचों में उनके नाम 5 शतक है। इसमें 203 रनों की पारी भी शामिल है।

## रोहतक में मजदूर की हत्या

**रोहतक।** हरियाणा के रोहतक स्थित सैनिक कॉलोनी में 1 मार्च की सुबह लूट के इरादे से मजदूरों की हत्या करने वाले चारों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिन्होंने पुलिस पूछताछ में हत्या के पीछे लूट करने का इरादा बताया है। यह पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई थी। सिटी थाना प्रभारी ढरकराजू सिंधू ने बताया कि 1 मार्च को पुलिस को सूचना मिली की दो युवक घायल अवस्था में ढ्रक्षटर में दाखिल हुए हैं। पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। दोनों युवकों की पहचान सोनीपत के गांव बसाना हाल सूर्या नगर कॉलोनी निवासी शुभम व बिहार के जिला सिवान के गांव नबोगंज निवासी रणजीत के रूप में हुई।

## शेखपुरा में इंटर का परीक्षार्थी लापता

**शेखपुरा।** शेखपुरा जिले के बरबीघा शहर के प्रमुख स्वर्ण व्यवसायी राजेश डोकानिया के 17 वर्षीय पुत्र और इंटरमीडिएट का परीक्षार्थी मोहित डोकानिया से अपने घर से अचानक लापता हो गया। इस घटना के बाद परिवार वालों की चिंता बढ़ गई है और घर वालों का रोते–रोते बुरा हाल हो गया है। इस बाबत गायब किशोर के पिता और स्वर्ण व्यवसाई ने बताया कि उनके दो पुत्रों में मोहित छोटा पुत्र है। जो सीबीएसई की चल रही इंटर परीक्षा का परीक्षार्थी है। उन्होंने बताया कि इन दिनों उसकी परीक्षा शहर के संत मैरिज इंग्लिश स्कूल परीक्षा केंद्र पर चल रही है। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र शेखपुरा शहर के एस ए डी एन कॉन्वेंट स्कूल का छात्र था।

## सांप काटने से युवक की मौत

**नवादा।** नवादा जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के हरनारायण पुर गांव में एक युवक को विषैले सांप काट लेने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हर नारायणपुर गांव निवासी देवचरण यादव के 35 वर्षीय पुत्र दिलीप कुमार सांप पकड़ने का काम करता था। वहीं एक व्यक्ति के घर में सांप की जानकारी मिलते ही सपेरा पहुंचा और सांप निकालने की कोशिश करने लगा, जिसके बाद सांप डस लिया। स्थानीय लोगों के द्वारा सांप को पकड़कर एक जार में बंद कर दिया। वहीं सपेरे को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए नवादा रेफर कर दिया गया। मौत की खबर मिलते ही गांव में मातम छा गया। गौरतलब हो कि 1 दिन पूर्व बिजली करंट से एक युवक की मौत हो गई थी। वहीं थाना प्रभारी के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया गया है। हालांकि परिवार के लोगों के द्वारा विशेष जानकारी नहीं दी गई। सोशल मीडिया पर एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हुआ, जिसमें युवक के गले में सांप लटका था और उसी दौरान सांप काट लिया है। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिए हैं।

## शराब धंधेबाज को 10 साल की सजा

औरंगाबाद में एक शराब धंधेबाज को कोर्ट ने दस साल की सजा सुनायी है। वहीं पांच लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। उक्त फैसला औरंगाबाद सिविल कोर्ट के स्पेशल उत्पाद कोर्ट वन धनंजय कुमार सिंह ने रफीगंज थाना कांड संख्या 166/19 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए सुनाया है। दोषी अभियुक्त मिस्टर मियां रफीगंज थाना क्षेत्र के काजीचक गांव का रहने वाला है। स्पेशल पीपी अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि शराब व्यापारी को 8583 लीटर शराब रखने और व्यापार करने के अपराध में सजा सुनाई गई है। दस साल सश्रम कारावास की सजा और पांच लाख जुमार्ना लगाया गया है। जुमार्ना नहीं देने पर एक साल अतिरिक्त कारावास होगी। उत्पाद विभाग के विधि परामर्शी शेखर कुमार ने बताया कि अभियुक्त को रफीगंज थाना के काजीचक में किराया के मकान से शराब व्यापार करते हुए 10 जुलाई 2019 को रफीगंज में पुअनि नरेन्द्र कुमार ने गिरफ्तार किया था। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि वाद के निर्णय पर 24 फरवरी 2023 को अभियुक्त फरार हो गया था। नगर थाना पुलिस ने मोबाइल लोकेशन से जेल रोड से पकड़ कर न्यायालय लाया था।

# तमिलनाडु से जान बचाकर लौटे मजदूरों की कहानी
# दहशत में परिजन खुलकर बोल भी नहीं पा रहे

**एजेंसी**



**जमुई।** तमिलनाडु से बिहार लौटे मजदूरों की पिटाई की शिकायत आने के बाद बवाल मचा हुआ है। भाजपा ट्वीट करके विरोध जता रही है। बताया गया कि कम पैसों पर काम करने के कारण उन्हें वहां से भगाया जा रहा है। इसी बीच बिहार के सीएम नीतीश कुमार का ट्वीट आया कि उन्हें अखबारों से तमिलनाडु में बिहार के लोगों पर हमले की जानकारी मिली है। अधिकारियों को जांच करने के निर्देश दे दिए। शनिवार को चार लोगों की टीम जांच करने के लिए तमिलनाडु रवाना भी हो गई है। पटना बिहार का यही वो जिला है, जहां सबसे ज्यादा लोग तमिलनाडु से भागकर आए हैं। इनके 18 वर्षीय बेटे मोनू की संदिग्ध हालत में 8 दिन पहले तमिलनाडु में मौत हो गई। वह किराये के कमरे में रहता था। उसी कमरे में उसका शव लटका मिला था। इनके भाइयों का आरोप है कि उसे मार कर टांग दिया गया। घर के बाहर बैठी मां सोमा देवी बदहवास हैं। वे वहां पहुंचने वाले सभी लोगों से अपने बेटे को जिंदा करने की गुहार लगा रही है। उन्होंने कहा कि उनका जवान बेटा चला गया। एक बेटा सदमे में है और दूसरा बेटा वहां क्रिया-कर्म कर रहा है। इसकी वजह यह सामने आई कि एक बेटा तमिलनाडु में ही है, ऐसे में उन्हें डर है कि बयान दिया तो उसके साथ भी कोई अनहोनी हो सकती है।

### आंखों के सामने बिहारियों को पिटते देखा, मदद नहीं कर पाया

इसके बाद हम सिकंदरा से 12 किलोमीटर दूर धधौर गांव पहुंचे। यहां हमारी मुलाकात नीतीश पासवान और बिक्कू से हुई। वे भी सहमे हुए थे। एक दिन पहले ही वो भागकर यहां पहुंचे हैं। पिछले 8 सालों से तमिलनाडु के तिरुपुर में एक कपड़ा फैक्ट्री की गाड़ी चलाने वाले नीतीश कहते हैं, 'हमने अपनी आंखों से बिहारी भाइयों को सड़क पर पिटते देखा, लेकिन मदद तक नहीं कर पाए। मदद करता तो मैं भी मारा जाता। हिन्दी बोलता देख लोग पीटने लगते थे। वहां की महिलाएं भी हम लोगों को आकर धमका रही थीं।

### फैक्ट्री के मालिक बिहारियों को रोकने में लगे हैं

20 साल के बिक्कू ने बताया कि वो 4 साल से तमिलनाडु में साड़ी की फैक्ट्री में काम कर रहा था। कुछ दिनों से वहां के लोग उसे आकर कह रहे थे आप लोग चले जाइए, तब हम लोगों को काम मिलेगा। आप लोग रहेंगे तो परेशानी होगी। हालांकि फैक्ट्री के मालिक हमें रोक रहे थे, लेकिन कोई सुरक्षा नहीं दे रहे थे। प्रशासनिक अधिकारी भी बिहारियों को तमिलनाडु छोड़ने की हिदायत दे रहे धधौर के बाद हम वहां से 15 किलोमीटर की यात्रा कर बसबुट्टी गांव पहुंचे। यहां के लगभग 50 युवक दो दिन पहले तमिलनाडु से लौटे हैं। यहां हमारी मुलाकात शंभू राम, पंकज, कार्तिक और अमित से हुई। उन्होंने बताया कि अगर वे नहीं आते तो उनकी जान भी जा सकती थी। स्थानीय लोग रोज आकर उन्हें तमिलनाडु छोड़कर जाने के लिए कह रहे थे। यहां तक कि प्रशासनिक अधिकारी भी उनके इलाके में आकर कहते थे कि स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है, वे लोग चले जाएं नहीं तो वे उनकी कोई मदद नहीं कर पाएंगे। पंकज ने बताया कि सबसे ज्यादा हिंसा तिरुपुर इलाके में हो रही है। वहां के स्थानीय लोग कह रहे हैं कि हम लोगों के कारण उन्हें रोजगार नहीं मिल पा रहा है।

### मेरा बेटा एक हफ्ते से कमरे में कैद, उसे निकाल के लाना है

बसबुट्टी गांव में मिली जीना देवी ने बताया कि उनका बेटा राजीव कुमार एक साल से तिरुपुर की कपड़ा फैक्ट्री में काम कर रहा है। वह वहां हो रहीं हिंसक घटनाओं से बहुत डरा हुआ है। एक सप्ताह से कमरे में कैद है। वहां से लौटना चाहता है, लेकिन हिम्मत नहीं जुटा पा रहा। महिला सरकार से बेटे की वापसी कराने की गुहार लगा रही है।

### क्या है विवाद का मुख्य कारण

हमने तमिलनाडु से लौटे लगभग 50 से ज्यादा लोगों से बात की। सभी ने विवाद का एकमात्र कारण रोजगार को बताया। दरअसल, बिहारी मजदूर 600-800 रुपए में 10-12 घंटे काम करते हैं। जबकि स्थानीय मजदूर 1000-1200 रुपए में 6-8 घंटे ही काम करना चाहते हैं। तमिलनाडु के श्रमिक बिहारियों से भी ऐसा करने के लिए कहते हैं। बिहारी मजदूरों के विरोध में तमिलनाडु में महिला-पुरुष लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। वे सरकार से रोजगार की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि बिहारियों के कारण तमिल लोगों को नौकरी नहीं मिल रही है। महीनों से चल रहा इनका आंदोलन अब हिंसक हो गया है।

### कॉन्ट्रैक्टर ले जाते हैं बिहार से तमिलनाडु, वहां 1 लाख से ज्यादा बिहारी होने का दावा

श्रमिकों ने बताया कि तमिलनाडु में बिहार के लोगों की खूब डिमांड हैं। यहां से लोगों को वहां ले जाने के लिए कंपनी संचालक दलालों का सहारा लेते हैं। कई लोक-लुभावन वादे करते हैं। जाने, ठहरने सब कुछ का प्रबंध किया जाता है। एक गांव से अगर कुछ लोग चले जाते हैं तो फिर धीरे-धीरे दूसरे लोग भी जाने लगते हैं। श्रमिकों ने बताया कि बिहार के मजदूर तमिलनाडु में मुख्य रूप से कपड़ा और धागा फैक्ट्री में अलग-अलग काम करते हैं। इसके अलावा मार्बल मिस्त्री का काम करते हैं। बिहार के हर जिले के लोग वहां जाते हैं। बिहार के एक लाख से ज्यादा लोगों के वहां होने का दावा किया जा रहा है।

### चीफ सेक्रेटरी ने कहा-डिटेल मांगी है

बिहार के चीफ सेक्रेटरी आमिर सुबहानी से मामले को समझने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि उनकी बात तमिलनाडु के चीफ सेक्रेटरी से हुई है। मामले की डिटेल मांगी है। साथ ही बिहार के लोगों को सुरक्षा देने के लिए कहा है। सुबहानी ने बताया कि बिहार के डीजीपी ने तमिलनाडु के डीजीपी से बात कर पूरे मामले की जानकारी मांगी है। इधर, तमिलनाडु के डीजीपी ने पूरे मामले को भ्रामक, अफवाह और झूठा बताया है। उन्होंने तमिलनाडु पुलिस के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि वायरल वीडियो गलत है। तमिलनाडु में इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। यहां बिहारी पूरी तरह सुरक्षित हैं।

## पेज एक का शेष

### नियोजन नीति पर हंगामा...

उन्होंने यहां तक कहा कि सरकार का जवाब नहीं आता है, तो झारखंड के युवाओं के पक्ष में वे लोग होली मिलन समारोह का विरोध करेंगे। इसी क्रम में आजसू विधायक सुदेश महतो ने कहा कि यह ज्वलंत मुद्दा है। दो-तीन साल से इसी तरह से सरकार युवाओं को नियोजन नीति के नाम पर धोखा दे रही है। इस मामले पर सरकार का वक्तव्य आना चाहिए, अन्यथा विरोध जारी रहेगा। विपक्ष के हंगामे के कारण स्पीकर ने सदन की कार्यवाही 2 बजे दिन तक के लिए स्थगित कर दी।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने...

उन्होंने महामारी से निपटने में भारत की भूमिका पर ध्यान दिया और कहा, नये जीवन रक्षक उपकरणों का उत्पादन करने के अलावा, भारत उन्हें वितरित करने में भी उत्कृष्ट है। इसकी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली ने कोरोना टीकों की 2.2 बिलियन से अधिक खुराक वितरित की है। उन्होंने को-विन नामक एक ओपन-सोर्स प्लेटफॉर्म बनाया, जिसने लोगों को अरबों वैक्सीन अप्वाइंटमेंट शेड्यूल करने की अनुमति दी और उन लोगों के लिए डिजिटल सर्टिफिकेशन डिलीवर किया, जिन्हें टीका लगाया गया था। भारत के सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम का समर्थन करने के लिए अब इस मंच का विस्तार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि को-विन दुनिया के लिए एक मॉडल है और मैं इससे सहमत हूं। बिल गेट्स ने डिजिटल भुगतान में भारत की प्रगति की प्रशंसा की और कहा, महामारी के दौरान भारत 200 मिलियन महिलाओं सहित 300 मिलियन लोगों को आपातकालीन डिजिटल भुगतान स्थानांतरित करने में भी सक्षम था। यह केवल इसलिए संभव था, क्योंकि भारत ने डिजिटल आइडी सिस्टम (आधार कहा जाता है) में निवेश करके और डिजिटल बैंकिंग के लिए अभिनव प्लेटफॉर्म बनाकर वित्तीय समावेशन को प्राथमिकता दी है। यह याद दिलाता है कि वित्तीय समावेशन एक शानदार निवेश है। गेट्स 'डिस्पैच' भारत की उपलब्धियों, जैसे पीएम गतिशक्ति मास्टरप्लान, जी-20 प्रेसिडेंसी, शिक्षा, नवाचार, बीमारियों से लड़ने और बाजरा को आगे बढ़ाने के बारे में भी बात की है। गेट्स ने कहा, प्रधानमंत्री के साथ मेरी बातचीत ने मुझे स्वास्थ्य, विकास और जलवायु में भारत की प्रगति के बारे में पहले से कहीं अधिक आशावादी बना दिया है। देश दिखा रहा है कि जब हम नवाचार में निवेश करते हैं, तो क्या संभव है। मुझे उम्मीद है कि भारत इस प्रगति को जारी रखेगा और अपने नवाचारों को दुनिया के साथ साझा करेगा।

### होली से पहले...

राजधानी रांची के अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, लेकिन न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि हो सकती है। रांची का अधिकतम तापमान 6 मार्च को 32 डिग्री सेंटीग्रेड, 7 मार्च को 30 डिग्री और 8 मार्च को 31 डिग्री सेंटीग्रेड रहने का अनुमान है। राजधानी रांची का न्यूनतम तापमान 5 मार्च को 18 डिग्री और उसके बाद 6, 7 एवं 8 मार्च को 19 डिग्री सेंटीग्रेड रहने का अनुमान है। इसके बाद 9 मार्च को राजधानी रांची में आंशिक बादल छाये रहेंगे। मेघ गर्जन की भी संभावना है। 10 मार्च को भी आंशिक बादल और मेघ गर्जन की भविष्यवाणी मौसम केंद्र, रांची की ओर से की गयी है। पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा जिले में 7 मार्च को कहीं-कहीं आंशिक बादल छाये रहेंगे। वहीं, 7 एवं 8 मार्च को गढ़वा, पलामू, चतरा, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, गुमला, रांची, खूंटी, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम जिले में कुछ जगहों पर मेघ गर्जन के साथ हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना मौसम विभाग ने व्यक्त की है। जमशेदपुर व डालटनगंज का तापमान 36.4 डिग्री रहा : पिछले 24 घंटे के तापमान की बात करें, तो राज्य का अधिकतम तापमान 36 डिग्री के पार पहुंच गया है। जमशेदपुर और डालटनगंज का पारा 36.4 डिग्री तक पहुंच गया है।

# एसपी महिला कॉलेज की अव्वल छात्राएं हुईं सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** एसपी महिला कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 और 2 संयुक्त तत्वाधान में अर्तराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन को लेकर शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ रीना लकड़ा ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्या डॉ लकड़ा ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने और छात्राओं को हरेक कदम कर्मठता से उठाने का संकल्प ली। इस अवसर पर शिक्षक डॉ अविनाश ने पूर्व से लेकर वर्तमान तक महिलाओं की स्थिति पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर छात्राओं के बीच भाषण समेत विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें एनएसएस के छात्रा स्वंयसेविकाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग ली। निर्णायक मंडली में डॉ खुशबू एवं डॉ दिव्य पूजा रही। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान फरहीनजहान, द्वितीय स्थान अमिता हेम्ब्रम एवं तृतीय स्थान अल्बीना हेम्ब्रम रही। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ नमृता गौरव एवं डॉ महाश्वेता ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समाज में हो रही बुराईयों के प्रति छात्राओं को जागरूक होने के लिए प्रतिबद्ध किया। इस अवसर पर शिक्षकों में डॉ हनीफ डॉ ईश्वर मरांडी, प्रो ज्योतशना बा, प्रो जुगनू सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

### सांसद खेल महोत्सव का हुआ शुभारंभ

# खेल प्रतिभा के लिए झारखंड की भूमि बेहद उर्वर: अन्नपूर्णा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** झारखंड की भूमि खेल प्रतिभाओं के लिए हमेशा उर्वर रही है। विभिन्न खेलों में यहां के खिलाड़ियों ने देश-विदेश में झारखंड को गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री के निर्देश पर देश के ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभा को उभारकर मुख्य पटल पर लाने के उद्देश्य से ही विभिन्न संसदीय क्षेत्रों में सांसद खेल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। निःसंदेह इस प्रकार के आयोजन से बहुत सी खेल प्रतिभाएं उभर कर सामने आएंगी। जो न सिर्फ अपने गांव का, बल्कि अपने जिले, राज्य और विश्व पटल पर अपने देश का नाम गौरवान्वित करेंगे। उक्त बातें केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इंडोर स्टेडियम में तीन दिनों तक चलने वाले सांसद खेल महोत्सव के उद्घाटन के अवसर पर कही। सांसद सुनील सोरेन ने कहा कि प्रधानमंत्री के ओजपूर्ण नेतृत्व में देश चहुमुखी विकास कर रहा है। खेल के क्षेत्र में भी भारत विश्व पटल पर कामयाबी के नित नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई प्रतिभाएं मौजूद हैं। उचित मंच के अभाव में वह अपने प्रतिभा का उचित प्रदर्शन नहीं कर पाते। उन्हीं प्रतिभाओं को उचित मंच देने के लिए सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इससे पूर्व केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा ने इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन, कैरम, शतरंज, ताइक्वांडो, बास्केटबॉल, कराटे, टेबल टेनिस एवं पावरलिफ्टिंग खेल की विधिवत शुरूआत कराया। जबकि सांसद सुनील सोरेन ने गांधी मैदान में गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर विधिवत रूप से एथलेटिक्स और तीरंदाजी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया था। अवसर पर राज्यसभा के पूर्व सांसद अभय कांत सिन्हा, पूर्व विधायक देवेंद्र कुंवर, जिप उपाध्यक्ष सुधीर मंडल, जिप पूर्व अध्यक्ष अमिता रक्षित, सांसद प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह मुन्ना, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा आदि ने खिलाड़ियों को बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी।



खेल का शुभारंभ करते केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री व सांसद

# एसकेएमयू प्रशासन ने यूजी और पीजी में सीयूईटी में पंजीयन को लेकर सरकार से सभी जिले में मांगा एक-एक टेस्ट सेंटर

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का कॉमन यूर्निसिटी इंट्रेंश टेस्ट को सत्र 2023-24 से ही लागू करने को लेकर डायरेक्ट हायर एजुकेशन से बार-बार निर्देश आ रहा था कि विश्वविद्यालय प्रबंधन अपना पंजीयन करा ले। हायर एजुकेशन के निदेर्शानुसार सीयूईटी के पोर्टल में विश्वविद्यालय पंजीयन कराने में डायरेक्ट एसकेएमयू के छात्रों के सामने दो दिक्कतें सामने आ रही है। यूजी और पीजी में नामांकन को लेकर सीयूईटी का पोर्टम में पंजीयन होती है तो उसका असर दो बिन्दूओं पर पड़ता है। अगर छात्र तैयार भी हो जाये तो कई छात्र वंचित हो जा सकते है। इसकी जानकारी प्रेसवार्ता कर कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज ने की। उन्होंने कहा कि चुकी संताल परगना में केवल दो टेस्ट सेंटर है। जो देवघर और दुमका में है। जिसमें एनटीए के द्वारा नीट और जेई के परीक्षा हुए है। विश्वविद्यालय में 55 हजार से अधिक आवेदन यूजी स्तर के नामांकन को लेकर होता है। जिसमें नामांकन 40 हजार से कम ही नामांकन होता है। कुलपति ने बताया कि सीयूईटी के इंट्रेश टेस्ट के लिए इतनी बड़ी तादाद में अधिक टेस्ट सेंटर नहीं होने के स्थिति में संताल परगना के छात्रों को उच्च शिक्षा में बाधक साबित हो सकती है। इस बावत बीते शुक्रवार को विश्वविद्यालय प्रशासन की प्राचार्यो एवं विभागाध्यक्ष संग बैठक आयोजित हुई। जिसमें छात्रहित में कई चचाएं हुई। जिसमें युवा पीढ़ी किस प्रकार तकनीकी को जल्द ग्रहण करते है। लेकिन उनके प्रतिभा के मद्दे नजर सीयूईटी को पूरी तरह से एडॉप्ट कर उन्हीं के द्वारा सत्र 2023-24 का दाखिला होगा तो हमारे जीईआर पर भी इसका असर पड़ सकता है। कुलपति ने सरकार से आग्रह किया कि सभी जिले में एक-एक टेंस्ट सेंटर होना अनिवार्य है। छात्राओं के आवेदन के आधार पर भी एक से अधिक टेस्ट सेंटर भी हो सकता है। युवाओं को आकांक्षाओं और क्षमता के अनुसार निर्णय लिया गया कि इसकी एमयू यूजी और पीजी नामांकन 2023-24 के लिए सीयूईटी पोर्टल में पंजीकृत हो जाये। उच्च शिक्षा द्वारा निर्देश दिया गया कि आवेदक अपनी सारी जानकारी जो चांसलर पोर्टल में पहले भी देते थे, वह अपनी सारी स्कोर्र सीयूईटी में भी डाल सकते है। सीयूटी में भाग ले सकते है, वैसे छात्रों के पहला विंडो हो सकता है। बिना सीयूईटी के स्कोर के भी आवेदन चांसलर पोर्टल से किया जा सके। जिससे सीयूईटी के परीक्षा लिखने से वंचित छात्र के लिए एक विकल्प के रूप में हो। कुलपति ने कहा कि सरकार से फंड को लेकर भी आग्रह किया गया। जिससे कम्प्यूटर सेंटर और लैब या लौगवेज लैब, बीसीए लैब को अपग्रेड करके ऑनलाईन परीक्षा से संबंधित साफ्टवेयर अपग्रेड करते हुए ऐसे प्रोफेसनल को शामिल किया जाये। जो पीजी के सीयूईटी में भाग लेने के टेंज्ड हो जाये। हर कॉलेज के आस-पास के स्कूल के आवेदक प्रशिक्षण ले सके और विश्वविद्यालय उन्हें ट्रेंड कर सके। कुलपति ने कहा कि जैक कर्मी से आग्रह है कि पंजीयन का 12 मार्च तक में यूजी और पीजी के आवेदक पंजीयन हो जाये। डीएचटी, जैक काउंसिल और जिला प्रशासन की जिम्मेवारी होगी कि सीयूईटी के प्रोग्राम का प्रचार-प्रसार कर सके। जिससे छात्रा जागरूक हो सके और तैयारी भी ससमय पूरा कर सके।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**कोडरमा।** ग्रिजली कलेज अफ एजुकेशन के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का शनिवार को समापन हो गया। कार्यक्रम का प्रथम सत्र राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत के साथ प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास किया गया। तत्पश्चात सभी स्वयंसेवकों द्वारा गौशाला में स्वच्छता एवं सभी गौ माता को रोटी खिलाई गयी। इस दौरान स्वयंसेवक वकील कुमार सिंह द्वारा गौ माता के लिए एक मार्मिक कविता सुनाकर सभी स्वयंसेवकों को गौ सेवा के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के एमएड निदेशक ड विनोद रंजन ने दीप प्रज्वलन कर एवं मां सरस्वती के मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को महाविद्यालय की उपनिदेशिका का ड संजीता कुमारी ने पौधा भेंट किया। कार्यक्रम में स्वयंसेवक श्रुति, आरती एवं श्वेता सिंह ने स्वागत गीत से मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इसके पश्चात कार्यक्रम पदाधिकारी सौरभ शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ड बीसी स्वेन ने सभी को संबोधित कर कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना आज के नवयुवकों को समाज सेवा के लिए आगे लेकर आती है। उन्होंने कहा कि सेवा की कोई सीमा नहीं होती है। सभी को निःस्वार्थ होकर समाज सेवा करनी चाहिए। कार्यक्रम में स्वयंसेवक विक्रम कुमार दांगी, राहुल कुमार यादव, प्रदीप कुमार, संदीप कुमार एवं वकील कुमार सिंह ने सात दिवसीय विशेष शिविर का पीपीटी माध्यम से रिपोर्ट प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में वकील कुमार सिंह द्वारा गीत गायन किया गया। मौके पर उपस्थित गोद लिए गांव की महिलाओं ने अपने अनुभव सभी के बीच साझा किए एवं कैंप के प्रति अपनी खुशी जाहिर की। वहीं महाविद्यालय के निदेशक द्वय मनीष कुमार कपसिमे एवं अविनाश कुमार सेठ द्वारा मुख्य अतिथि को शल एवं ड संजीता एवं बचपन की प्रधानाचार्य नीरजा के द्वारा स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

## निर्माणाधीन मकान की खिड़की से लटका मिला युवक का शव

**जामा।** जिले के जामा थाना क्षेत्र के दुमका-भागलपुर मुख्य मार्ग स्थित कटनिया गांव से शनिवार को अज्ञात युवक का शव निमार्णाधीन मकान से पुलिस बरामद की। शव गांव के प्रदीप कुंवर के निमार्णाधीन मकान के खिड़की के चैखट से लटका मिला। सूचना पर थाना प्रभारी जितेंद्र साहू पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच खिड़की से उतरवाकर पुलिस शव को कब्जे में ली। शव का पंचनामा कराकर पुलिस पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल,दुमका भेजी। शव की पहचान जामा थाना क्षेत्र के दलदली गांव निवासी नीरज कुमार जायसवाल है। मामले में थाना प्रभारी ने बताया कि थाना क्षेत्र के दलदली गांव निवासी 35 वर्षीय नीरज कुमार जायसवाल के रूप में हुई। पुलिस मृतक के भतीजे के बयान पर यूडी केस दर्ज कर छानबीन में जुट गई है।

## होली एवं शब-ए-बारात पर्व को लेकर विभिन्न थानों में शांति समिति की बैठक संपन्न



मुफस्सिल थाना व शिकारीपाड़ा थाना में रंग-गुलाल लगा शांति समिति की बैठक में करते समिति सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

दुमका। होली एवं शबे बरात पर्व को मनाने को लेकर शनिवार को जिले के विभिन्न थाना परिसर में शांति समिति की बैठक शनिवार को आयोजित हुई। जिले के मुफस्सिल थाना परिसर एसडीएम कौशल कुमार के नेतृत्व में आयोजित हुई। जिसमें सीओ यमुना रविदास एवं इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी नितीष कुमार उपस्थित थे। शांतिपूर्ण महौल में होली और शबे बारात मनाने को लेकर भेदभावो को भुलाकर भाईचारागी से पर्व मनाने का अपील किया। थाना प्रभारी ने बताया कि होली में हुडदुंग मचाने वाले असमाजिक तत्वों पर प्रशासन ने की पैनी नजर होगी। क्षेत्र में असमाजिक गति विधियां की जानकारी देने का समिति सदस्यों से अपील किया। जिससे समय रहते असमाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई किया जा सके। बैठक में तेज गति से बाईक, अश्लील गाने और डीजे को प्रतिबंधित बताया। इस अवसर पर समिति सदस्यों में प्रदीप्तो मुखर्जी, मनोज घोष आदि उपस्थित थे। शिकारीपाड़ा। थाना परिसर में आज शनिवार को पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी संजय सुमन की अध्यक्षता में होली एवं शबे बरात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के सभी समुदाय के लोगों ने भाग लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व एसपी कॉलेज में महिलाओं की वर्तमान स्थिति पर परिचर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर हर वर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। एसपी कॉलज में शिक्षक कक्ष में महिला दिवस के पूर्व परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित हुई। चूंकि होली के त्योहार की छुट्टियों के बीच ही यह दिवस आएगा। जिसके कारण कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में इतिहास विभाग के शिक्षक डॉ संजीव कुमार ने आज के समाज में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी में लगातार हो रही वृद्धि पर खुशी जाहिर करते हुए महिलाओं को पुरुषों के समान ही महत्ता मिलने की बात कही। प्रो होलिका मरांडी ने कहा की महिलाओं को सम्मान देने की शुरूआत हमें अपने घरों से करना चाहिए। प्राचार्य ने कहा कि महिलाओं के विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान एवं उपलब्धियों को पहचान दिलाने के लिए यह दिवस हर वर्ष मनाया जाता है। इस बात को नकारा नहीं जा सकता कि समाज में महिलाओं का योगदान पुरुषों के बराबर रहा है। बल्कि वह पुरुषों से भी आगे निकल गई हैं। शिक्षा के क्षेत्र से लेकर हेल्थ सेक्टर और ऐसे ही कई क्षेत्रों में जिसकी कल्पना पहले की सामाजिक स्थिति में करना नामुमकिन था। उन सभी क्षेत्रों में महिलाओं का विशेष योगदान रहा है। लेकिन आज भी समाज में कुछ ऐसे लोग हैं। जिन्हें महिलाएं सिर्फ घर की चारदीवारी में ही अच्छी लगती हैं। कार्यक्रम का संचालन कर रहे कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कुमार सौरभ ने कहा कि आज भी कई लोग नहीं जानते कि महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है। भारत में फैली हुई कई ऐसी प्रथाएं हैं। जो महिलाओं के मूलभूत अधिकारों का हनन करती है। हर धर्म में यह देखा गया है कि महिलाओं को वह सम्मान नहीं प्राप्त हुआ है। जिनकी वह हकदार रही हैं।



बैठक को संबोधित करते प्राचार्य

# समाज को प्रकृति के करीब आने की जरूरत: मधु कोड़ा

## मागे पोरोब पर जमकर थिरके पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा और सांसद गीता कोड़ा

### पैतृक आवास पाताहातु में आयोजित हुआ मागे मिलन समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा और कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सह सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा के जगन्नाथपुर के पैतृक गांव पाताहातु स्थित आवास में शनिवार को मागे पोरोब पर मिलन समारोह का आयोजन हुआ। मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग और समर्थक शामिल हुए औ? पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद को मागे पोरोब की शुभकामना दी। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने ग्रामीणों के साथ मांदर बजाते हुए सामूहिक पारंपरिक नृत्य किया। वहीं सांसद गीता कोड़ा भी महिलाओं के साथ नृत्य में शामिल हुईं। मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा और सांसद गीता कोड़ा ने पत्रकारों से बात करते हुए राज्य के लोगों को मागे पोरोब की शुभकामना दी। दोनों ने कहा कि मागे पर्व के मौके पर हम प्रकृति की पूजा करते हैं। हम सभी लोगों को प्रकृति का संरक्षण करना चाहिये। मधु कोड़ा ने कहा कि समाज को आज प्रकृति के करीब आने की जरूरत है। प्रकृति से दूर होने से विनाश देखने को मिलता हैं। मालूम हो कि कोड़ा दंपत्ति के आवास में प्रत्येक वर्ष मागे पोरोब का आयोजन होता है। जहां राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के लोग बड़ी संख्या में शामिल होते हैं।



## एक नजर में

### जेवियर इंस्टीटूट ऑफ सोशल साइंस रांची के मैनेजमेंट प्रोग्राम के छात्रों ने किया घाघरा का दौरा

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के चट्टी गाँव में जेवियर इंस्टीटूट ऑफ सोशल साइंस रांची के मैनेजमेंट प्रोग्राम के फर्स्ट इयर के 30 छात्रों ने प्रदान संस्था के सदस्यों के मार्गदर्शन में वूमेन फार्मर प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड के द्वारा संचालित कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान छात्र ग्रामीण इकोसिस्टम, कृषि उद्यमी एवं फसलों का उत्पादन जैसे तरबूज,मटर,प्याज की खेती, आम बागवानी और बाजार व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान प्रदान के जीतेन्द्र कुमार ने गाँव में चल रहे सोलर सिंचाई योजना के बारे में अवगत कराया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को ग्रामीण इकोनोमी के बारे में बताना और एफपीओ के माध्यम से हो रहे बाजार व्यवस्था को समझना था। क्षेत्रीय भ्रमण में मुख्य रूप से अभिषेक, मानवेन्द्र, स्वेता, दीक्षा, पियूष, अशविनी, राचेल, मायरा, साक्षी आदि शामिल थे।

### एकलव्य मॉडल विद्यालय निर्माण में आने वाली समस्याओं की उपायुक्त ने की समीक्षा

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में समेकित जनजाति विकास अधिकरण अंतर्गत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना के संबंध में बैठक का आयोजन उपायुक्त सभाकक्ष में किया गया। जिले के बसिया प्रखंड के अलावा सभी 11 प्रखंडों में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के निर्माण करने हेतु प्रस्ताव पारित है। रायडीह ,विशुनपुर एवं पालकोट के अलावा बाकी सभी प्रखंडों में एकलव्य विद्यालय बनाने का कार्य प्रारंभ है। जिले के रायडीह प्रखंड अंतर्गत सिलम , विशुनपुर अंतर्गत निरासी एवं पालकोट अंतर्गत बंगरू में एकलव्य विद्यालय बनाए जाने हैं। भूमि संबंधित विवादों के कारण कार्य स्थगित है। उपायुक्त ने सभी विवादों को सुनते हुए 14 मार्च से पूर्व सभी भूमि संबंधित विवादों का निवारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी को सभी संबंधित एजेंसियों के साथ बैठक करते हुए विवादित समस्याओं का निवारण करते हुए विद्यालय निर्माण का कार्य प्रारंभ करने को कहा। इस दौरान अपर समाहर्ता गुमला, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### पैरा थ्रो बॉल में गोल्ड मेडल जीत कर लौटी असुंता टोप्पो का गांव में भव्य स्वागत

**चैनपुर।** नेपाल के काठमांडु में आयोजित पैरा थ्रो बाल प्रतियोगिता में भारत की ओर से बेहतर प्रदर्शन करते हूए गोल्ड मेडल हासिल कर अपने गांव छतरपुर पंहुची असुंता टोप्पो का ग्रामीणों ने भव्य रूप से स्वागत किया। चैनपुर के कार्यपालक दंडाधिकारी सुनील खाखा ने गुमला से असुंता टोप्पो को अपने साथ लेकर छतरपुर गांव पहुंचे। जहां चैनपुर अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने गिफ्ट एवं प्रोत्साहन राशि देकर असुंता टोप्पो को सम्मानित किया। वहीं गांव के लोगों के द्वारा पारंपरिक तरीके से उसका स्वागत करते हुए उनके घर तक पहुंचे। जहां सभी लोगो ने असुंता को भारत के लिए गोल्ड मेडल जीतने पर बधाई दी। मौके पर असुंता टोप्पो ने बताया कि मैं एकवह एक दिव्यांग होकर भी इतनी ऊपर तक जा सकती हूँ। आप सब खिलाड़ियों से आग्रह होगा कि आप अपने लक्ष्य पर ध्यान दें। जीवन में कठिनायों से घबराना नहीं है। बल्कि उसका डट कर मुकाबला करते हुए आगे बढ़ना है और अपना भविष्य उज्वल बनाना है। वही अंचलाधिकारी गौतम कुमार ने कहा कि असुंता की सफलता हम सभी के लिए प्रेरणादायी है और आज गर्व करने का समय है की हमारी गांव की बेटी इतने बड़े मुकाम पर खड़ी है। यह सिर्फ चैनपुर व गुमला ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड के लिए भी गर्व की बात है। असुंता टोप्पो एक उदाहरण बन कर उभरी है।

### डोमचांच पुलिस ने छापेमारी कर जुआ खेलते 22 जुवाड़ियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कालीमंडा स्थित एक घर में बीती रात डोमचांच पुलिस ने छापेमारी कर जुआ खेलते 22 जुवाड़ियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी अब्दुल्ला खां ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कालीमंडा स्थित एक घर में कई लोग सामूहिक रूप से जुआ का अड्डा चला रहे हैं। सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी दल का गठन कर उक्त स्थल पर छापेमारी कर रंगे हाथों 22 जुआड़ियों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें सुनील कुमार पिता ष्णा साव, बबलू कुमार पिता लखन ठाकुर, विकास कुमार पिता शंकर साव, सुनील कुमार पिता गोविंद साव, आकाश कुमार पिता रामचंद्र साव, अजय कुमार यादव पिता छोटन यादव सभी माथाडीह निवासी, सुमन कुमार मेहता पिता महादेव मेहता, राजेश मेहता पिता सदानंद मेहता, नेतलाल कुमार मेहता पिता स्व नीलकंठ मेहता, शिबू मेहता पिता जगदीश मेहता, श्याम मेहता पिता गोपाल मेहता, नीरज कुमार सिंह पिता प्रकाश सिंह सभी कालीमंडा निवासी, अनिल कुमार पिता शंभू राम, देवानंद मेहता पिता अंबिका मेहता दोनों तेतरियाडीह निवासी, बबलू ठाकुर पिता लखन ठाकुर बंगाईकला निवासी, पप्पू कुमार मेहता पिता छोटी मेहता, बबलू कुमार पिता रामष्ण यादव दोनों जेरुआडीह निवासी, अरुण कुमार पिता मुन्नीलाल साव, विकास कुमार पिता राजेंद्र प्रसाद दोनों बाजार रोड निवासी, सूरज कुमार पिता महेश मेहता नावाडीह निवासी, रंजीत कुमार मेहता पिता लक्ष्मण मेहता महेशपुर निवासी, दिलीप मेहता पिता परमेश्वर मेहता मंझलीटांड निवासी को गिरफ्तार किया गया। वहीं मौके से नकद एक लाख नौ हजार 10 रुपए, तास की गड्डी के साथ 17 एंड्राइड व 4 कीपैड मोबाइल को बरामद किया गया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खां, एसआई सीडी सिंह, एएसआई नीरज कुमार, सोहेल आलम सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### होली व शब-ए-बारात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन

**डोमचांच (कोडरमा)।** थाना परिसर में शनिवार को होली व शब–ए–बारात के पर्व को शांति व सौहार्द्य तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडीओ उदय कुमार सिन्हा, सीओ मां देवप्रिया, थाना प्रभारी अब्दुल्ला खां ने किया। इस दौरान दोनों समुदायों के गणमान्य लोग मौजूद थे। उपस्थित दोनो समुदायों से पर्व को सौहार्द्य वातावरण में मनाने को लेकर विचार लिया गया। बैठक में डीजे पर अश्लील गानों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। चौक चौराहों और थाना क्षेत्र में प्रशासन की पैनी नजर रखने की भी बात रखी गई। बैठक में सीओ मां देवप्रिया ने पर्व को लेकर शांति व्यवस्था और सामजिक समरसता बनाए रखने की अपील की। साथ ही सरकारी गाइडलाइन का पालन करते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में होली व शब–ए–बारात मनाने की अपील की। वहीं थाना प्रभारी अब्दुल्ला खां ने कहा कि क्षेत्रवासी किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। इसके अलावा कोई भी असामाजिक तत्व त्योहार में खलल डालने की कोशिश करता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि होली में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

### मेडिकल कलेज निर्माण कंपनी को स्थल से 7 दिनों में सामान समेटने का निर्देश

**कोडरमा।** झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड की परियोजना कार्यान्वयन इकाई ने निर्माण कंपनी सिंप्लेक्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को करमा मेडिकल कलेज निर्माण स्थल पर निर्माण सामग्रियों को 7 दिनों के अंदर हटाने का निर्देश दिया है। कार्यान्वयन इकाई के प्रबंधक सह कार्यपालक अभियंता ने निर्माण कंपनी को निर्देशित करते हुए कहा कि आपके तथा आपके उप संवेदकों के विवाद के कारण विधि व्यवस्था की समस्या खड़ी हो रही है। जबकि पूर्व में निर्माण निगम कंपनी रांची के कार्यपालक निदेशक ने 1 दिसंबर 2022 को ही मेडिकल कलेज निर्माण कार्य से बर्खास्त प्रतिवेदन देकर कार्यस्थल से उपस्कर, वाहन, बैचिंग प्लांट व अन्य सामग्रियों को हटाने का निर्देश दिया था। कार्यपालक अभियंता ने कहा है कि निर्देश के बावजूद कार्य स्थल से निर्माण समाग्रियों को नहीं हटाई गई है। निर्माण कंपनी को 7 दिनो के अंदर सामग्रियों को हटाने का निर्देश देते हुए कहा गया है कि निर्देशों के अनुपालन नहीं होने की स्थिति में कंपनी के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जा सकती है।